CMYK

अधिकतम :35°C
न्यूनतम: 22°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

हल्द्वानी, शुक्रवार 24 अप्रैल 2026 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 237 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | बैसाख शुक्ल पक्ष 7 विक्रमी सम्वत् 2083 | 5 जिलकदा 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

UPES UNIVERSITY OF TOMORROW
India's AI-FIRST University
Transdisciplinary and Experiential Pedagogy
Eminent faculty from IITs, IIMs, and Ivy League
Economists, CEOs, Diplomats, and Thought Leaders in the Classroom
BA (HONS.) ADMISSIONS 2026
BA (Hons.) Diplomacy and Foreign Policy
BA (Hons.) Governance and Public Administration
BA (Hons.) Environmental and Sustainability Studies
Upto 25% FEE WAIVER for Uttarakhand Domicile Students*
Upto 30% SCHOLARSHIP for Girl Students*
SCAN TO APPLY
LAST DATE TO APPLY - APRIL 29, 2026
*T&C Apply
For more details visit upes.ac.in or call Toll Free 0&0 68460685 (10 am to 7 pm)

## संक्षिप्त समाचार

### हावड़ा में पीएम का रोड-शो, भवानीपुर में ममता की पदयात्रा

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में गुरुवार को एक तरफ 152 सीटों पर वोटिंग हुई, वहीं 142 सीटों पर चुनाव प्रचार चलता रहा। पीएम मोदी ने कृष्णानगर और मथुरापुर में जनसभा की और हावड़ा में रोड शो किया। उन्होंने कहा कि जनता ने तय कर दिया है कि 4 मई को परिणाम नहीं, परिवर्तन आएगा। टीएमसी हारेगी और भाजपा का भरोसा जीतेगा। अब का मतदान सभी पुराने रिकॉर्ड तोड़ रहा है। मैं यहां परिवर्तन की आंधी देख रहा हूं। उन्होंने आगे कहा कि बंगाल की धरती मां दुर्गा को पूजती है, लेकिन टीएमसी ने महिला आरक्षण के खिलाफ वोटिंग की। टीएमसी की सरकार में गुंडों और बलात्कारियों को खुला संरक्षण मिला हुआ है। बंगाल की बेटियां ये अत्याचार कभी नहीं भूल सकतीं। वहीं, प्रधानमंत्री की रैली के बाद टीएमसी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर कहा कि न आए हो, न आओगे। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पश्चिम बंगाल के भवानीपुर में रोड शो कर रही हैं। ममता वहीं से विधायक हैं। 29 अप्रैल को दूसरे चरण में वहां वोटिंग होनी है।

### व्हाट्सएप यूनिवर्सिटी से ज्ञान नहीं चाहिए: कोर्ट

**नई दिल्ली।** केरलम के सबरीमाला मंदिर सहित धार्मिक स्थलों में महिलाओं के साथ होने वाले भेदभाव से जुड़ी याचिकाओं पर गुरुवार को भी सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान जस्टिस बीवी नागरत्ना ने कहा कि व्हाट्सएप यूनिवर्सिटी से मिली जानकारी को स्वीकार नहीं किया जा सकता। जस्टिस नागरत्ना ने यह टिप्पणी दाउदी बोहरा समुदाय की ओर से पेश हुए सीनियर एडवोकेट नीरज किशन कौल की दलील के जवाब में की थी। कौल ने कहा था कि ज्ञान और समझ, चाहे वह किसी भी सोर्स से मिला हो, उसे स्वीकार करने में कोई बुराई नहीं है। कौल एक अखबार में कांग्रेस सांसद डा. शशि थरूर के लिखे लेख का हवाला दे रहे थे।

### अमित जोगी को अंतरिम राहत, उम्रकैद पर लगी रोक

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी के बेटे अमित जोगी को अंतरिम राहत दी है। 2003 के एनसीपी नेता राम अवतार जग्गी हत्याकांड में उनकी उम्रकैद और सरेंडर करने के आदेश पर रोक लगा दी है। हाईकोर्ट ने उन्हें उम्रकैद की सजा सुनाई थी। इसी फैसले को उसने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी।

### ओडिशा में गर्मी के चलते दोपहर में जनगणना रोकी गई

**नई दिल्ली।** देश के आधे से ज्यादा राज्यों में हीटवेव जारी है। बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, ओडिशा, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र के कई शहरों में पारा 40 डिग्री से 45 डिग्री के बीच बना हुआ है। महाराष्ट्र का वर्धा और ओडिशा का झारसुगुड़ा बुधवार को 44.6 डिग्री तापमान के साथ देश का सबसे गर्म शहर रहा। वहीं देश के 16 शहरों में पारा 43 डिग्री से ज्यादा रिकॉर्ड किया गया। हीटवेव को देखते हुए ओडिशा सरकार ने दोपहर के समय जनगणना प्रक्रिया पर रोक लगा दी है।

# प.बंगाल ने तोड़े मतदान के सभी रिकॉर्ड

## बंगाल में पहले चरण का मतदान 92% के पार, तमिलनाडु में भी 85% वोटिंग

कोलकाता/चेन्नई, वार्ता

**पश्चिम बंगाल** और तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में गुरुवार को बंपर वोटिंग हुई। बंगाल की 294 सीटों में से 152 सीटों पर पहले फेज में 92.54 प्रतिशत मतदान हुआ। वहीं, तमिलनाडु की सभी 234 सीटों पर रिकॉर्ड 85.13 फीसदी वोटिंग हुई। दोनों राज्यों के इतिहास में पहली बार सबसे ज्यादा वोटिंग हुई है।

ममता ने वोटिंग के बाद कहा कि बंगाल की जनता ने एसआईआर के विरोध में बंपर वोटिंग की है। इससे पहले असम, केरलम और पुडुचेरी में भी 9 अप्रैल को रिकॉर्ड वोटिंग हुई थी। असम के इतिहास में सबसे ज्यादा 85.91फीसदी, पुडुचेरी में 90 प्रतिशत और केरलम में 1987 के बाद सबसे ज्यादा 78.27 प्रतिशत वोटिंग हुई थी। पश्चिम बंगाल के दक्षिण मिदनापुर में कुमारगंज सीट से भाजपा कैंडिडेट सुवेंदु सरकार को भीड़ ने दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। उनका सिक्योरिटी गार्ड उनके साथ था। इसके बावजूद भीड़ ने उन्हें खदेड़ दिया। पश्चिम बर्धमान जिले के बर्नपुर में आसनसोल साउथ सीट से भाजपा उम्मीदवार अग्निमित्रा पाल की कार पर हमला हुआ। इससे गाड़ी के पीछे का शीशा टूट गया। अग्निमित्रा ने बताया कि उनकी कार पर पत्थर फेंके गए। बीरभूम के बोधपुर गांव में ईवीएम खराब होने के बाद लोगों ने पुलिस और सेंट्रल फोर्स पर पथराव कर दिया। पुलिस की गाड़ी में तोड़फोड़ भी की। घटना में कई सुरक्षाकर्मी घायल हो गए। मुर्शिदाबाद के नौदा में हुमायूं कबीर के समर्थकों और टीएमसी कार्यकर्ताओं के बीच लाठी-डंडे चले। बंगाल में वोटिंग खत्म होने के बाद अमित शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक वीडियो शेयर किया है। हेलीकॉप्टर से रिकॉर्ड किए गए वीडियो में ढलता हुआ सूरज दिख रहा है। शाह ने कैप्शन में लिखा कि तृणमूल के भ्रष्टाचार और गुंडाराज का सूरज ढल चुका है। बीरभूम के बोधपुर गांव में लोगों पर सेंट्रल फोर्स पर हमला करने का आरोप है। यहां के पोलिंग बूथ पर ईवीएम खराब होने के बाद वोटर्स और पुलिस के बीच बहस हो गई। इसके बाद लोगों ने सेंट्रल फोर्स पर पथराव किया और पुलिस की गाड़ी में भी तोड़फोड़ की। घटना में सेंट्रल फोर्स के जवान गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए हॉस्पिटल ले जाया गया। पश्चिम बर्दवान जिले की कुल्टी विधानसभा में बूथ नंबर 245 में ईवीएम में खराबी के कारण करीब 2 घंटे तक वोटिंग प्रभावित रही।


चेन्नई। अभिनेता कमल हासन मतदानके बाद फोटो खिंचवाते हुए।

ममता बोलीं: एसआईआर के विरोध में हुई बंपर वोटिंग

कुमारगंज सीट से भाजपा कैंडिडेट सुवेंदु सरकार को भीड़ ने पीटा

तृणमूल के भ्रष्टाचार और गुंडाराज का सूरज ढल चुका: शाह

### हुमायूं कबीर की कार पर हमला, सिलीगुड़ी में भाजपा-टीएमसी कार्यकर्ता भिड़े

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में पहले फेज की वोटिंग के दौरान कई विधानसभा सीटों पर भाजपा-टीएमसी कार्यकर्ताओं के बीच हिंसा और मारपीट हुई। मुर्शिदाबाद जिले में आम जनता उन्नयन पार्टी (एजेयूपी) के चीफ हुमायूं कबीर और टीएमसी कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हुई।

इसके बाद आम जनता उन्नयन पार्टी के चीफ हुमायूं कबीर सुबह घटनास्थल पर पहुंचे तो उनका विरोध हुआ। इस दौरान टीएमसी कार्यकर्ताओं के साथ उनकी झड़प भी हुई। इसके बाद वे धरने पर बैठ गए। इस दौरान उनके समर्थकों और टीएमसी कार्यकर्ताओं के बीच मारपीट, पथराव हुआ। स्थिति संभालने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज किया। हुमायूं की कार पर पत्थरों और लाठियों से हमला किया गया। सिलीगुड़ी में भी वोटिंग के दौरान भाजपा और टीएमसी कार्यकर्ताओं के बीच भी झड़प हुई। सिलीगुड़ी के जगदीश चंद्र विद्यापीठ में बने बूथ पर वोटिंग हो रही थी। इसी दौरान बूथ के बाहर दोनों पार्टी के कार्यकर्ताओं के बीच किसी बात को लेकर बहस हो गई। विवाद बढ़ता देख सुरक्षाबलों ने दोनों पक्षों को शांत कराया। यहां से शंकर घोष भाजपा प्रत्याशी हैं। मालदा के एक बूथ पर ईवीएम खराब होने से हंगामा हो गया।

# ट्रम्प का यूटर्न अब भारत को बताया महान देश

वाशिंगटन, वार्ता

**अमेरिकी राष्ट्रपति** डोनाल्ड ट्रम्प अक्सर अपने बयानों के कारण चर्चा में रहते हैं, लेकिन इस बार मामला कुछ अलग है। महज 24 घंटे के भीतर ट्रम्प ने भारत को लेकर जो यूटर्न लिया है, उसने पूरी दुनिया के कूटनीतिक हलकों में हलचल पैदा कर दी है। जिस देश को कल तक उन्होंने 'नरक का द्वार' कहा था, आज उसी भारत को उन्होंने एक महान राष्ट्र बताया है। इतना ही नहीं, ये भी कहा कि शीर्ष पर मेरा सबसे अच्छा दोस्त है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म ट्रुथ सोशल पर एक रेडियो होस्ट माइकल सैवेज के पाडकास्ट का अंश साझा किया। इस पोस्ट में जन्मसिद्ध नागरिकता के कानून की आलोचना की गई थी। इस दौरान भारत और चीन जैसे देशों के लिए अत्यंत आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग किया गया। ये भी कहा गया था कि भारत और चीन के लोग अमेरिका में सिर्फ इसलिए आते हैं, ताकि उनके बच्चे वहां पैदा हों और उन्हें तुरंत अमेरिकी नागरिकता मिल जाए। हैरान करने वाली बात यह थी कि इस पोस्ट में भारत को 'हेल-होल' यानी नरक की संज्ञा दी गई थी। ट्रम्प के पत्र में दावा किया गया कि कैलिफोर्निया के तकनीकी क्षेत्र में भारतीयों का वर्चस्व है और वे अमेरिकी संसाधानों का दुरुपयोग कर रहे हैं। इस पोस्ट के बाद न केवल अमेरिका में रह रहे भारतीय समुदाय में रोष फैला, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी इसकी आलोचना हुई।

भारत को पहले कहा था नरक का द्वार

### ट्रम्प ने आर्मी के बाद नौसेना चीफ को बर्खास्त किया

**वाशिंगटन।** अमेरिका में रक्षा मंत्रालय (पेंटागन) के भीतर लगातार बड़े फैसले लिए जा रहे हैं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 2 अप्रैल को आर्मी चीफ रैंडी जार्ज को हटाया था। अब नौसेना प्रमुख जॉन फेलन को भी पद से बर्खास्त कर दिया है। इसके साथ ही परमाणु विभाग से जुड़े एक वरिष्ठ अधिकारी एंड्रयू हग को संवेदनशील जानकारी लीक करने के आरोप में सस्पेंड किया गया है, जो कथित तौर पर हनी ट्रैप में फंस गया था। यह पूरा घटनाक्रम ऐसे समय सामने आया है, जब अमेरिका, ईरान के साथ जंग में उलझा हुआ है।

### आईपैक रेड मामला: सुप्रीम कोर्ट बोला- ऐसी याचिकाएं सुनना खतरा

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार को लगातार दूसरे दिन आईपैक रेड मामले पर ईडी की याचिका पर सुनवाई हुई। ईडी अफसरों की तरफ से एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने दलीलें रखीं। उन्होंने कहा कि ईडी अफसरों के मौलिक अधिकारों का हनन हुआ है। ईडी ने कहा कि 'रूल ऑफ लॉ' समानता के मौलिक अधिकार का हिस्सा है। जब 'रूल ऑफ लॉ' का उल्लंघन होता है, तो एजेंसी और उसके अधिकारी व्यक्तिगत और आधिकारिक अनुच्छेद 32 के तहत सीधे सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटा सकते हैं। इस पर जस्टिस पीके मिश्रा और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच ने कहा कि अगर हम इस तरह की याचिकाएं सुनते रहे, तो खतरा है। यह कोर्ट अनुच्छेद 32 की याचिकाओं से भर जाएगा। क्या हमें इसे बढ़ावा देना चाहिए या खारिज करना चाहिए? ईडी ने कहा कि कोलकाता में ईडी अफसरों को रोका गया, बंधक बनाया गया। उनके खिलाफ व्यक्तिगत अपराध हुए हैं।

# सीतापुर की कशिश 10वीं व 12वीं में शिखा टॉपर

## यूपी बोर्ड का रिजल्ट घोषित, बेटियां फिर अव्वल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**प्रयागराज।** यूपी बोर्ड का रिजल्ट गुरुवार शाम 4 बजे जारी कर दिया गया। 12वीं में 80.38 प्रतिशत स्टूडेंट पास हुए हैं। इस बार भी लड़कियों ने बाजी मारी है। सीतापुर की शिखा वर्मा ने 97.60 प्रतिशत नंबरों के साथ यूपी टॉप किया है। सीतापुर की ही कशिश वर्मा ने 10वीं में यूपी में पहला स्थान हासिल किया। उन्हें 97.83 फीसदी अंक मिले हैं।

शिखा वर्मा और कशिश वर्मा दोनों एक ही स्कूल की छात्राएं हैं। दोनों छात्राएं महमूदाबाद स्थित बाबू राम सावित्री देवी स्कूल की पढ़ने वाली हैं। शिखा के पिता किसान और मां गृहिणी हैं। शिखा इनकम टैक्स अफसर बनना चाहती हैं। वहीं, दूसरे नंबर पर बरेली की नंदनी गुप्ता और बाराबंकी की श्रिया वर्मा हैं। दोनों के 97.20 फीसदी नंबर हैं। तीसरे स्थान पर भी दो छात्राएं हैं। बरेली की सुरभि यादव और बाराबंकी की पूजा पाल को 97 फीसदी नंबर मिले हैं। सुरभि के पिता की फर्नीचर की शॉप है। यूपी बोर्ड के सचिव भगवती सिंह ने बताया कि जिन छात्राओं ने राज्य भर में टॉप पोजिशन हासिल किया है, उन्हें राज्य सरकार की ओर से सम्मानित किया जाएगा। यूपी बोर्ड 12वीं में टॉप-10 में 23 छात्रों ने जगह बनाई है। इनमें बरेली से सबसे ज्यादा 5 टॉपर्स हैं। फिर सीतापुर और बाराबंकी से 4-4, चित्रकूट और हरदोई से 2-2 फिर बागपत, मुरादाबाद, कानपुर नगर, कन्नौज, बांदा और प्रतापगढ़ से एक-एक टॉपर्स टॉप-10 में शामिल हैं। इन छात्रों ने 500 में 488 से 477 अंक हासिल किए हैं। जेल में बंद 135 कैदियों ने परीक्षा दी। इनमें से 114 पास हुए हैं। इनका पासिंग परसेंटेज 84.44 प्रतिशत रहा।


कशिश वर्मा 97.83 % | शिखा वर्मा 97.60 %

दोनों टॉपर सीतापुर के महमूदाबाद स्थित बाबू राम सावित्री देवी स्कूल की छात्राएं, 80.38% रहा रिजल्ट

### जज से बहस वाले वीडियो पर केजरीवाल को नोटिस

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए गुरुवार को पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल को नोटिस जारी किया है। याचिका बिना इजाजत कोर्ट की कार्यवाही रिकॉर्ड करने और उसे सोशल मीडिया पर सर्कुलेट करने को लेकर है। कोर्ट ने सभी वीडियो डिलीट करने और लिंक हटाने के निर्देश दिए हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक याचिका एडवोकेट वैभव सिंह ने लगाई है। दिल्ली हाईकोर्ट ने केजरीवाल, सिसोदिया, पत्रकार रवीश कुमार और अन्य के खिलाफ नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने सूचना मंत्रालय को भी पक्षकार बनाया है। हाईकोर्ट को बताया गया कि जिन लिंक पर आपत्ति थी, उन्हें गूगल और मेटा ने पहले ही हटा दिया है। अब इस मामले की अगली सुनवाई 6 जुलाई को होगी। एक दिन पहले यह मामला चीफ जस्टिस की बेंच में लिस्ट था, लेकिन जस्टिस तेजस करिया ने इस मामले की सुनवाई से खुद को अलग कर लिया। इसके बाद इसे जस्टिस वी. कामेश्वर राव और जस्टिस मनमीत अरोड़ा की बेंच में रखा गया।

# भगवान श्री बद्रीनाथ के कपाट खुले

## देश-विदेश से लगभग 15 हजार श्रद्धालु रहे मौजूद

शाह टाइम्स ब्यूरो

**चमोली।** भगवान श्री बद्रीनाथ के कपाट गुरुवार प्रातः 6 बजकर 15 मिनट पर विधिविधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ ग्रीष्मकाल के लिए श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए गए। कपाट खुलते ही पूरा बद्रीनाथ धाम भक्ति और श्रद्धा के भाव से सराबोर हो उठा। इस पावन अवसर पर देश-विदेश से पहुंचे लगभग 15 हजार श्रद्धालुओं ने भगवान बद्री विशाल एवं अखंड ज्योति के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कपाट उद्घाटन के शुभ अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम से पहली महाभिषेक पूजा संपन्न कर देश एवं प्रदेश की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर स्थित लक्ष्मी मंदिर, गणेश मंदिर तथा आदि गुरु शंकराचार्य गद्दी सहित अन्य मंदिरों में विधिवत पूजा-अर्चना की। मुख्यमंत्री ने धाम पहुंचे -शेष पृष्ठ दो पर



मुख्यमंत्री धामी ने कपाट उद्घाटन पर प्रधानमंत्री मोदी के नाम से पहली महाभिषेक पूजा की संपन्न

### श्रद्धालुओं के साथ सीएम धामी ने किया प्रसाद ग्रहण

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने धाम में संचालित भंडारे का रिबन काटकर शुभारंभ किया तथा श्रद्धालुओं के साथ प्रसाद ग्रहण किया। उन्होंने भंडारा संचालकों से संवाद कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली और मानव सेवा ईश्वर सेवा उत्थान समिति द्वारा संचालित विशाल भंडारे की सराहना की। इस अवसर पर जिलाधिकारी गौरव कुमार, पुलिस अधीक्षक सुरजीत सिंह पंवार, बीकेटीसी के सीईओ विशाल मिश्रा, उपाध्यक्ष ऋषि प्रसाद सती, रावल अमरनाथ नंबूदरी, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी गिरीश चौहान, मंदिर अधिकारी राजेंद्र चौहान, नायब रावल सूर्यराग नंबूदरी, धर्माधिकारी स्वयंबर सेमवाल, वेदपाठी रविद्र भट्ट, आचार्य वाणी विलास डिमरी सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# उत्तराखंड: चंबा-कोटी मार्ग पर वाहन खाई में गिरा, आठ की मौत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई टिहरी।** जनपद टिहरी के चंबा-कोटी मार्ग पर नैल के समीप मैक्स वाहन अनियंत्रित होकर लगभग 300 मीटर गहरी खाई में जा गिरा, जिसमें आठ लोगों की मौत व दो घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार गुरुवार दोपहर करीब तीन बजे ऋषिकेश से घनसाली जा रहा मैक्स वाहन नैल गांव के समीप अनियंत्रित होकर खाई में गिर गया, जिसमें आशालाल 40 पुत्र असाडू निवासी ग्राम ठेला घनसाली, विजयलाल 36 पुत्र भुरखिलिया निवासी ग्राम ठेला, प्रेमलाल 60 पुत्र संतुलाल निवासी ग्राम चकरेडा घनसाली, महावीर 60 पुत्र विशुलाल निवासी ग्राम चकरेडा घनसाली, चालक शिव सिंह 35 पुत्र पुष्कर सिंह निवासी -शेष पृष्ठ दो पर



मैक्स वाहन में सवार दो लोग घायल

घनसाली के रहने वाले थे मृतक

### सीएम धामी ने हादसे पर जताया गहरा दुख

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जनपद टिहरी गढ़वाल के चंबा क्षेत्र अंतर्गत नैल-कोटी कॉलोनी मार्ग पर वाहन के दुर्घटनाग्रस्त होने की घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री धामी ने दुर्घटना में दिवंगत हुए लोगों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए ईश्वर से प्रार्थना की है कि दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें तथा शोक संतप्त परिजनों को इस असीम दु:ख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन को निर्देश दिए है कि दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को त्वरित एवं समुचित उपचार उपलब्ध कराया जाए तथा राहत एवं बचाव कार्यों में किसी प्रकार की कमी न रहने दी जाए। उन्होंने अधिकारियों को स्थिति पर सतत निगरानी बनाए रखने के भी निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री धामी ने घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है।

## संक्षिप्त समाचार

### हाईकोर्ट ने यूपी में मदरसों की एटीएस जांच पर जवाब मांगा

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने प्रदेश में लगभग चार हजार मदरसों की एटीएस से जांच को चुनौती देने वाली याचिका पर राज्य सरकार और एटीएस से जवाब मांगा है। कोर्ट ने सरकार से पूछा है कि किस आधार पर एंटी-टेररिज्म स्क्वाड को इन मदरसों की जांच करने करने का निर्देश दिया गया है। यह आदेश न्यायमूर्ति अरिंदम सिन्हा एवं न्यायमूर्ति सत्यवीर सिंह की खंडपीठ ने टीचर्स एसोसिएशन मदारिस अरबिया व अन्य की प्रबंध समितियों की याचिका पर वरिष्ठ अधिवक्ता वीके सिंह व अधिवक्ता औसाफ बी और सरकारी वकील को सुनकर दिया है। घ्याचिका में प्रदेश के मदरसों की जांच एटीएस से कराने के आईजी एटीएस के नौ दिसंबर 2025 के आदेश को चुनौती दी गई है।

### सुप्रीम कोर्ट ने पुलिस अफसर के खिलाफ केस पर लगाई रोक

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने उत्तर प्रदेश के एक पुलिस अधिकारी के खिलाफ दंगा करने, चोट पहुंचाने एवं शांति भंग करने के आरोप में चल रही कार्यवाही पर रोक लगा दी है। शीर्ष अदालत ने कहा कि प्रयागराज में 1989 में दर्ज इस मामले में पिछले 35 वर्षों में एक भी अभियोजन गवाह से पूछताछ नहीं की गई है। उत्तर प्रदेश सरकार को नोटिस जारी करते हुए और आगे की कार्यवाही पर रोक लगाते हुए, न्यायमूर्ति जेबी परदीवाला और न्यायमूर्ति विजय बिश्नोई की पीठ ने 20 अप्रैल को कहा कि इस मामले के तथ्यों एवं परिस्थितियों को देखते हुए और विशेष रूप से इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि लगभग 35 वर्ष बीत चुके हैं। हालांकि अदालत ने अंतिम आदेश पारित करने से पहले उत्तर प्रदेश सरकार की बात सुनने का विकल्प चुना है।

# यूपी में अगले तीन दिनों तक भीषण हीटवेव!

## आईएमडी ने 32 जिलों के लिए जारी किया रेड अलर्ट

**लखनऊ, वार्ता**

उत्तर प्रदेश के अधिकांश जिलों में भीषण गर्मी और उष्ण लहर (हीट वेव) का प्रकोप जारी है। मौसम विभाग ने 24 अप्रैल से 26 अप्रैल तक के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। 24 अप्रैल से 26 अप्रैल तक बांदा, चित्रकूट, कौशाम्बी, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, वाराणसी, संत रविदास नगर, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, हरदोई, फर्रुखाबाद, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, लखनऊ, बारा. बंकी, रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर, अयोध्या और अंबेडकर नगर में लू का असर देखने को मिल सकता है।

आईएमडी ने कहा कि उष्ण लहर (लू) का सामान्य जनजीवन पर व्यापक प्रभाव पड़ सकता है। आम लोगों के लिए गर्मी किसी हद तक सहनीय रह



सकती है, लेकिन छोटे बच्चों, बुजुर्गों और गंभीर बीमारियों से ग्रसित लोगों में स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं बढ़ने की आशंका रहती है।

मौसम विभाग ने बताया कि विशेष रूप से मजदूर वर्ग-जैसे औद्योगिक श्रमिक, खनन श्रमिक और दिहाड़ी मजदूर-साथ ही किसान और लंबे समय तक धूप में काम करने वाले लोगों में डिहाईड्रेट होने और लू लगने का खतरा अधिक रहता है। पशुधन और खड़ी कृषि या बागवानी फसलों पर इसका प्रभाव सामान्यतः मामूली रहने की संभावना है, हालांकि लगातार गर्मी रहने पर जोखिम बढ़ सकता है। मौसम विभाग ने कहा है कि लोगों को खासकर दोपहर के समय लंबे समय तक धूप में रहने से बचना चाहिए और हल्के रंग के ढीले-ढाले सूती कपड़े पहनने चाहिए। बाहर निकलते समय सिर को कपड़े, टोपी या छतरी से ढंककर रखना चाहिए। शरीर में पानी की कमी से बचने के लिए पर्याप्त मात्रा में तरल पदार्थ का सेवन करना जरूरी है। किसानों को खड़ी फसलों में नमी बनाए रखने के लिए शाम के समय हल्की सिंचाई करते रहना चाहिए, जबकि खेती, खनन और अन्य खुले क्षेत्र के कामों को मौसम के अनुसार समायोजित करना चाहिए। वहीं पशुओं को दोपहर में चराने से बचाना चाहिए और उन्हें छाया में रखकर पर्याप्त पानी उपलब्ध कराना जरूरी है।

# बोलेरो में लगी आग, नौ जिंदा जले

### मिर्जापुर में भीषण सड़क हादसा: कुल 11 की मौत

**मिर्जापुर।** उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर में बुधवार रात हुआ एक भीषण सड़क हादसा कई परिवारों के लिए कभी न भरने वाला जख्म छोड़ गया। रीवा-मिर्जापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर ड्रमंडगंज घाटी की ढलान पर तेज रफ्तार और ब्रेक फेल ट्रक ने ऐसा कहर बरपाया कि देखते ही देखते चार वाहन आपस में टकरा गए और एक बोलेरो आग का गोला बन गई।

इस दर्दनाक हादसे में 11 लोगों की मौत हो गई, जिनमें से 9 लोग बोलेरो में जिंदा जल गए। हादसे की भयावहता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि मौके पर चीख-पुकार मच गई और लोग मदद के लिए दौड़े, लेकिन आग इतनी तेज थी कि किसी को बचाया नहीं जा सका। इस भीषण सड़क हादसे पर सीएम योगी ने दुख जताया है। पुलिस के मुताबिक हादसा ड्रमंडगंज घाटी के पास रात करीब 8रू30 बजे हुआ। मध्य प्रदेश से चना लादकर आ रहा एक ट्रक ढलान पर अचानक ब्रेक फेल होने के कारण बेक. ाबू हो गया। तेज रफ्तार ट्रक ने सामने चल रही बोलेरो को टक्कर मार दी और उसे धकेलते हुए आगे चल रहे गिट्टी से भरे ट्रक में दे मारा। इसी दौरान पीछे से आ रहे एक अन्य ट्रक ने भी संतुलन खो दिया और वह आगे चल रही कार से टकरा गया। कुछ ही पलों में सड़क पर मलबा, आग और चीख-पुकार का भयावह दृश्य फैल गया।

### ट्रैक्टर ट्रॉली खाई में पलटी, पांच लोगों की मौत

**लखीमपुर खीरी।** जिले के पढ़ुआ थाना क्षेत्र में गुरुवार को एक सड़क हादसे ने खुशियों को मातम में बदल दिया। औघड़ बाबा और बोझिया पंप के बीच मुंडन कार्यक्रम में जा रही ट्रैक्टर ट्रॉली अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में पलट गई। इस हादसे में 5 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 22 लोग घायल हो गए, जिनमें 9 की हालत गंभीर बताई जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी इस हादसे पर संवेदना जताई है। मिली जानकारी के अनुसार, शारदानगर थाना क्षेत्र के सोहरिया और आसपास के गांवों से करीब 50 लोग ट्रैक्टर ट्रॉली पर सवार होकर बहराइच के सुजौली थाना क्षेत्र स्थित कारीकोट मंदिर में मुंडन कार्यक्रम के लिए निकले थे। जैसे ही ट्रैक्टर पढ़ुआ क्षेत्र के औघड़ बाबा और बोझिया पंप के बीच पहुंचा, चालक संतुलन खो बैठा और वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गहरी खाई में जा पलटा। सूचना मिलने पर पुलिस और एंबुलेंस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को नजदीकी अस्पताल भिजवाया गया। इस हादसे में जिन 5 लोगों की मौत हुई है, उनकी पहचान आरुषि (12) पुत्री विनोद निवासी सोहरिया, राज कुमार पत्नी केश कुमार निवासी सोहरिया, मखाना पत्नी मेवा लाल निवासी सेमरी, नैंसी देवी पुत्री रमाकांत निवासी सोहरिया और पंछी (16) पुत्री विशंभर निवासी सोहरिया के रूप में हुई है।

## गोरखपुर में मुख्यमंत्री योगी का बड़ा बयान

# नीयत साफ हो, तो बदलती है नियति: सीएम

**लखनऊ, वार्ता**



- 497 परियोजना का लोकार्पण-शिलान्यास
- इच्छाशक्ति हो तो बहुत कुछ परिवर्तन लाया जा सकता है

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जब नीयत साफ हो, तो नियति बदलने में देर नहीं लगती है। करने की दृढ़ इच्छाशक्ति हो और नीयत भी उसी के अनुरूप हो तो परिस्थितियां बदलती हुई दिखाई देती हैं। गोरखपुर में नौ वर्षों के अंदर आया विकासपरक परिवर्तन इसका प्रमाण है।

सीएम योगी गुरुवार पूर्वाह्न राप्ती नदी के एकला बंधे पर लिगेसी वेस्ट का निस्तारण कर बनाए गए ईको पार्क, नौसढ़-मलौनी फोरलेन सड़क सहित विकास की 1055 करोड़ रुपये की लागत वाली 497 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करने के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने स्वच्छता टूलकिट और कैलेंडर का अनावरण कर स्वच्छ स्कूल अभियान का भी शुभारंभ किया। एकला बंधे पर आयोजित लोकार्पण-शिलान्यास समारोह में मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ अच्छा करने की इच्छाशक्ति हो तो बहुत कुछ परिवर्तन लाया जा सकता है। उन्होंने एकला बंधे पर ईको पार्क के रूप में हुए नए कायाकल्प का उल्लेख करते हुए कहा कि वाराणसी या लखनऊ की तरफ से गोरखपुर प्रवेश करते ही सबसे पहला मुकाबला कचरे से होता था। बहुत भद्दा और बहुत बुरा लगता था। पर, करने की इच्छाशक्ति से धीरे-धीरे परिवर्तन होता गया। उन्होंने कहा कि आज से 30-35 वर्ष पहले, आज जहां ट्रांसपोर्टनगर बना है, पहले गोरखपुर का सारा कचरा वही डंप होता था। नगर निगम ने उसका समाधान किया तो आज वहां ट्रांसपोर्टनगर है, बेहतरीन मार्केट और गोरखपुर की मंडी है। ट्रांसपोर्टनगर बन जाने के बाद कचरा एकला बंधे पर गिराया जाने लगा। इसका परिणाम हुआ, वायु प्रदूषण, जमीन में जहर, नदी प्रदूषण और भूजल स्तर पर भी प्रभाव। इसके चलते एनजीटी भी जुर्माना लगाती थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि नीयत से नियति को बदला गया और बेहतरीन ईको पार्क तैयार हो गया। ईको पार्क के विकास के लिए नगर निगम की पूरी टीम की तारीफ करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि नगर निगम ने गोरखपुर शहर के प्रवेश द्वार पर कचरे को कंचन में बदलने का काम किया है।

### परिश्रम, अनुशासन और दृढ़ संकल्प से मिली सफलता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद् की हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड 2026 का परिणाम जारी कर दिया गया है। जिसमें हाई स्कूल और इंटर दोनों में लड़कियों ने बाजी मारी है। इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी है। मुख्यमंत्री ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर इस संबंध में पोस्ट किया है। उन्होंने लिखा, उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट बोर्ड की परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों एवं शिक्षकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। यह सफलता आपके अथक परिश्रम, अनुशासन और दृढ़ संकल्प का प्रतीक है।

# यूपी चुनाव में कांग्रेस को मिले 200 सीटें: रालोद

**लखनऊ, वार्ता**

- अखिलेश यादव के पुराने दोस्त की पार्टी से उठी मांग

उत्तर प्रदेश में वर्ष 2027 में प्रस्तावित विधानसभा चुनाव से पहले समाजवादी पार्टी के पुराने सहयोगी राष्ट्रीय लोकदल ने मांग की है की भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को 200 सीटें दी जाएं। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले यूपी में सपा के सहयोगी रह चुकी राला. ेद के नेता रोहित अग्रवाल ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर यह पोस्ट की। रालोद नेता की ओर से यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है, जब बीते दिनों सपा सुप्रीमो ने कहा था कि मुद्दा सीट का है ही नहीं, जो जहां से जीत सकता है, वहां से लड़ेगा। रोहित अग्रवाल ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर लिखा-हमें पूर्ण विश्वास है कि समाजवादी पार्टी गठबंधन धर्म का पालन करते हुए भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को सम्मानजनक रूप से 200 सीटें देगी। कांग्रेस देश की सबसे पुरानी और ऐतिहासिक पार्टी है। इससे कम सीटें देना उसके गौरव और योगदान का अपमान होगा। बता दें रालोद फिलहाल भारतीय जनता पार्टी नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन यानी एनडीए का हिस्सा है। पार्टी नेता की यह पोस्ट कांग्रेस और सपा के रिश्तों पर तंज मानी जा रही है। कई मौकों पर कांग्रेस की यूपी इकाई की ओर से यह कहा गया है कि हम सभी 403 सीटों पर तैयारी कर रहे हैं।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



सेंसेक्स 78493.54
निफ्टी 24353.55



सोना 152998
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 239934
प्रति किलो




# लाल निशान पर बंद हुआ बाजार सेंसेक्स 77,664 पर हुआ ढेर

**मुंबई, वार्ता**

भारतीय शेयर बाजार के लिए गुरुवार का दिन निराशाजनक रहा। वैश्विक दबाव और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के कारण घरेलू शेयर बाजारों में भारी बिकवाली देखने को मिली। प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी भारी गिरावट के साथ बंद हुए, जिससे निवेशकों की धारणा पर बुरा असर पड़ा।

बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स 852.49 अंक गिरकर 77,664.00 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 भी 205 अंक की गिरावट के साथ 24,173.05 पर सिमट गया। बाजार की इस गिरावट ने



निवेशकों के करोड़ों रुपये स्वाहा कर दिए।

बाजार विशेषज्ञों के अनुसार इस गिरावट के पीछे सबसे बड़ा कारण अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों का 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंचना है। रिपोर्ट के अनुसार ब्रेंट क्रूड फिलहाल 103 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। इसके अलावा पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और ईरान-अमेरिका के बीच शांति वार्ता में आई रुकावट ने निवेशकों को डरा दिया है। 'एनरिच मनी' के सीईओ पोनमुडी आर. के अनुसार, स्ट्रेट आफ होर्मुज पर बढ़ते नियंत्रण और अमेरिकी नौसेना की नाकेबंदी की खबरों ने स्थिति को और गंभीर बना दिया है। बाजार के साथ-साथ कमोडिटी मार्केट में भी हलचल रही। 24 कैरेट सोने की कीमत हल्की गिरावट के साथ 1,51,870 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रही, जबकि चांदी 2.53४ गिरकर 2,42,072 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई। एशियाई बाजारों में भी कमजोरी का रुख रहा।

### शाम होते ही सोना-चांदी की कीमत धड़ाम

**नई दिल्ली।** आईबीजेए की तरफ से जारी रेट के अनुसार 23 अप्रैल को 24 कैरेट सोने का दाम 1000 रुपये प्रति10 ग्राम से ज्यादा टूटकर 151189 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। चांदी में करीब 5000 रुपये प्रति किलो की गिरावट देखी जा रही है। दिल्ली के सर्राफा बाजार में सोना गिरकर 15,3700 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। दुनियाभर में चल रही आर्थिक अस्थिरता के बीच निवेशक गोल्ड को सेफ हेवन के रूप में देख रहे हैं। पिछले एक साल की ही बात करें, तो सोने में 47 प्रतिशत का भारी उछाल देखा गया है। इसके अलावा 999 शुद्धता वाली चांदी भी सस्ती होने के साथ अब 2 लाख 43 हजार रुपये किलो तक आ गई है।

# भारतीय रेलवे का कायाकल्प, अब सफर होगा सुरक्षित और तेज

**नई दिल्ली, वार्ता**

भारतीय रेलवे ने 55,000 किलोमीटर ट्रैक बदलकर सुरक्षा बढ़ाई है। मशीनीकृत रखरखाव और मजबूत पटरियों से अब 80४ नेटवर्क पर ट्रेनें 110 किमी/घंटा दौड़ेंगी।

प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा जारी एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार भारतीय रेलवे अपने नेटवर्क को आधुनिक बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक बदलाव के दौर से गुजर रही है। पिछले एक दशक में रेलवे ने सुरक्षा और गति को प्राथमिकता देते हुए लगभग 55,000 किलोमीटर रेलवे ट्रैक का नवीनीकरण किया है। इस बुनियादी ढांचे के सुधार ने न केवल ट्रेनों की रफ्तार बढ़ाई है, बल्कि रेल दुर्घटनाओं की




55,000 किलोमीटर ट्रैक का नवीनीकरण किया गया ट्रेनों की रफ्तार बढ़ाई

संभावना को भी न्यूनतम कर दिया है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के एक लेख का हवाला देते हुए पीएमओ ने बताया कि 2014 के बाद से ट्रैक के आधुनिकीकरण पर विशेष जोर दिया गया है। उन्नत परीक्षण और मशीनीकृत रखरखाव के कारण आज भारतीय रेल की 'राइड क्वालिटी' पहले से कहीं बेहतर हुई है। रेल मंत्री के अनुसार ट्रैक और वेल्डिंग के फेल होने की घटनाओं में 90 प्रतिशत तक की कमी आई है, जो यात्रियों की सुरक्षा के लिहाज से एक बड़ी जीत है। रेलवे ने अब तक लगभग 44,000 किलोमीटर लंबे रेल पैनल बिछाए हैं। बड़ा लाभ यह है कि इनमें पटरियों के बीच जोड़ कम होते हैं, जिससे ट्रेनें बिना झटके के स्मूथ चलती हैं।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीज़ादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त



भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**उत्तराखंड...** ग्राम होल्टा घनसाली, सेहतलाल 65 पुत्र गोपाल निवासी ग्राम चकरेडा घनसाली, लक्ष्मण सिंह 33 पुत्र मुरखिलिया निवासी ग्राम चांजी घनसाली की मौत हो गई जबकि एक मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई। घायलों में अंकित 18 पुत्र आशालाल निवासी ग्राम ठेला व उत्तम कुमार 36 पुत्र पुशु निवासी ग्राम बडियारगढ़ घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल नई टिहरी में भर्ती कराया गया है। दुर्घटना की सूचना मिलते ही एसडीआरएफ, स्वास्थ्य विभाग एवं पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया। घटनास्थल पर जिला. धिकारी नितिका खंडेलवाल, टिहरी विधायक किशोर उपाध्याय, एसएसपी श्वेता चौबे उपस्थित रहकर राहत एवं बचाव कार्यों की निगरानी की। प्रशासन द्वारा घायलों को शीघ्र उपचार उपलब्ध कराने एवं आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए हैं।

**भगवान श्री...**

तीर्थयात्रियों का आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए यात्रा व्यवस्थाओं का फीडबैक भी लिया। उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा को सुरक्षित, सुगम एवं सुव्यवस्थित बनाने के लिए राज्य सरकार द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियां की गई हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और बेहतर अनुभव सुनिश्चित करने के लिए हर स्तर पर व्यवस्थाओं को सुदृढ़ किया गया है। मुख्यमंत्री ने देश विदेश से आने वाले सभी श्रद्धालुओं से हरित एवं स्वच्छ चारधाम यात्रा में सहयोग करने का आह्वान करते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। चारधाम यात्रा के शुभारंभ के साथ ही बद्रीनाथ धाम में आस्था, परंपरा और सुव्यवस्थित व्यवस्थाओं का अद्भुत संगम देखने को मिला, जो श्रद्धालुओं के लिए एक दिव्य और यादगार अनुभव बनेगा।

लोक संस्कृति की झलक: जागरों पर झूम उठा बद्रीनाथ धाम

कपाट खुलने के इस ऐतिहासिक अवसर पर माणा एवं बामणी गांव की महिलाओं ने पारंपरिक जागरों के साथ मंदिर प्रांगण में झुमैलो नृत्य प्रस्तुत किया, जिससे संपूर्ण वातावरण लोक संस्कृति और आस्था के रंग में रंग गया। वहीं देश के विभिन्न हिस्सों से आए श्रद्धालुओं ने भी भजन-कीर्तन कर अपनी श्रद्धा अर्पित की।

# पीएम 29 को देंगे गंगा एक्सप्रेसवे की सौगात

## मेरठ के बिजौली से शुरू होकर प्रयागराज के जुदापुर डांडू गांव तक जाता है एक्सप्रेसवे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को अपनी सबसे बड़ी सड़क परियोजना की सौगात मिलने जा रही है। 594 किलोमीटर लंबे गंगा एक्सप्रेसवे 29 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हरदोई जिले में लोकार्पित किया जाएगा। यह राज्य का सबसे लंबा एक्सप्रेसवे है। खास बात यह है कि लोकार्पण के तुरंत बाद ही इस पर टोल टैक्स की वसूली शुरू हो जाएगी। सभी सुविधाएं पूरी तरह तैयार हैं और ट्रायल रन सफलतापूर्वक पूरे हो चुके हैं।

यूपीडा के एसीईओ श्रीहरि प्रताप सिंह ने बताया कि गंगा एक्सप्रेस वे मेरठ के बिजौली गांव से शुरू होकर प्रयागराज के जुदापुर डांडू गांव तक जाता है। यह गंगा नदी के किनारे-किनारे 12 जिलों, मेरठ, हापुड़, बुलंदशहर, अमरोहा,



संभल, बदायूं, शाहजहांपुर, हरदोई, उन्नाव, लखनऊ, रायबरेली और प्रयागराज को जोड़ेगा। छह लेन आठ लेन तक विस्तार योग्य है। यह ग्रीनफील्ड प्रोजेक्ट पीपीपी (पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप) मॉडल पर विकसित किया गया है। लगभग 36 हजार करोड़ रुपए का खर्च आएगा। डिजाइन-बिल्ड-फाइनेंस-ऑपरेट-ट्रांसफर मोड में बनाए गए इस प्रोजेक्ट से यूपी की सड़क नेटवर्क हिस्सेदारी 60 प्रतिशत तक पहुंचने की उम्मीद है। यह यूपी का पहला ऐसा एक्सप्रेसवे है, जहां उद्घाटन के

### लोकार्पण के साथ ही शुरू होगी टोल वसूली

साथ टोल प्लाजा सक्रिय हो जाएंगे। कार, जीप और वैन के लिए प्रति किलोमीटर 2.55 रुपये की दर से कुल लगभग 1,515 रुपये एक तरफ का टोल होगा। हल्के वाणिज्यिक वाहनों के लिए 4।05 रुपये, बस-ट्रक के लिए 8.15 रुपये, भारी मशीनरी के लिए 12.55 रुपये और सात एक्सल वाले वाहनों के लिए 16.05 रुपये प्रति किमी तय किए गए हैं। पूरे रूट पर 14 टोल पॉइंट बनाए गए हैं। एआई आधारित आधुनिक सिस्टम से बिना रुके टोल कटान की व्यवस्था है, जिससे वाहनों की कतार नहीं लगेगी। अधिकतम गति 120 किलोमीटर प्रति घंटा रहेगी और मेरठ-प्रयागराज का सफर महज 6-7 घंटे में पूरा हो सकेगा। यह एक्सप्रेसवे लॉजिस्टिक्स को नई गति देगा, औद्योगिक विकास को बढ़ावा देगा और निवेश आकर्षित करेगा। पश्चिमी और पूर्वी उत्तर प्रदेश के बीच बेहतर कनेक्टिविटी से स्थानीय अर्थव्यवस्थाएं मजबूत होंगी, रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और कृषि उत्पादों की तेज आवाजाही संभव होगी। विशेष रूप से हरदोई, शाहजहांपुर, बदायूं जैसे जिलों में औद्योगिक कॉरिडोर विकसित होने की संभावना है। राज्य सरकार इसे यूपी को भारत की ग्रोथ इंजन बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। 2021 में प्रधानमंत्री द्वारा शिलान्यास के बाद तेजी से काम हुआ। मार्च 2026 तक 96.99 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका था। यूपी एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (यूपीडा) ने सभी संरचनाएं, अर्थवर्क, ड्रेनेज और सेफ्टी फीचर्स पूरे कर लिए हैं।

# विवाह किसी का शोषण करने का लाइसेंस नहीं: हाईकोर्ट

### इलाहाबाद हाईकोर्ट का आदेश, पति की याचिका खारिज

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने न्यायिक प्रक्रिया के दुरुपयोग और वैवाहिक शोषण के एक मामले में सख्त रुख अपनाते हुए पति की याचिका को न केवल खारिज कर दिया, बल्कि उस पर 15 लाख रुपये का हर्जाना भी लगाया है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि विवाह किसी का शोषण करने का लाइसेंस नहीं है। कोर्ट ने कहा कि यह हर्जाना न केवल पीड़ित पत्नी को राहत देने के लिए है, बल्कि उन लोगों के लिए एक सबक भी है, जो झूठे आधारों पर न्यायालयों का समय बर्बाद करते हैं।

यह आदेश न्यायमूर्ति विनोद दिवाकर ने रंजीत सिंह की याचिका पर सुनवाई के बाद दिया है। याची रंजीत सिंह ने याचिका दाखिल कर इटावा फैमिली कोर्ट में लंबित अपने भरण-पोषण के मामले को जल्द निपटाने की मांग की थी। उसने दावा किया था कि वह एक बेरोजगार युवा है और उसके पास आय का कोई साधन नहीं है, जबकि उसकी पत्नी इलाहाबाद हाईकोर्ट में अतिरिक्त निजी सचिव के पद पर कार्यरत है। पत्नी ने कोर्ट को बताया कि पति ने उसे झांसा देकर उसके वेतन खाते से साढ़े 11 लाख और 13.56 लाख रुपये के दो व्यक्तिगत ऋण लिए। उसने इन पैसों का उपयोग विलासिता और शराब पर किया तथा पत्नी अब भी 26,020 रुपये की मासिक ईएमआई भर रही है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने पाया कि पति ने कई महत्वपूर्ण तथ्य छिपाए थे। पति पहले से ही एक अन्य मामले में पत्नी से पांच हजार रुपये प्रति माह का अंतरिम भरण-पोषण प्राप्त कर रहा था, जिसकी जानकारी उसने इस याचिका में नहीं दी।

# समर्पण के साथ निभाएं अपने पेशेवर कर्तव्य: राधाकृष्णन




■ एम्स ऋषिकेश दीक्षांत समारोह: उपराष्ट्रपति ने स्नातकों से सहानुभूति, सत्यनिष्ठा और राष्ट्र निर्माण के प्रति प्रतिबद्धता के साथ सेवा करने का किया आह्वान ■ उपराष्ट्रपति ने की बुनियादी ढांचे और सेवाओं को मजबूत करने में मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व की प्रशंसा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून / ऋषिकेश।** भारत के उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन ने गुरुवार को ऋषिकेश स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के छठे दीक्षांत समारोह को संबोधित किया। ऋषिकेश को चिंतन और उपचार का वैश्विक केंद्र होने के साथ-साथ हिमालय का प्रवेश द्वार के रूप में आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महत्व देते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि ऐसा वातावरण दीक्षांत समारोह की गंभीरता को और भी गहरा कर देता है।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि दीक्षांत समारोह न केवल वर्षों के अनुशासित प्रयासों और त्याग की परिणति है, बल्कि समाज और राष्ट्र के प्रति एक बड़ी जिम्मेदारी की शुरुआत भी है। उन्होंने स्नातकों से समर्पण और उद्देश्य की भावना के साथ अपने पेशेवर कर्तव्यों को निभाने का आग्रह किया।

कोविड-19 महामारी से उत्पन्न चुनौतियों पर विचार करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने सतत नवाचार और प्रतिबद्धता का प्रदर्शन किया है। उन्होंने भारत के व्यापक टीकाकरण अभियान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 14 करोड़ से अधिक नागरिकों को मुफ्त टीके लगाए गए, जिससे स्वास्थ्य सेवा तक समान पहुंच सुनिश्चित हुई। उन्होंने कहा कि भारतीय वैज्ञानिकों ने लाभ के लिए नहीं, बल्कि मानवता के कल्याण के लिए टीके विकसित किए हैं। उपराष्ट्रपति ने भारत की वैक्सीन मैत्री पहल के माध्यम से वैश्विक जिम्मेदारी को भी रेखांकित किया, जिसके तहत 100 से अधिक देशों को टीके उपलब्ध कराए गए। उन्होंने कहा कि यह पहल ''वसुधैव कुटुंबकम'' की भावना को दर्शाती है और एक दयालु और जिम्मेदार वैश्विक भागीदार के रूप में भारत की भूमिका को मजबूत करती है। स्वास्थ्य सेवा अवसंरचना के विस्तार पर प्रकाश डालते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि पिछले एक दशक में देश भर में स्थापित नए एम्स संस्थानों ने गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा और चिकित्सा शिक्षा तक पहुंच को मजबूत किया है, उन्होंने कहा कि सुशासन लोगों की जरूरतों को समझने और उनकी सेवा करने में निहित है।

## धामी सरकार के प्रयासों की सराहना

उपराष्ट्रपति ने दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे सहित क्षेत्र में अवसंरचना के तीव्र विकास पर प्रकाश डाला। उन्होंने समावेशी विकास को बढ़ावा देने, बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच में सुधार लाने के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड सरकार के प्रयासों की सराहना की। उपराष्ट्रपति ने इस बात पर जोर दिया कि स्वास्थ्य सेवा एक सार्वजनिक जिम्मेदारी है और राष्ट्र निर्माण में चिकित्सा पेशेवरों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने डिग्री प्राप्त करने वाले डॉक्टरों से निवारक देखभाल, ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंच, अनुसंधान और नवाचार के माध्यम से योगदान देने और सहानुभूति, ईमानदारी और सेवा के मूल्यों का पालन करने का आग्रह किया।

## पर्वतीय क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की चुनौती को अवसर में बदलें युवा चिकित्सक : राज्यपाल

इस अवसर पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन का देवभूमि उत्तराखण्ड में हार्दिक स्वागत करते हुए विश्वास जताया कि उनके मार्गदर्शन से युवा चिकित्सकों को राष्ट्रसेवा की नई ऊर्जा एवं दिशा प्राप्त होगी। राज्यपाल ने कहा कि दीक्षांत समारोह विद्यार्थियों की साधना, समर्पण और सेवा भाव का उत्सव है तथा यह वह महत्वपूर्ण क्षण है, जब वर्षों की कठिन मेहनत एक नई जिम्मेदारी में परिवर्तित होती है। उन्होंने उपाधि प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि उनकी सफलता में माता-पिता के त्याग, गुरुजनों के मार्गदर्शन और राष्ट्र की अपेक्षाओं का महत्वपूर्ण योगदान है।

एम्स ऋषिकेश की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि यह संस्थान नैदानिक देखभाल, शैक्षणिक क्षमता, अनुसंधान, नवाचार और सामाजिक प्रतिबद्धता के क्षेत्र में उत्कृष्टता का एक आदर्श प्रस्तुत कर रहा है। उपराष्ट्रपति ने विशेष रूप से टेलीमेडिसिन सेवाओं को सराहा।

इस अवसर पर केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल, पूर्व मुख्यमंत्री एवं सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत, सांसद नरेश बंसल, महेंद्र भट्ट, एम्स ऋषिकेश के अध्यक्ष प्रो. राज बहादुर, एम्स ऋषिकेश की कार्यकारी निदेशक प्रो. मीनू सिंह, डीन (अकादमिक) प्रो. सौरभ, संकाय सदस्य, छात्रों मौजूद रहे।

# चिकित्सा क्षेत्र मानवता की सेवा का सर्वोच्च माध्यम: सीएम

■ मुख्यमंत्री ने एम्स ऋषिकेश के दीक्षांत समारोह को किया सबोधित


**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने एम्स ऋषिकेश के दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए उपाधि प्राप्त करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि यह अवसर विद्यार्थियों के जीवन में एक नए अध्याय की शुरुआत है और चिकित्सा क्षेत्र में उनका योगदान समाज एवं राष्ट्र निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण रहेगा।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित देश के उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन का देवभूमि उत्तराखंड की जनता की ओर से स्वागत एवं अभिनंदन किया। उन्होंने उपराष्ट्रपति के सादगीपूर्ण व्यक्तित्व, जनसेवा के प्रति समर्पण और प्रेरणादायी जीवन यात्रा की सराहना करते हुए कहा कि उनका मार्गदर्शन युवा चिकित्सकों के लिए प्रेरणास्रोत है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि चिकित्सा क्षेत्र केवल एक पेशा नहीं, बल्कि मानवता की सेवा का सर्वोच्च माध्यम है, जिसे निष्ठा, संवेदनशीलता और करुणा के साथ निभाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा स्थापित एम्स ऋषिकेश आज प्रदेश के लिए एक महत्वपूर्ण जीवन रक्षक संस्थान के रूप में स्थापित हो चुका है। यहां कैंसर उपचार, न्यूरोसर्जरी, रोबोटिक सर्जरी और जॉइंट रिप्लेसमेंट जैसी अत्याधुनिक सुविधाएँ उपलब्ध हैं। साथ ही, हेली एम्बुलेंस सेवा राज्य के दुर्गम क्षेत्रों में आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। सीएम ने कहा कि ऊधमसिंह नगर में एम्स ऋषिकेश के सैटेलाइट सेंटर का निर्माण कार्य प्रगति पर है, जिससे कुमाऊं क्षेत्र की जनता को भी उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधाओं का लाभ मिलेगा। प्रदेश के प्रत्येक जनपद में मेडिकल कॉलेज की स्थापना, टेलीमेडिसिन नेटवर्क का विस्तार, जन औषधि केंद्रों के माध्यम से सस्ती दवाइयों की उपलब्धता तथा नि:शुल्क पैथोलॉजिकल जांच जैसी योजनाओं पर तेजी से कार्य किया जा रहा है।

# महिला आरक्षण पर विशेष सत्र स्वागतयोग्य, कांग्रेसी प्रदर्शन ढोंग: भट्ट



■ दिल्ली में विरोध, राज्य में समर्थन कांग्रेसी दोगलापन, जनता 27 में सिखाएगी सबक ■ सत्र, जनभावनाओं के सम्मान और महिला अपमान का चेहरा सामने लाने के लिए

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा ने महिला आरक्षण पर विशेष सत्र का स्वागत करते हुए कांग्रेसी प्रदर्शन को ढोंग बताया है। प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने कटाक्ष किया, बेशर्मी की हद है कि दिल्ली में विरोध में वोट करते हैं और राज्य में समर्थन में प्रस्ताव की मांग करते हैं।

मीडिया सवालों के जवाब में दी गई प्रतिक्रिया में उन्होंने कहा, संसद के विशेष सत्र में नारी शक्ति वंदन का विरोध कर कांग्रेस और विपक्ष ने घोर पाप किया है। जिसको लेकर जनता और मातृ शक्ति में जबरदस्त रोष है और वो महिला विरोधी ताकतों को लोकतांत्रिक तरीके से सबक सिखाना चाहती है। जनभावनाओं के सम्मान और महिलाओं का अपमान करने वालों का चेहरा सामने लाने के लिए आगामी 28 अप्रैल को विधानसभा का विशेष सत्र आहूत किया गया है। जिसके माध्यम से राज्य की जनता का मंतव्य देश के सम्मुख एक राय से प्रस्तुत किया जाएगा। उन्होंने आज विधानसभा के सामने हुए कांग्रेसी धरने को राजनैतिक ढोंग बताते हुए, पाप से पीछा छुड़ाने की कोशिश बताया है। क्योंकि जो यहां विधानसभा से महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण की मांग का प्रस्ताव भेजना चाहते हैं। उनके साथियों ने ही संसद में इसी कानून को गिराने का अपराध किया है। यदि कांग्रेस पार्टी चाहती तो वहां प्रस्तुत संशोधन का समर्थन करती। जिससे सभी विधानसभाओं और संसद में मातृ शक्ति को उनका अधिकार मिल जाता। लेकिन अफसोस ऐसा नहीं किया गया और अब उत्तराखंड में कांग्रेस राजनैतिक ड्रामा रच रही है। वहीं तंज किया, कांग्रेस नेताओं को गलतफहमी है कि जनता संवैधानिक प्रक्रिया को नहीं जानती है। जनता को मालूम है कि जो कांग्रेस कह रही है, ऐसे विधानसभा प्रस्ताव का कोई औचित्य नहीं है। सच यह है कि कांग्रेस आम लोगों की आंखों में धूल झोंकने की कोशिश कर रही है। लेकिन कांग्रेस पार्टी के चेहरे पर लगी महिला अधिकारों के विरोध की कालिख जनता देख रही है। लिहाजा 28 तारीख को सदन में जो होगा वह सिर्फ जनता की भावना का प्रकटीकरण होगा।

## आपदा सुरक्षित उत्तराखण्ड के निर्माण में बड़ी पहल

# आपदा प्रबंधन व पंचायती राज मिलकर करेंगे काम




■ कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक ने दिए निर्देश ■ प्रथम चरण में ग्राम प्रधानों को दिया जाएगा प्रशिक्षण ■ आधुनिक संसाधनों से युक्त डीईओसी भी बनाए जाएंगे

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** उत्तराखण्ड को आपदा सुरक्षित बनाने की दिशा में आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास मंत्री श्री मदन कौशिक ने महत्वपूर्ण पहल की है। अब आपदा प्रबंधन विभाग और पंचायती राज विभाग मिलकर कार्य करेंगे, ताकि ग्राम स्तर पर आपदा से निपटने की क्षमता को मजबूत किया जा सके और स्थानीय स्तर पर त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित हो सके। इस पहल के तहत प्रथम चरण में राज्य के ग्राम प्रधानों को आपदा प्रबंधन का व्यवहारिक एवं आवश्यक तकनीकी प्रशिक्षण दिया जाएगा।

मंत्री ने कहा कि प्रशिक्षण का उद्देश्य ग्राम प्रधानों को आपदा की स्थिति में फर्स्ट रिस्पांडर के रूप में तैयार करना है ताकि वे आपदा के बाद प्रारंभिक राहत एवं बचाव कार्यों को प्रभावी ढंग से संचालित कर सकें और पेशेवर बचाव दलों के पहुंचने तक स्थिति को नियंत्रित रख सकें। इसके साथ ही राज्य में व्यापक स्तर पर आपदा सुरक्षित गांव विकसित किए जाएंगे, जो भूकंप, भूस्खलन, बाढ़ और अन्य संभावित आपदाओं का सामना करने में सक्षम हों। आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास मंत्री श्री मदन कौशिक ने गुरुवार को यूएसडीएमए में विश्व बैंक सहायतित यू-प्रिपेयर परियोजना के अंतर्गत संचालित कार्यों की समीक्षा की। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा परियोजना के तहत किए जा रहे कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता और समयबद्धता की विस्तृत समीक्षा की गई। मा0 मंत्री ने लोक निर्माण विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी निर्माण कार्य उच्च गुणवत्ता मानकों के अनुरूप हों और निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरे किए जाएं। विशेष रूप से पुलों के निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और सुरक्षा से कोई समझौता न किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि जिन कार्यों के लिए निविदा आमंत्रित की जानी है, उनकी प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण की जाए ताकि परियोजना के क्रियान्वयन में अनावश्यक विलंब न हो। आपदा शैल्टरों के निर्माण को लेकर कैबिनेट मंत्री ने कहा कि उनके लिए स्थान का चयन सोच-समझकर किया जाए। स्थान का चयन करते समय क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति, आपदा जोखिम और स्थानीय आवश्यकता को प्राथमिकता दी जाए। इस संबंध में सभी जिलाधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर विस्तृत योजना तैयार करने के निर्देश दिए गए। साथ ही उन्होंने यूएसडीएमए भवन में प्रस्तावित अत्याधुनिक राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के कार्य को शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए। जनपदों में जिला आपातकालीन परिचालन केंद्रों को आधुनिक तकनीकों से सुसज्जित कर उन्हें और अधिक सक्षम बनाने को कहा। कहा कि आपदाओं से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए संबंधित विभागों को आधुनिक उपकरण व संसाधनों से सुसज्जित करना आवश्यक है। बैठक में सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन, सचिव खाद्य एवं परियोजना निदेशक आनंद स्वरूप, एसीईओ प्रशासन महावीर सिंह चौहान, एसीईओ क्रियान्वयन डीआईजी राजकुमार नेगी, जेसीईओ मो. ओबैदुल्लाह अंसारी, वित्त नियंत्रक अभिषेक कुमार आनंद, यूएलएमएमसी के निदेशक डॉ. शांतनु सरकार, एपीडी एसके बिरला, डॉ. मोहित पूनिया, पीडी माथुर आदि उपस्थित रहे।



## राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने किया उपराष्ट्रपति का स्वागत

**देहरादून।** उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन के देवभूमि उत्तराखण्ड आगमन पर जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि), मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और मंत्रीगणों ने उनका स्वागत किया

# चारधाम यात्रा से खिलवाड़ पर सख्त कार्रवाई भ्रामक वीडियो पर एफआईआर दर्ज

■ आस्था पर प्रहार नहीं सहेंगे: चारधाम यात्रा पर अफवाह फैलाने वालों पर शिकंजा



■ चारधाम यात्रा को बदनाम करने की कोशिश नाकाम, दुष्प्रचार करने वालों पर कार्रवाई ■ धामी सरकार का सख्त संदेश: चारधाम यात्रा पर फेक न्यूज फैलाने वालों की खैर नहीं ■ भ्रामक खबरों से यात्रा प्रभावित करने की साजिश बेनकाब, पुलिस हुई सक्रिय

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड की चार धाम यात्रा सुव्यवस्थित, सुरक्षित और सफलतापूर्वक संचालित हो रही है। राज्य सरकार द्वारा यात्री सुविधाओं, स्वास्थ्य सेवाओं, ट्रैफिक प्रबंधन, आपदा सुरक्षा एवं डिजिटल मॉनीटरिंग को सुदृढ़ करते हुए प्रत्येक श्रद्धालु को सुगम एवं व्यवस्थित दर्शन सुनिश्चित किए जा रहे हैं।

कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर चार धाम यात्रा के संबंध में भ्रामक, अपुष्ट एवं तथ्यहीन वीडियो सामग्री प्रसारित कर आम जनमानस को भ्रमित करने तथा राज्य की छवि धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है। जनपद रुद्रप्रयाग में सोशल मीडिया मॉनीटरिंग के दौरान एक ऐसा वीडियो संज्ञान में आया, जिसमें केदारनाथ धाम में श्रद्धालुओं को दर्शन से वंचित किए जाने संबंधी गलत जानकारी प्रसारित की जा रही थी। इस प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए थाना सोनप्रयाग में संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर विधिक कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। मामले की जांच प्रचलित है। साथ ही, ऐसे अन्य 4-5 संदिग्ध वीडियो भी चिन्हित किए गए हैं, जिनकी गहन जांच की जा रही है और उनके विरुद्ध भी नियमानुसार कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## चार धाम यात्रा से जुड़ी व्यवस्थाएं पूर्णत: सुचारू

राज्य सरकार ने स्पष्ट किया है कि चार धाम यात्रा से जुड़ी व्यवस्थाएं पूर्णत: सुचारू हैं और श्रद्धालुओं को व्यवस्थित रूप से दर्शन कराए जा रहे हैं। किसी भी प्रकार की भ्रामक सूचना, अफवाह या दुष्प्रचार को शून्य सहनशीलता के तहत लिया जाएगा। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स की 24×7 निगरानी की जा रही है और दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट संदेश दिया है कि उत्तराखंड की आस्था, श्रद्धा एवं चार धाम यात्रा की गरिमा के साथ खिलवाड़ करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। प्रदेशवासियों, श्रद्धालुओं एवं सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं से अपील की जाती है कि वे केवल आधिकारिक स्रोतों से प्राप्त जानकारी पर ही विश्वास करें तथा किसी भी अपुष्ट, भ्रामक या संदिग्ध सामग्री को साझा करने से बचें।

# 28 अप्रैल को होगा उत्तराखंड विधानसभा का विशेष सत्र

■ राज्यपाल ने जारी की अधिसूचना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** नारी के लोकतंत्र में अधिकार विषय को लेकर उत्तराखंड विधानसभा का विशेष सत्र 28 अप्रैल को होने जा रहा है। राज्यपाल, लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेवानिवृत्त) ने आज इस विशेष विधानसभा सत्र को आहूत करने के संबंध में आधिकारिक अधिसूचना जारी कर दी है। इसके साथ ही विधानसभा सचिवालय ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है।

इस विशेष सत्र का मुख्य विषय नारी सम्मान : लोकतंत्र में अधिकार होगा। इस पर सदन के सभी सदस्य अपनी प्रतिक्रिया और विचार रखेंगे। विधानसभा अध्यक्ष ने 2023 में पारित हुए नारी शक्ति वंदन अधिनियम का जिक्र करते हुए कहा कि इसे सभी दलों ने सर्वसम्मति से पारित किया था, जो महिलाओं को आगे बढ़ाने की हमारी साझा प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने 131वें संविधान संशोधन विधेयक के क्रियान्वयन के दौरान विपक्ष के व्यवहार पर दुख व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जब महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने की बात आई तो विपक्ष जाति और धर्म जैसे मुद्दों को बीच में ले आया, जो उनकी महिलाओं के प्रति नकारात्मक सोच को दर्शाता है।उन्होंने कहा कि महिलाएं निराश नहीं हैं। उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर पूरा भरोसा है कि वह महिलाओं के विकास की इस उड़ान को नई दिशा देंगे। उन्होंने बताया कि विधानसभा सत्र के मद्देनजर 26 अप्रैल को सुरक्षा की बैठक और 27 अप्रैल को कार्य मंत्रणा व सर्वदलीय बैठक आयोजित की जाएगी।

# 'अतिथि देवो भव:' की भावना से कार्य करें अधिकारी-कर्मचारी: महाराज



■ वैकुंठ धाम भगवान बद्री विशाल के कपाट खुलने पर दी शुभकामानाएं

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** प्रदेश के पर्यटन, धर्मस्व, संस्कृति, लोक निर्माण, सिंचाई एवं ग्रामीण निर्माण मंत्री सतपाल महाराज ने गंगोत्री, यमुनोत्री, केदारनाथ धाम के बाद देवभूमि उत्तराखंड स्थित भू-बैकुंठ श्री बद्रीनाथ धाम के कपाट खुलने पर शुभकामनाएं अपनी शुभकामनाएं दी हैं।

महाराज ने कहा कि 6 माह के शीतकाल के बाद गंगोत्री, यमुनोत्री, श्री केदारनाथ धाम के पश्चात देवभूमि उत्तराखंड स्थित भू-बैकुंठ श्री बद्रीनाथ धाम के कपाट गुरुवार को ब्रह्म मुहूर्त में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच खुलने के साथ ही विधिवत् रुप से चारधाम यात्रा शुरू हो गई है। उन्होंने चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं से अनुरोध करते हुए कहा कि उत्तराखंड देवी-देवताओं की पवित्र भूमि है। इसलिए इस बात का प्राथमिकता से ध्यान रखें कि यात्रा के दौरान कहीं भी प्लास्टिक, कचरा और शोर-शराबा न हो।

महाराज ने चारधाम यात्रा के दौरान सेवा कार्य में लगे अधिकारियों, कर्मचारियों, जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, आईटीबीपी, बीआरओ, स्वास्थ्य विभाग एवं पर्यटन विभाग के कर्मचारियों अधिकारियों से कहा है कि आप देवभूमि के प्रहरी हैं। इसलिए ष्अतिथि देवो भव:ष की भावना से कार्य करते हुए देवभूमि उत्तराखंड का नाम रोशन करें। उन्होंने पंडा-पुरोहित समाज को भक्त और भगवान के बीच सेतु बताते हुए कहा कि आपके मंत्रों से ही धाम की दिव्यता जीवित है।

महाराज ने होटल-रेस्टोरेंट व्यवसायियों और यात्रा रुट पर पड़ने वाले सभी दुकानदारों से आग्रह किया है कि वह अपनी वस्तुओं और सेवाओं का यात्रियों से वाजिब दाम लें। लोकल को बढ़ावा देते हुए मंडुए की रोटी, गहत की दाल, पहाड़ी राजमा आदि यात्रियों को परोसें। उन्होंने कहा कि टूर-ट्रैवल संचालक यात्रा के सूत्रधार हैं।

# पेशावर कांड के महानायक वीर चंद्र गढ़वाली को दी गई श्रदांजलि

■ गढ़वाली का जीवन संघर्ष, साहस और राष्ट्रप्रेम का प्रतीक: मीना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार।** पेशावर कांड की स्मृति में गुरुवार को तहसील प्रांगण, कोटद्वार में वीर चंद्र सिंह गढ़वाली को श्रद्धापूर्वक नमन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कांग्रेस जनों एवं स्थानीय नागरिकों ने एकत्रित होकर उनकी प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किए और उनके साहस, राष्ट्रभक्ति एवं कर्तव्यनिष्ठा को याद किया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री सुरेन्द्र सिंह नेगी ने अपने संबोधन में कहा कि वीर चंद्र सिंह गढ़वाली केवल एक सैनिक नहीं, बल्कि सच्चे अर्थों में राष्ट्रधर्म का पालन करने वाले महान व्यक्तित्व थे। 23 अप्रैल 1930 को पेशावर में निहत्थे भारतीयों पर गोली चलाने के आदेश को ठुकराकर उन्होंने मानवता और देशभक्ति का जो उदाहरण प्रस्तुत किया, वह आज भी हर किस लिए प्रेरणास्रोत है। महानगर अध्यक्ष मीना बछवाण ने कहा कि गढ़वाली का जीवन संघर्ष, साहस और राष्ट्रप्रेम का प्रतीक है। इस अवसर पर प्रथम महापौर हेमलता नेगी, महानगर अध्यक्ष मीना बछवाण, पूर्व ब्लॉक प्रमुख गीता नेगी, पूर्व महानगर अध्यक्ष संजय मित्तल, महिला अध्यक्ष सुधा असवाल, पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष धीरेंद्र सिंह बिष्ट, यशोदा देवी, शहनाज शमशीर, संरक्षक देवेंद्र सिंह नेगी, ब्लॉक अध्यक्ष सुदर्शन भंडारी, हुकुम सिंह, सोशल मीडिया प्रदेश महासचिव नीरज बहुगुणा, पार्षद सूरज कांति, सतेंद्र सिंह नेगी आदि मौजूद रहे।

# मंत्री जोशी ने की मसूरी विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों की समीक्षा



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने गुरुवार को अपने कैंप कार्यालय में सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर मसूरी विधानसभा क्षेत्र में संचालित विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की।

बैठक के दौरान कैबिनेट मंत्री जोशी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि क्षेत्र में चल रहे सभी निर्माण कार्य निर्धारित समयसीमा के भीतर पूर्ण किए जाएं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जो कार्य अभी लंबित हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा किया जाए, ताकि आमजन को समय पर सुविधाओं का लाभ मिल सके।

कैबिनेट मंत्री जोशी ने मसूरी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत जनपद देहरादून में बाल्दी नदी से सहस्त्रधारा बाजार के दोनों तटों पर अनुमानित लागत 2708 लाख की लागत से बाढ़ सुरक्षा कार्य, कार्लीगाड़ गांव में कार्लीगाड़ नदी पर लागत 503 लाख से बाढ़ सुरक्षा कार्य तथा ग्राम पंचायत धनौला से बांडावाली तक बाल्दी नदी के दोनों तटों पर लागत 854 लाख से बाढ़ सुरक्षा कार्य को मुख्यमंत्री घोषणा में शामिल किए जाने पर प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने अधिकारियों को शासन स्तर पर लंबित प्रस्तावों की शीघ्र स्वीकृति हेतु निरंतर फॉलोअप करने के निर्देश दिए। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की बाधा न आए तथा सभी योजनाएं तय समयसीमा में गुणवत्तापूर्वक पूर्ण की जाएं। इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता सिंचाई संजय राज, सहायक अभियंता सचिन सेमवाल सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# नारी शक्ति के सपनों की हत्या: भावना

## महिला आरक्षण: भाजपा नेत्री ने विपक्ष पर साधा निशाना

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**रानीखेत।** महिला आरक्षण विधेयक के सदन में पारित न होने के बाद राजनीतिक माहौल गरमा गया है। गुरुवार को भाजपा नेत्री एवं आवास सलाहकार परिषद की उपाध्यक्ष भावना मेहरा ने प्रेस वार्ता में विपक्ष पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि विपक्ष की 'ना' ने देश की करोड़ों महिलाओं के सपनों को कुचलने का काम किया है। भावना मेहरा ने आरोप लगाया कि महिला सशक्तिकरण की बातें करने वाला विपक्ष निर्णायक समय में महिलाओं के अधिकारों के खिलाफ खड़ा हो गया। उन्होंने कहा कि यह कदम देश की महिलाओं और बेटियों के राजनीतिक भविष्य के साथ अन्याय है। मेहरा ने भाजपा की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि पार्टी हमेशा महिलाओं के सम्मान और



उनकी भागीदारी बढ़ाने के लिए कार्य करती रही है, लेकिन विपक्ष की नकारात्मक राजनीति के कारण यह महत्वपूर्ण विधेयक सदन में गिर गया। उन्होंने विपक्ष पर परिवारवाद की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा कि यह विधेयक साधारण महिलाओं को आगे बढ़ने का अवसर देता, जो विपक्ष के लिए चुनौती बन सकता था। उन्होंने इसे महिलाओं के साथ विश्वासघात करार देते हुए कहा कि जनता इस रवैये को समझती है और समय आने पर जवाब देगी। वहीं, क्षेत्रीय विधायक प्रमोद नैनवाल ने भी कांग्रेस सहित विपक्षी दलों के रुख की निंदा करते हुए कहा कि जब महिलाओं को अधिकार और भागीदारी देने की बात आती है, तब ऐसे दल पीछे हट जाते हैं, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। इससे पूर्व रानीखेत पहुंचने पर भावना मेहरा का भाजपा कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष घनश्याम भट्ट, विधायक प्रमोद नैनवाल, प्रदेश मंत्री विमला रावत, जिला पंचायत सदस्य बीना बिष्ट, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष हेमा नेगी, जिला उपाध्यक्ष गणेश राम, जिलामंत्री ध्यान सिंह नेगी, महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष तनुजा साह, कोषाध्यक्ष सरिता पांडेय, लता पांडेय, युवा मोर्चा अध्यक्ष साहिल बेलवाल, मंडल अध्यक्ष राम सिंह रावत, मुकेश पांडेय, राम सिंह रावत, रमेश सिंह खनायत, रोहित शर्मा, महेंद्र रावत सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जमीनी विवाद के तनाव में बुजुर्ग की मौत, मुकदमा दर्ज

**काशीपुर।** आईटीआई कोतवाली क्षेत्र में कृषि भूमि पर कथित अवैध कब्जे, मारपीट और लगातार मानसिक प्रताड़ना के बाद एक 80 वर्षीय बुजुर्ग की मौत का मामला सामने आया है। मृतक के पुत्र जितेंद्र अरोरा की तहरीर पर पुलिस ने जितेंद्र चावला और वरुण कुमार शर्मा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रामनगर रोड, दुर्गा मंदिर वाली गली निकट सूरज मेडिकल स्टोर निवासी जितेंद्र अरोरा पुत्र स्व. ओम प्रकाश ने आईटीआई कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके परिवार की ग्राम खड़कपुर देवीपुरा में कृषि भूमि है, जिसमें उनका और उनके पिता स्व. ओम प्रकाश का हिस्सा है। वर्ष 2009 में उपजिलाधिकारी द्वारा खातेदारों की सहमति से भूमि का बंटवारा कर कब्जा दिलाया गया था और जितेंद्र चावला आदि की भूमि के मध्य पक्की ईंटों से नींव भर दी थी। आरोप है कि 12 अप्रैल 2026 को जब वह खेत पर पहुंचे तो वहां कुछ मजदूर नींव खोदते मिले। मौके पर मौजूद एक व्यक्ति ने स्वयं को अधिवक्ता बताते हुए बताया कि उसने यह जमीन जितेंद्र चावला से खरीदी है। विरोध करने पर कथित तौर पर धमकी दी गई कि पूरी जमीन पर कब्जा कर लिया जाएगा। पीड़ित पक्ष का कहना है कि उन्होंने मामले की शिकायत पुलिस, एसडीएम और तहसील प्रशासन से की, लेकिन इसके बावजूद निर्माण कार्य जारी रहा। 20 अप्रैल को राजस्व टीम के साथ मौके पर पहुंचने पर आरोप है कि वरुण कुमार शर्मा ने साथियों के साथ उनके और उनके पिता के साथ मारपीट की तथा जितेंद्र चावला के साथ मिलकर जान से मारने की धमकी दी। तहरीर के अनुसार, लगातार तनाव और प्रताड़ना के चलते उनके पिता अत्यधिक मानसिक दबाव में आ गए थे। 21 अप्रैल को सायं 4:15 बजे कारीब दुकान पर बैठे-बैठे उनकी मौत हो गई। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 103(1), 115(2), 318(4), 351(3), 352 और 61 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## एक नजर

### जिला नियोजन समिति का गठन न होने पर गुस्सा

**बागेश्वर।** जिला पंचायत के गठन को आठ माह पूर्ण होने के बावजूद अब तक जिला नियोजन समिति का गठन नहीं होने पर असंतोष बढ़ता जा रहा है। जिला पंचायत सदस्य (जेठाई) गोपा धपोला ने इस स्थिति को अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। उन्होंने कहा कि बिना समिति के सदस्यों के ही जिला योजना की बैठकें आयोजित की जा रही हैं, जो पूरी तरह अलो. कतांत्रिक और असंवैधानिक प्रतीत होती हैं। यह निर्वाचित सदस्यों के अधिकारों का हनन है और उनकी योजनाओं पर अतिक्रमण करने जैसा है। गोपा धपोला ने पंचायती राज व्यवस्था में दिए गए अधिकारों की अनदेखी पर कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि इस तरह की कार्यप्रणाली किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने इस व्यवस्था की घोर निंदा की है। साथ ही चेतावनी दी कि यदि बिना सदस्यों के जिला योजना की बैठकें जारी रहती हैं, तो वे माननीय प्रभारी मंत्री के विरोध के लिए बाध्य होंगे।

### महिला मोर्चा का प्रदर्शन, विपक्ष पर निशाना

**बागेश्वर।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में महिलाओं द्वारा जिला अध्यक्ष प्रभा गढ़िया एवं विधायक बागेश्वर पार्वती दास के नेतृत्व में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान 16 एवं 17 अप्रैल को संसद में प्रस्तुत महत्वपूर्ण विधेयक का विरोध करने पर कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, टीएमसी और डीएमके पर कड़ा प्रहार किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि इन दलों ने देश की आधी आबादी यानी महिलाओं के साथ विश्वासघात किया है और अपनी महिला विरोधी मानसिकता को उजागर किया है। महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने इस कदम का कड़ा विरोध करते हुए इसे महिलाओं के अधिकारों के खिलाफ बताया। इस अवसर पर विधायक पार्वती दास, उत्तराखंड बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य नीमा धपोला, महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष रेखा गोस्वामी, जिला मंत्री विमला कपकोटी, जिला महामंत्री भावना गढ़िया, जिला महामंत्री घनश्याम जोशी एवं कार्यालय प्रभारी दामोदर जोशी उपस्थित रहे।

### काला फीता बांधकर जताया विरोध

**बागेश्वर।** जिले में उत्तराखंड प्रांतीय रक्षक दल के जवान अपनी दो सूत्रीय मांगों समान कार्य के लिए समान वेतन और 365 दिन रोजगार को लेकर आंदोलनरत हैं। इन मांगों के समर्थन में देहरादून में भी पीआरडी जवानों द्वारा धरना-प्रदर्शन किया जा रहा है। इसी क्रम में प्रांतीय रक्षक दल बागेश्वर के जवानों ने गुरुवार से अपने-अपने कार्यक्षेत्र में ड्यूटी करते हुए बाहों में काला फीता बांधकर विकास भवन परिसर में अनिश्चितकालीन सांकेतिक प्रदर्शन शुरू कर दिया है। जवानों का कहना है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक उनका विरोध जारी रहेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि वे प्रदर्शन के साथ-साथ अपनी ड्यूटी भी पूरी निष्ठा से करते रहेंगे। इस दौरान रविंद्र सिंह, नीमा वर्मा, मुन्नी भंडारी, खश्टी मेहता, राजन लाल, सुंदरलाल, आनंद खेतवाल, महेश लाल, तनुज प्रकाश, उपाध्यक्ष ललित भट्ट, सचिव रंजन, राजन कुमार, किशोरी लाल सहित कई जवान मौजूद रहे।

### रील बनाने के चक्कर में युवक पर कार्रवाई

**बागेश्वर।** जिले में सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो को लेकर पुलिस ने सख्त कदम उठाया है। वीडियो में वाहन संख्या यूके-02 बी 7684 (मारुति ऑल्टो) के साथ एक युवक लापरवाही से स्टंट करते हुए रील बनाता दिखाई दे रहा था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में कोतवाली बागेश्वर पुलिस ने 22 अप्रैल 2026 को त्वरित कार्रवाई की। वाहन चालक करन टम्टा पुत्र ललित मोहन, निवासी मजियाखेत के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालानी कार्रवाई की गई और वाहन को सीज कर दिया गया। पुलिस ने आम जनता से अपील करते हुए कहा है कि कुछ सेकंड की सोशल मीडिया लोकप्रियता के लिए अपनी और दूसरों की जान जोखिम में न डालें। यातायात नियमों का पालन करना सभी की जिम्मेदारी है।

### मजदूरी के रूपये मांगने पर मारपीट का आरोप

**काशीपुर।** मजदूरी के पैसे मांगने पर ठेकेदार व मालिक पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए एक युवक ने पुलिस को तहरीर सौंपी है। कुंडेश्वरी निवासी नरेन्द्र सिंह ने कुंडेश्वरी पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसने पथरी मंदिर के सामने प्लाई का कार्य किया था। दो माह काम करने के बाद जब उसने ठेकेदार व मालिक से अपनी मजदूरी के 25 हजार रूपये मांगे तो उन्होंने पैसे देने से इंकार कर दिया। कहा कि जब वह मजदूरी के पैसे मांगने उनके घर गया तो उन्होंने उसे जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर उसके मजदूरी के पैसे दिलाने की गुहार लगाई है। पुलिस तहरीर के आधार पर मामले की जांच में जुटी है।

### गांजे के साथ दो गिरफ्तार

**काशीपुर।** कोतवाली आईटीआई पुलिस द्वारा गश्त/चैकिंग के दौरान हिम्मतपुर में नमकीन फैक्ट्री के पीछे मैदान से तेजा सिंह पुत्र मक्खन सिंह और सचिन पुत्र मुकेश निवासीगण मंगल बाजार आलू फार्म कोतवाली आईटीआई को एक किलोग्राम से अधिक मात्रा के अवैध गांजे के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुकतगण को उनके जुर्म धारा 08/20/29 एनडीपीएस एक्ट से अवगत कराकर नियमानुसार गिरफ्तार कर इनके विरुद्ध धारा 08/20/29 एनडीपीएस एक्ट में अभियोग पंजीकृत किया गया है।

### विद्युत कटौती शीघ्र बंद नहीं हुई तो कांग्रेस करेगी आंदोलन : अलका पाल

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** अघोषित विद्युत कटौती पर महानगर कांग्रेस की जिला अध्यक्ष अलका पाल ने बिजली विभाग को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर शीघ्र ही अघोषित विद्युत कटौती बंद नहीं की गई तो कांग्रेस बिजली विभाग के



खिलाफ आंदोलन छोड़ देगी। अलका पाल ने कहा कि कई क्षेत्रों में रात भर बिजली गुल रहने त्राहि-त्राहि मची है। बिना पूर्व सूचना के अघोषित विद्युत कटौती से जहां आम जीवन प्रभावित हो रहा है, वहीं बच्चों की पढ़ाई, पानी की आपूर्ति एवं खेती, किसानी भी प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत कटौती की मार से जनता त्रस्त है। एक और गेहूं की कटाई होने के कारण सुबह से शाम तक विद्युत कटौती हो रही है, वहीं कुछ क्षेत्रों में सुबह 10 से रात 12 बजे तक की कटौती हो रही है। बिजली विभाग ना तो इस विषय में आम जनता को अपना कोई शेड्यूल बताता है ना ही कोई पूर्व सूचना दी जाती है, जो कि गलत है। कहा कि कई क्षेत्रों में जर्जर विद्युत तारों के कारण लंबी कटौती हो रही है। विद्युत विभाग को गर्मी के सीजन से पूर्व ही सभी व्यवस्थाएं चाक चौबंद करनी चाहिए थी।

### कला संकाय ने जमाया फुटबॉल ट्राफी पर कब्जा

**अल्मोड़ा।** सोबन सिंह जीना परिसर की अंतर संकाय फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन हो गया है। गुरुवार को कला और विज्ञान संकाय के मध्य फाइनल मुकाबला खेला गया। जिसमें शानदार प्रदर्शन करते हुए कला संकाय ने ट्राफी अपने नाम की। हेमवती नंदन बहुगुणा स्टेडियम में आयोजित फाइनल प्रतियोगिता का शुभारंभ परिसर निदेशक प्रो. प्रवीण सिंह बिष्ट और डीएसडब्लू प्रो. शेखर चंद्र जोशी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। इसके बाद कला और विज्ञान संकाय के बीच मुकाबला खेला गया। जिसमें शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए कला संकाय ने 2-1 के अंतर से जीत दर्ज कर फाइनल ट्राफी पर अपना कब्जा जमाया। इस मौके अतिथियों की ओर से विजेता और उपविजेता टीम को ट्राफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। यहां क्रीड़ा प्रभारी लियाकत अली खान, डा. केके खोलिया, पंकज, हरेंद्र, कैलाश, किशन कुमार, प्रेम लटवाल, विशाल कनवाल, विक्की गोस्वामी, कमल रावत समेत कई खेल प्रेमी मौजूद रहे।

# बदहाल सड़कों पर भड़की कांग्रेस

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** सांस्कृतिक नगरी अल्मोड़ा में बदहाल सड़कों को लेकर कांग्रेस ने मोर्चा खोल दिया है। गुरुवार को कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ धरना देकर जमकर



प्रदर्शन किया। इस दौरान सड़कों पर बने गड्ढों पर पौधरोपण कर नाराजगी जताई। नगर के जेल रोड स्थित कांग्रेस कार्यकर्ता एकत्र हुए। जहां उन्होंने अल्मोड़ा नगर की बदहाल सड़कों को लेकर सरकार के खिलाफ धरना दिया। इस दौरान शासन प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि लंबे समय से नगर की सड़के बदहाल बनी हुई है। सड़क जगह-जगह गड्ढों में तब्दील हो गई है। जिससे आए दिन दुर्घटनाओं की आंशका बनी रहती है। वहीं, लोगों को आवगमन करने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। कहा कि कई बार मामले को लेकर विभाग को अवगत कराया गया, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि जल्द सड़क का सुधारीकरण कार्य नहीं किया गया तो समस्त कांग्रेस कार्यकर्ता उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे। यहां जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह भोज, नगर अध्यक्ष तारा जोशी, पार्षद वैभव पांडे, पूर्व दर्जा राज्य मंत्री पूरन सिंह रौतेला, अरविंद रौतेला, दीप सिंह डांगी, पूरन संजय दुर्गापाल, गीता मेहरा, शरद साह, टिटू पंत, किरण आर्य, विशाल कनवाल, गौरव जोशी, सतीश पांडे, मुकेश कुमार, विकास कुमार, विनोद वैष्णव, भैरव गोस्वामी, मदन डांगी, परितोष जोशी, हेम सासी, अनूप भारती, ऋतिक नयाल, प्रदीप कुमार, इसरार अहमद, गुंजन चमियाल, कार्तिक साह, मुकेश नेगी, सुशील शाह, अशोक गुरुरानी, कुणाल, दीपक कुमार, तारा तिवारी, विशाल बिष्ट, अंबी राम, सुशील साह समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# दस युवकों ने एक युवक को मारपीट कर घायल किया

**काशीपुर।** एक युवक ने 10 अन्य युवकों पर उसके साथ मारपीट करने का आरोप लगाते हुए कहा कि मारपीट में उसका सिर फट गया। छीना फार्म, ढकिया गुलाबो निवासी अंकित चौहान पुत्र हृदयेश चौहान ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका एक ऑफिस नेहा गैस एजेन्सी के पास है। 21 अप्रैल की रात्रि के लगभग 9.00 बजे वह अपना ऑफिस बंद कर रहा था, तभी जतिन पुत्र उमेश कुमार निवासी मौ. किला, फसियों वाली गली, काशीपुर, आयुष व गौतम निवासीगण वाल्मीकि सभा के पास, काशीपुर तथा अन्य सात अन्य लड़के जोकि बाइक पर वेवजह गालियां बक रहे थे। अंकित ने बताया कि गालियां देने से मना किया तो उसे बुरी तरह मारने पीटने लगे और उसके सिर पर हत्या करने की नीयत से प्रहार किया जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया और अपनी जान बचाकर पास में ही एक मेडिकल स्टोर में घुस गया तो उक्त लोगों ने उसके साथ-साथ मेडिकल स्टोर वालों पर भी हमला कर दिया। घायल अवस्था में उसे आस पास के दुकानदार लोग कोतवाली लेकर गये जहां पुलिस द्वारा एलडी भट्ट राजकीय चिकित्सालय ले जाया गया जहां हालत को गम्भीर देखते हुए हायर सेंटर में रैफर कर दिया। अंकित ने बताया कि वर्तमान में उसका इलाज एक निजी अस्पताल में चल रहा है। अंकित चौहान की तहरीर के आधार पर पुलिस ने जतिन, आयुष, गौतम व अन्य 7 लड़कों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2), 191(2), 324(4), 351(3), 352 के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच एसआई देवेन्द्र सिंह सामंत के सुपुर्द की है।

# केवाईसी कराने के नाम पर साढ़े आठ लाख की ठगी

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** केवाईसी कराने के नाम साइबर ठगों ने एक महिला से 8.50 लाख रुपये ठग लिये। पुलिस ने महिला की तहरीर के आधार पर अज्ञात ठग के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। मानपुर रोड, कचनाल गाजी निवासी नन्दा उप्रेती पत्नी स्व. महेश चन्द्र उप्रेती ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 15 अप्रैल को उनके फोन पर किसी अज्ञात व्यक्ति का कॉल आया, उसने कहा मैं एक्सिस बैंक से बोल रहा हूँ आप अपने खाते की केवाईसी करवा लो। उन्होंने कहा कि मेरी केवाईसी हो चुकी है। उन्होंने अपने भाई का मोबाइल नंबर उसे दिया और कहा कि बात कर लो। नन्दा उप्रेती ने बताया कि कुछ देर बाद उपरोक्त व्यक्ति ने उन्हें एक लिंक भेजा और कहा कि इस पर क्लिक करो और अपना विवरण भर लो। उन्होंने उसके कहे अनुसार लिंक पर क्लिक कर विवरण भर दिया। उसके बाद उन्हें शक हुआ और उन्होंने एक्सिस बैंक के डिप्टी मैनेजर को कॉल किया तो वह बोले कि ओटीपी नहीं बताया तो सब ठीक है। जिसके बाद वह निश्चिन्त हो गयी। नन्दा उप्रेती ने बताया कि उसके बावजूद उनके नंबर पर आने वाली सारी मैसेज उपरोक्त व्यक्ति के नंबर पर जाने लगी और उनके खाते से कई बार में 8,50,000 रुपये कट गये। किन्तु बैंक के डिप्टी मैनेजर ने उनका खाता बन्द नहीं किया। इसके बाद उनके दामाद ने उनका खाता कस्टर केयर द्वारा बन्द करवा दिया। नन्दा उप्रेती ने उक्त साइबर ठग के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की मांग है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 318(4) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# रानीखेत में मीडिया सेंटर की मांग

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**रानीखेत।** नगर के पत्रकारों ने रानीखेत में मीडिया सेंटर की स्थापना की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन विधायक डा. प्रमोद नैनवाल को सौंपा। यह ज्ञापन नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट के जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह बिष्ट के नेतृत्व में दिया गया। ज्ञापन में पत्रकारों ने रानीखेत नगर में मीडिया सेंटर खोले जाने की



आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि इससे स्थानीय पत्रकारों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और समाचार संप्रेषण अधिक व्यवस्थित ढंग से हो सकेगा। साथ ही उन्होंने नगर में गिरते व्यापार और पर्यटन को लेकर भी चिंता व्यक्त की तथा शहर के वास्तविक स्वरूप को बनाए रखने के लिए ठोस प्रयास करने की मांग उठाई। पत्रकारों ने जिला स्तरीय मीडिया सेंटर की स्थापना को समय की आवश्यकता बताते हुए शीघ्र कार्रवाई की अपेक्षा जताई। इस पर विधायक डा. प्रमोद नैनवाल ने सकारात्मक रुख अपनाते हुए कहा कि मीडिया सेंटर के निर्माण के लिए वह अपनी विधायक निधि से धन उपलब्ध कराएंगे। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही संयुक्त मजिस्ट्रेट से वार्ता कर उपयुक्त भूमि का चयन कर लिया जाएगा। इस अवसर पर जिला सचिव संदीप पाठक, कोषाध्यक्ष गोपाल गोस्वामी, नवीन भट्ट, कैलाश अधिकारी सहित कई पत्रकार मौजूद रहे।

# अवैध शस्त्रों पर डीएम सख्त

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद स्तरीय अवैध शस्त्र निगरानी समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में अवैध शस्त्रों की निगरानी, सत्यापन एवं नियंत्रण को लेकर विस्तृत चर्चा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने जनपद के सभी प्रवेश एवं निकास बिंदुओं पर सघन चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने अन्य राज्यों से स्थानांतरित होकर आए व्यक्तियों के शस्त्र लाइसेंसों का विशेष अभियान चलाकर सत्यापन सुनिश्चित करने पर जोर दिया। इसके साथ ही, जिले में संचालित हथियार एवं गोला-बारूद की दुकानों (गन हाउसों) का समय-समय पर औचक निरीक्षण करने तथा निर्धारित सीमा से



अधिक कारतूस खरीदने वाले व्यक्तियों पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए गए।

बैठक में पुलिस उपाधीक्षक को अपराध प्रवृत्ति वाले व्यक्तियों के शस्त्र लाइसेंस निरस्तीकरण से संबंधित मासिक रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए गए। साथ ही, सभी गन हाउसों में सीसीटीवी डेटा का कम से कम एक वर्ष तक सुरक्षित बैकअप रखने को अनिवार्य किया गया। जिलाधिकारी ने जनपद में संच. ालित बार, पब एवं अन्य रात्रिकालीन प्रतिष्ठानों के लिए तय समय-सीमा का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने, प्रमुख स्थलों पर सीसीटीवी कैमरों और पुलिस को निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए। बैठक में पुलिस उपाधीक्षक अजय शाह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# माने लैब तकनीशियन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** अपनी विभिन्न लंबित मांगों को लेकर पिछले कई दिनों से आंदोलनरत उत्तराखंड मेडिकल लैब टेक्नीशियन एसोसिएशन, अल्मोड़ा शाखा ने अपना विरोध प्रदर्शन समाप्त कर दिया है। महानिदेशक स्वास्थ्य के सकारात्मक आश्वासन और मुख्य चिकित्सा अधिकारी के सहयोग के बाद एसोसिएशन ने यह निर्णय लिया है। एसोसिएशन के सचिव महेंद्र बिष्ट और अध्यक्ष ने संयुक्त रूप से अवगत कराया कि महानिदेशक महोदया द्वारा उनकी मांगों के निस्तारण हेतु दिए गए भरोसे के बाद अब सभी सदस्य अपना विरोध वापस ले रहे हैं। सचिव महेंद्र बिष्ट ने बताया कि विरोध स्वरूप बांधा गया काला फीता आज उतार दिया गया है। एसोसिएशन ने इस दौरान सीएमओ अल्मोड़ा द्वारा दिए गए मार्गदर्शन और सकारात्मक रुख की भी सराहना की और उनका हृदय से आभार व्यक्त किया।

# बागेश्वर में गैस, पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति सामान्य

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** जनपद में घरेलू गैस, पेट्रोल एवं डीजल की आपूर्ति एवं वितरण व्यवस्था पूरी तरह सुचारु रूप से संचालित हो रही है। जिला पूर्ति अधिकारी बबलू पांडे ने जानकारी देते हुए बताया कि उपभोक्ताओं को घरेलू गैस सिलेंडरों का वितरण व्यवस्थित और समयबद्ध तरीके से किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि विभिन्न गैस एजेंसियों के माध्यम से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में कुल 907 गैस सिलेंडरों का वितरण सुनिश्चित किया गया। इण्डेन गैस सर्विस, बागेश्वर द्वारा पालड़ीछीना (ग्रामीण) और मण्डलसेरा बाईपास (शहरी) क्षेत्रों में 288 सिलेंडरों का वितरण किया गया। इसके अलावा गरुड़, कपकोट और काण्डा क्षेत्रों में क्रमशः 234, 200 और 100 सिलेंडरों का वितरण किया गया। वहीं शुभम गैस एजेंसी, गरुड़ द्वारा 85 सिलेंडरों की आपूर्ति की गई। जिला पूर्ति अधिकारी ने स्पष्ट किया कि जनपद में गैस की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है और कहीं भी किसी प्रकार की कमी नहीं है। उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए वितरण व्यवस्था की नियमित निगरानी की जा रही है। इसके साथ ही जनपद के 14 पेट्रोल पंपों पर 80,004 लीटर डीजल और 85,817 लीटर पेट्रोल उपलब्ध है, जिससे ईंधन आपूर्ति भी सामान्य बनी हुई है। प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और आवश्यकता पड़ने पर संबंधित गैस एजेंसी या विभाग से संपर्क करें।

# बार काउंसिल के सदस्यों का स्वागत

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** बार एसोसिएशन काशीपुर के तत्वाधान में उत्तराखंड बार काउंसिल के नवनिर्वाचित सदस्यों का भव्य स्वागत किया गया। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष गिरिजेश खुल्वे, उपाध्यक्ष विधू शेखर शर्मा, सचिव यशवंत चौहान, उप सचिव अंकित चौधरी व अन्य पदाधिकारियों ने स्मृति चिन्ह देकर नवनिर्वाचित सदस्यों का सम्मान किया। इस मौके पर बार एसोसिएशन काशीपुर के अध्यक्ष गिरिजेश खुल्वे ने कहा की काशीपुर बार एसोसिएशन ने उत्तराखंड को अनेक विभूतियां दी हैं काशीपुर बार कुमाऊं की प्राचीन बार में से एक है और इसके प्रथम अध्यक्ष पंडित गोविंद बल्लभ पंत रहे हैं। संच. ालन कर रहे, बार एसोसिएशन के सचिव यशवंत चौहान ने मांग की कि अधिवक्ता की मृत्यु के बाद उसके



परिजनों को 5 लाख रूपये की आर्थिक सहायता मिलनी चाहिए साथ ही बुजुर्ग अधिवक्ताओं को पेंशन तथा युवा अधिवक्ताओं को भी मानदेय मिलना चाहिए और महिला अधिवक्ताओं के लिए भी विशेष प्रावधान होने चाहिए। इस मौके पर बार काउंसिल आफ उत्तराखंड के सदस्य, दिवाकर पाण्डे, नीरज गुप्ता, चंद्र शेखर जोशी, अमनदीप कोर, सुशीला मेहता ने भी अपने विचार रखें। इस मौके पर आनंद रस्तोगी, आलोक माथुर, नीरज चौहान, सुरेंद्र सिंह, भास्कर त्यागी, अंकित त्यागी, अभिताभ सक्सेना, मोहम्मद कमर, शुभम सिंघल आदि मौजूद थे।

# फायर फाइटर्स ने बुझाई जंगल की आग

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** सोमेश्वर रेंज बले, पच्चीसी, क्वैराली, मवे माफी, भनाराठ और रौल्याना के जंगलों में आग लग गई। सुबह के समय भड़की आग ने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया और गांव की आबादी की ओर बढ़ने लगी। आग की लपटें और धुएं को देखकर ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए हंस फाउंडेशन की महिला फायर फाइटर्स और स्थानीय ग्रामीण महिलाएं तुरंत मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने में जुट गईं। सूखी पिरुल और पत्तियों के कारण आग तेजी से फैल रही थी, जिससे जंगल के अंदरूनी हिस्सों में आग पर नियंत्रण पाना कठिन हो गया। महिलाओं ने कड़ी मशक्कत कर फायर लाइन काटी और गांव की दिशा में बढ़ रही आग को रोकने में



सफलता पाई। वन विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची और ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया। तेज हवा के कारण राहत कार्यों में बाधा आई, लेकिन संयुक्त प्रयासों से आबादी वाले क्षेत्र को सुरक्षित कर लिया गया। आग बुझाने में महिलाओं की भूमिका सराहनीय रही। भनाराठ गांव में वनाग्नि से कई परिवारों को नुकसान हुआ। पीड़ित परिवारों के का घास, पिरुल और लकड़ी का ढेर जलकर पूरी तरह खाक हो गया, जिससे प्रभावित परिवारों को काफी नुकसान उठाना पड़ा। आग बूझाने वालों में फायर फाइटर लक्ष्मी मेहरा, दीपा देवी, कमल मेहरा, दुर्गा देवी, ममता मेहरा, रेखा देवी, दीपा देवी, सुमन सहित अन्य फायर फाइटर, ग्रामीण और वन विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे। **वहीं,** पर्वतीय क्षेत्रों में बढ़ती गर्मी के साथ वनाग्नि की घटनाएं भी तेजी से बढ़ रही हैं। बीते बुधवार रात अल्मोड़ा नगर के करबला से सटे जंगल में आग धधक उठी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। जिससे लोगों में हड़कंप मच गया। दरअसल, इन दिनों जिला मुख्यालय समेत ग्रामीण क्षेत्रों में रोजाना किसी न किसी जंगल में आग लगने की सूचना मिल रही है। बुधवार रात अल्मोड़ा के करबला से सटे जंगल में अचानक आग लग गई। विकराल हो चुकी आग आसपास के रिहायशी इलाकों की ओर से तेजी से बढ़ने लगी। जिससे वहां मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया।

# महिलाओं के साथ विश्वासघात: वर्मा

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** नारी शक्ति वंदन को लेकर मेयर अजय वर्मा ने गुरुवार को प्रेस वार्ता की। इस दौरान उन्होंने विपक्षी दलों पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस ने महिलाओं के साथ विश्वासघात



किया है। नगर निगम सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में मेयर वर्मा ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधि. नियम केवल एक कानून नहीं, बल्कि देश की आधी आबादी को उनका अधिकार दिलाने का ऐतिहासिक संकल्प है। कहा कि भाजपा सरकार महिलाओं को आगे बढ़ाने का हरसंभव प्रयास कर रही है, लेकिन विपक्ष बार-बार सरकार के प्रयासों पर बाधा बन रहा है। इस बार सदन में बल को गिराकर विपक्ष ने साबित कर दिया कि वह महिलाओं के हितैसी नहीं विरोधी हैं। आरोप लगाया कि उसने दशकों तक तकनीकी बहानों, समितियों और लंबी प्रक्रियाओं के जरिए महिला आरक्षण को टालने का काम किया। पार्टी का दावा है कि पंचायत स्तर पर आरक्षण देना आसान समझा गया, लेकिन संसद और विधानसभाओं में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के प्रयासों को जानबूझकर लंबित रखा गया। यहां प्रेस वार्ता में किरन पंत, विनीत बिष्ट, कमला तिवारी, प्रकाश भट्ट, राजीव गुरुरानी, मनीष जोशी, देवेंद्र भट मौजूद रहे।

**कार्यालय-नगर निगम, काशीपुर**
**जिला-ऊधम सिंह नगर**

पत्रांक : ज्ञाप/मु0कार्यालय/2025-26 दिनांक : 23-04-26

**सामान्य निविदा सूचना**

नगर निगम, काशीपुर द्वारा टायर ट्यूब बैटरी, रैन बसेरे हेतु सामग्री, डस्टबिन थ्री इन वन, कलैण्डर, बैलेंस शीट तैयार करने हेतु सी.ए. अनुबन्धित करना, कार्मिकों के पी.एफ. सम्बन्धी प्रकरण निस्तारण हेतु एजेन्सी अधिकृत करने तथा 120 फुट ऊँचे राष्ट्रीय ध्वज स्थापना करने सम्बन्धी निविदा आंमत्रित करती है। उक्त निविदा प्रपत्र दिनांक 4 से 8 मई 2026 तक कैशियर नगर निगम, काशीपुर से क्रय किये जा सकते है तथा दिनांक 15.5.2026 को समय 01.00 बजे निविदा बाक्स में डाली एवं तद्दिनांक को ही समय 02.00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोली जायेगी। सर्शत निविदा स्वीकार नहीं होगी। किसी अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निगम प्रशासन में निहित होगा। उक्त तिथि को अवकाश होने की स्थिति में स्वत: ही अगली तिथि मान्य होगी।

**नगर आयुक्त**
**नगर निगम, काशीपुर**

**महापौर**
**नगर निगम, काशीपुर**

# कैबिनेट मंत्री कैड़ा ने विपक्षी दलों पर बोला तीखा हमला

## कहा-राजनीतिक स्वार्थ में नहीं देने दिया महिलाओं का हक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने से जुड़े संविधान संशोधन विधेयक पर सियासत गरमा गई है। विधेयक के पारित न होने पर शहरी विकास मंत्री राम सिंह कैड़ा ने विपक्षी दलों पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष ने राजनीतिक स्वार्थ के चलते महिलाओं के हक के इस महत्वपूर्ण मुद्दे को रोकने का काम किया है। गुरूवार को रामपुर रोड स्थित एक होटल में पत्रकार वार्ता करते हुए कैबिनेट मंत्री राम सिंह कैड़ा ने कहा कि कांग्रेस ने दशकों तक सत्ता में रहते हुए भी महिलाओं के उत्थान के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए। अब जब केंद्र सरकार महिलाओं को उनका अधिकार दिलाने की दिशा में



आगे बढ़ रही है, तो कांग्रेस, टीएमसी और सपा जैसे दल इसका विरोध कर रहे हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रही योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ जैसे अभियानों से महिलाओं में आत्मनिर्भरता आई है और उनका आत्मविश्वास बढ़ा है। इसके बावजूद विपक्ष का रवैया दुर्भाग्यपूर्ण है। कैड़ा ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि भाजपा महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिलाकर ही दम लेगी। उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार दोनों स्तर पर महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए लगातार योजनाएं संचालित की जा रही है। पंचायती राज में महिलाओं को पहले ही आरक्षण देकर भाजपा ने अपनी प्रतिबद्धता साबित की है। भाजपा इस मुद्दे को जनता के बीच ले जाएगी और विपक्ष की सच्चाई उजागर करेगी। उन्होंने राज्य सरकार के विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार अभियान की सफलता और प्रदेश में तेजी से हो रहे सड़क विकास को भी गिनाया। पत्रकार वार्ता में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट, प्रदीप जनौटी, प्रताप रैकवाल, कल्पना बोरा, विजयलक्ष्मी चौहान, भूमिका गोयल आदि मौजूद रहे।

### अंडर-16 जिला क्रिकेट लीग मैच आज से

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** क्रिकेट प्रेमियों के लिए रोमांचक खबर है। क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के दिशा-निर्देश में जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा अंडर-16 जिला क्रिकेट लीग का शुभारंभ कल यानि आज शुक्रवार से शुरू होने जा रहा है। उक्त जानकारी देते हुए जिला एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष कमल पपनै ने बताया कि इस लीग में नैनीताल जिले की कुल 9 टीमें हिस्सा ले रही हैं। प्रतियोगिता के मुकाबले हल्द्वानी स्थित जीएनजी क्रिकेट एरीना और गौलापार के एमएस मैदान में खेले जाएंगे। टीमों को दो ग्रुप में विभाजित किया गया है। लीग मैच का पहला उद्घाटन मुकाबला आज शुक्रवार सुबह 8 बजे जीएनजी क्रिकेट एरीना, हल्द्वानी में खेला जाएगा, जिसमें हल्द्वानी क्रिकेटर्स क्लब और कुमाऊँ क्रिकेट एकेडमी आमने-सामने होंगी।

# पंतनगर विश्वविद्यालय में कुलपति चयन प्रक्रिया पर सवाल

## आरोपित प्रोफेसर को इंटरव्यू के लिए बुलाने पर विवाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** गोविंद बल्लभ पंत यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर एंड टेक्नोलॉजी में कुलपति नियुक्ति प्रक्रिया को लेकर एक नया विवाद सामने आया है। जानकारी के अनुसार कुलाधिपति स्तर पर कुलपति पद के लिए जिन उम्मीदवारों को इंटरव्यू/इंटरेक्शन हेतु आमंत्रित किया गया है, उनमें कृषि महाविद्यालय के प्रो. डा. शिवेंद्र कश्यप का नाम भी शामिल बताया जा रहा है। इस पूरे मामले में सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि डा. कश्यप पर इसी विश्व. विद्यालय से जुड़े एक प्रकरण में लगभग रुपये 10 लाख की कथित वित्तीय अनियमितता और भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं, जिनकी जांच फिलहाल लंबित है। ऐसे में उसी संस्थान में कुलपति जैसे सर्वोच्च प्रशासनिक पद के लिए उन्हें इंटरव्यू हेतु बुलाया जाना चयन प्रक्रिया की निष्पक्षता पर गंभीर प्रश्न खड़े कर रहा है।

सूत्रों के अनुसार, डा. कश्यप ने आरा. प पत्र को निरस्त कराने के लिए हाई कोर्ट ऑफ उत्तराखंड में रिट याचिका (एस/बी 146 ऑफ 2026) दायर की थी। बताया जाता है कि 18 मार्च 2026 को न्यायालय ने आरोप पत्र को निरस्त करने से इनकार करते हुए संबंधित नियोक्ता बोर्ड को नियमानुसार आगे की कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही जांच प्रक्रिया पर कोई रोक नहीं लगाई गई। इसके बाद जांच से जुड़े दस्तावेज, एजेंडा और अभिलेख विश्वविद्यालय बोर्ड के सदस्यों तथा शासन स्तर के अधिकारियों को भेजे जाने और निर्धारित समय सीमा में लिखित जवाब मांगे जाने की जानकारी भी सामने आई है। शिक्षा जगत के जानकारों का कहना है कि जब किसी व्यक्ति के खिलाफ उसी संस्थान में वित्तीय अनियमितता जैसे गंभीर आरोपों की जांच जारी हो, तब उसे कुलपति पद के लिए इंटरव्यू में शामिल करना न केवल चिंताजनक है, बल्कि यह चयन प्रक्रिया की पारदर्शिता और विश्वसनीयता पर भी सवाल उठाता है। विशेषज्ञों के अनुसार, कुलपति जैसे महत्वपूर्ण पद के लिए केवल शैक्षणिक योग्यता ही पर्याप्त नहीं होती, बल्कि प्रशासनिक पारदर्शिता, नैतिक विश्वसनीयता और बेदाग छवि भी अनिवार्य मानक होने चाहिए।

# ट्रंक सीवर योजना का हुआ शुभारंभ

## 22 हजार से अधिक आबादी को मिलेगा लाभ, सांसद व महापौर ने किया भूमि पूजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शहर की सीवर समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में गुरुवार को एक बड़ी पहल की गई। नवाबी रोड अटल मार्ग में दुर्गा सिटी चौराहे से कालाढूंगी रोड तक ट्रंक सीवर योजना का भूमि पूजन सांसद अजय भट्ट और मेयर गजराज सिंह बिष्ट ने संयुक्त रूप से किया। करीब 9.48 करोड़ रुपये की लागत से स्वीकृत इस योजना के तहत नगर निगम के वार्ड सं या 7, 8, 9, 10 और 11 के आंशिक क्षेत्रों को शामिल किया गया है। परियोजना में लगभग 3.09 किलोमीटर लंबी ट्रंक सीवर लाइन का निर्माण, 2174 हाउस कनेक्शनों



का शिफ्टिंग कार्य और सड़क पुनर्निर्माण किया जाएगा। इससे 2174 परिवारों सहित करीब 22,459 की आबादी को सीधा लाभ मिलेगा। इस अवसर पर सांसद अजय भट्ट ने कहा कि योजना के पूरा होने से क्षेत्र में लंबे समय से बनी सीवर ओवर लो और चोकिंग की समस्या से राहत मिलेगी। साथ ही नागरिकों के स्वास्थ्य स्तर में सुधार होगा और क्षेत्र को सीवर प्रदूषण से मुक्ति मिलेगी। जलजनित बीमारियों के फैलाव पर भी प्रभावी रोक लगेगी। मेयर गजराज सिंह बिष्ट ने कहा कि शहर को स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ बनाने के लिए लगातार कार्य किए जा रहे है। उन्होंने कहा कि यह योजना क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर साबित होगी और जनता की लंबे समय से चली आ रही समस्या का समाधान करेगी। इस मौके पर पेयजल निगम के अधिशासी अभियंता अशोक कुमार कटारिया, सहायक अभियंता यतेंद्र लसपाल, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, राज्य मंत्री दिनेश आर्य, पार्षद शैलेंद्र दानू, रवि जोशी, सचिन तिवारी, रवि वाल्मीकि, तनुजा जोशी, बीना चौहान, राजेंद्र जीना आदि मौजूद रहे।

### कोर्ट के आदेश पर दर्ज हुआ सड़क दुर्घटना का मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** पांच माह पूर्व सड़क हादसे में बुरी तरह घायल हुआ युवक इंसाफ की मांग को लेकर पुलिस के चक्कर काटता रहा, लेकिन जब पुलिस द्वार कोई कार्रवाई नहीं की गई तो पीड़ित युवक ने न्यायालय की शरण ली। अब कोर्ट के आदेश के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार हैड़ाखान निवासी मनोज चंद्र पुत्र चनीराम ने अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट को दिए गए प्रार्थना पत्र में कहा था कि वह पेशे से किसान है और बीते वर्ष 29 नवंबर की रात एक रिश्तेदारी के विवाह समारोह में शामिल होने के बाद अपने दोस्त नकुल चन्द्र पुत्र दीपक चन्द्र निवासी धारी नैनीताल के साथ बाइक से काठगोदाम से हल्द्वानी की तरफ आ रहे थे। तभी मैक्स मॉल के पास एक कार ने उन्हें टक्कर मार दी, और कार चालक घटना के बाद से फरार हो गया। पत्र में पीड़ित मनोज ने कहा कि इस सड़क हादसे में उसे गंभीर चोट आई। पीड़ित ने बताया कि पुलिस से शिकायत करने पर कार चालक नवाबी रोड त्रिपुरेश्वरी मंदिर निवासी उमंग शर्मा पुत्र मुरारीलाल शर्मा ने उपचार का भरोसा दिया, लेकिन बाद में मुकर गया। जिसके बाद पीड़ित ने दोबारा कार चालक की शिकायत लेकर कोतवाली पहुंचा लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। लेकिन अब पांच माह बाद पुलिस मुकदमा दर्ज कर लिया। कोतवाल विजय मेहता ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर इस मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# गौलापार में टाटा बिग बास्केट के पहले कलेक्शन सेंटर का उद्घाटन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** गौलापार क्षेत्र स्थित देवला तल्ला पजाया गांव में टाटा बिग बास्केट का उत्तराखंड का पहला कलेक्शन सेंटर उद्घाटित किया गया। रामगढ़ और भीमताल समेत दूरदराज क्षेत्रों से भी किसान कार्यक्रम में पहुंचे। उद्घाटन समारोह में कंपनी के चीफ बाइंग एंड मर्चेंडाइजिंग ऑफिसर शेषु कुमार तिरुमाला, नेशनल कैटेगरी हेड (एफ एंड वी) विनोद कुमार एमएन, रीजनल बिजनेस हेड नोएडा विनीत सिंह, हेड (बी एंड एम) संदीप कुमार, रीजनल हेड (एफ एंड वी सोर्सिंग) अनिल कुमार और गौरव प्रताप यादव सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। इसके अलावा कृषि विशेषज्ञ राजकिशोर जोशी, प्रगतिशील किसान नरेंद्र सिंह मेहरा और सब्जी उत्पादन विशेषज्ञ रमेश चंद्र उप्रेती भी कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय किसानों की उपज की खरीद भी की गई। कंपनी अधिकारियों ने बताया कि कलेक्शन सेंटर के माध्यम से किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य सीधे मिलेगा और पारंपरिक मंडियों में होने वाले शोषण से राहत मिलेगी। शेषु कुमार तिरुमाला ने कहा कि केंद्र में प्राकृतिक और जैविक उत्पादों की अलग से खरीद की व्यवस्था की जाएगी, जिससे क्षेत्र में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा मिलेगा। किसानों ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि अब उन्हें अपनी उपज बेचने के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा और बेहतर दाम मिल सकेंगे। बताया गया कि टाटा बिगबास्केट का अगला कलेक्शन सेंटर रामगढ़ नैनीताल में एक मई को खोला जाएगा।

# सरकार पर उपेक्षा का आरोप, आंदोलन की चेतावनी

## लंबित मांगों का समाधान न होने पर राज्य निगम कर्मचारी हुए मुखर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** राज्य निगम कर्मचारी अधिकारी महासंघ ने लंबित मांगों और नियमितीकरण के मुद्दे पर एक बार फिर आंदोलन का ऐलान कर दिया है। गुरुवार को हल्द्वानी बस अड्ढे पर कर्मचारियों ने प्रदर्शन कर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए अपना विरोध व्यक्त किया। इस दौरान महासंघ के प्रदेश महासं. चव श्याम सिंह नेगी ने कहा कि कर्मचारियों ने कई बार 10 सूत्रीय मांगों को लेकर शासन को ज्ञापन सौंपा, लेकिन हर बार सिर्फ आश्वा. सन के अलावा कुछ नहीं मिला। लगातार मिल रहे आश्वासन से कर्मचारी अपने को ठगा महसूस कर रहे है। उन्होंने कहा कि जब सरकार



कर्मचारियों की मांगों को अनदेखा करती है, तो कर्मचारियों को मजबूरन ही आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ता है। प्रदेश अध्यक्ष दिनेश पंत ने कहा कि यह लड़ाई सिर्फ अधिकारों की नहीं, बल्कि न्याय की है। अब कर्मचारी न केवल खुद जागेंगे, बल्कि सरकार को भी जगाने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि नियमितीकरण कर्मचारियों का हक है और इसे लेकर ही रहेंगे। रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद के प्रदेश अध्यक्ष बलदेव प्रसाद ने कहा कि निगमों में नियमित कर्मचारियों की भारी कमी है और काम अस्थायी कर्मचारियों के भरोसे चलाया जा रहा है जो उचित नहीं है। उन्होंने चेतावनी दी कि नियमितीकरण होने तक आंदोलन जारी रहेगा। महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष रमोला ने कहा कि यदि सरकार ने मांगों पर ध्यान नहीं दिया तो कर्मचारी वोट की चोट से जवाब देंगे। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि लंबे समय से लंबित मांगों पर शासन कोई ठोस निर्णय नहीं ले रहा है और वार्ता के बावजूद सकारात्मक पहल नहीं हो रही है। महासंघ ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई तो 14 निगमों के कर्मचारी आंदोलन को व्यापक स्तर पर ले जाएंगे। इस मौके पर बलदेव प्रसाद, शंकर सिंह, जगदीश कांडपाल, उमेश जोशी, मनोज मनराल, आनंद जोशी, जगमोहन, कौशल जोशी, केदार जोशी, राजेंद्र नेगी, सुरेंद्र रावत, गिरीश थुयाल, पीसी बिष्ट, राजेंद्र सिंह बिष्ट, पंकज पंत, भोपाल सिंह, कार्तिक नेगी, राहुल रावत, नवीन बिष्ट, प्रमोद जोशी सहित कई कर्मचारी मौजूद रहे।

# फांसी लगाकर दी जान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** संदिग्ध परिस्थितियों के चलते नगर निगम में ठेका कर्मी ने घर के अंदर पंखे से लटककर अपनी जान दे दी। आनन फानन में परिजनों द्वारा उसे फंदे से उतारकर सुशीला तिवारी अस्पताल लाया गया जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराके शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। माना जा रहा कि ठेका कर्मी युवक लंबे समय से कमर दर्द से परेशान चल रहा था। फिलहाल पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार 35 वर्षीय कुंदन चन्द्र नगर निगम में ठेके के तहत ड्राइवर के पद पर तैनात था, और मुखानी में पत्नी व चार साल के बेटे साथ रहते था। बताया जा रहा कि बीते बुधवार की रात कुंदन ने परिवार के साथ खाना खाया और सोने चला गया, और पत्नी अपने बच्चे के साथ दूसरे कमरे में सोने चली गई।

सुबह जब काफी देर तक कुंदन नहीं उठा तो पत्नी उसे उठाने के लिए जैसे ही कमरे में गई तो कुंदन को पंखे से लटका देख उसके पैरों तले जमीन खिसक गई। घर से निकली चीखपुकार सुनकर आस पास के लोग भी एकत्र हो गए और कुंदन को फंदे से उतारकर उपचार के लिए सुशीला तिवारी अस्पताल लाया गया। जहां पर मौजूद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया कि कुंदन पिछले लंबे से समय कमर दर्द से परेशान चल रहा था। फिलहाल पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है। सीओ सिटी अमित कुमार सैनी ने बताया कि परि. जनों द्वारा मृतक के कमर दर्द से परेशान होने की जानकारी दी गई है, हालांकि आत्महत्या के कारणों की विस्तृत जांच की जा रही है।

# नजूल भूमि पर मालिकाना हक के लिए पार्षद रोहित का पैदल मार्च

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** नजूल भूमि पर मालिकाना हक का मुद्दा समय-समय पर उठता रहता है। पार्षद रोहित कुमार ने इस मुद्दे को लेकर एक बार फिर से आवाज़ उठाई है और सरकार से मांग की है कि हल्द्वानी में नजूल भूमि पर बसे लोगों को मालिकाना हक दिया जाए। रोहित ने मंगल पड़ाव से एसडीएम कोर्ट तक पैदल मार्च निकाला। बता दें कि हल्द्वानी में कई क्षेत्र ऐसे हैं जहां पर लोग वर्षों से ही नहीं बल्कि सदियों से बसे हुए हैं। रोहित कुमार का कहना है कि हल्द्वानी महानगर की पहचान इन्हीं पुरानी बसासत से है। लेकिन दुर्भाग्य




से हल्द्वानी में नजूल भूमि पर बसे हज़ारों परिवारों को सरकार मालि. काना हक देने के लिए कोई पहल नहीं करती है। लोग पीढ़ियों से नजूल भूमि पर बसे हैं, लेकिन कब उन्हें उनके घर-मकान से बेदखल कर दिया जाए इसकी आशंका और डर बना रहता है। रोहित ने मंगल पड़ाव से एसडीएम कोर्ट तक निक. ाले गए पैदल मार्च में प्रदेश सरकार से नजूल भूमि पर मालिकाना हक देने की मांग की है।

### तीन शराब तस्कर धरे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग स्थानों से तीन तस्करों को गिरफ्तार किया। जिनके पास से भारी मात्रा में शराब बरामद की है। प्रेम विहार कालोनी रामपुर रोड निवासी दीपक भट्ट पुत्र जगदीश भट्ट को पुलिस ने रोले की पुलिया के पास से पकड़ा। दीपक स्कूटी से शराब की खेप लेकर जा रहा था। उसके साथ स्कूटी पर भुवन चंद्र पुत्र स्व.प्रेम राम भी सवार था, जो मुलरूप से नाराडोल मोतियापाथर अल्मोड़ा का रहने वाला है। दोनों के पास से पुलिस ने बीयर की 48 बोतल बरमद की। जबकि दूसरे मामले में राजपुरा पुलिस ने एक दुकान के बाहर शराब बेच रहे राजपुरा वार्ड 13 निवासी गोपाल शर्मा उर्फ सुमित पुत्र संजय शर्मा को 55 पाउच देसी शराब के साथ गिरफ्तार किया है।

# जजी परिसर में वारंटी युवक का उत्पात

## वरिष्ठ अधिवकता से मारपीट, वकीलों ने मौके पर पकड़ा, एसपी सिटी से मिले

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जजी परिसर में गुरुवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब एक वारंटी युवक ने सरेआम एक वरिष्ठ अधिवक्ता पर हमला कर दिया। घटना से कोर्ट परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। मौके पर मौजूद अन्य अधिवक्ताओं ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को काबू में कर पुलिस के हवाले कर दिया। जानकारी के अनुसार दिल्ली में रहने वाले एक युवक का अपनी पत्नी के साथ लंबे समय से पारिवारिक विवाद चल रहा है, जिसका मामला न्यायालय में विचाराधीन है। पत्नी की ओर से भरण-पोषण का वाद दायर किया गया है, जिसमें कोर्ट पहले ही



आरोपी पति के खिलाफ रिकवरी वारंट जारी कर चुका है। गुरुवार को युवक अचानक जजी परिसर पहुंचा और सीधे अपनी पत्नी के अधिवक्ता के पास जा पहुंचा।

आरोप है कि उसने अधिवक्ता पर पत्नी को भड़काने का आरोप लगाते हुए उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। मौके पर मौजूद अन्य अधिवक्ताओं ने किसी तरह आरोपी को पकड़ा और पुलिस के सुपुर्द किया।

घटना के बाद बार एसोसिएशन में रोष देखने को मिला। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष गोविंद बिष्ट के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने एसपी सिटी मनोज कत्याल से मुलाकात कर आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। साथ ही कोर्ट परिसर की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने पर जोर दिया। एसपी सिटी ने आश्वासन दिया कि परिसर में जल्द ही बैरिकेडिंग की जाएगी और आरा. पी के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। प्रतिनिधिमंडल में सचिव मोहन सिंह बिष्ट, उपाध्यक्ष ललित सिंह मेर, उप सचिव सुधांशु तिवारी, कोषाध्यक्ष गौरव कपूर, उप सचिव (प्रेस) वानु कबड़वाल, सदस्य राकेश कुकरेती, एसडी जोशी, योगेश्वरी सहित अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

### जागेश्वर धाम में हनक दिखाने वाले बरेली के डीएम पर कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जागेश्वर मंदिर में पूजा पाठ करने पहुंचे बरेली के जिलाधिकारी अविनाश सिंह अपने गनर के साथ हथियार लेकर जागेश्वर मंदिर के गर्भ ग्रह में घुस गए। समाजसेवी विशाल वर्मा ने बताया उत्तराखंड में देवी देवता विराजमान हैं। देवभूमि देवों की भूमि है। उत्तराखंड के अल्मोड़ा क्षेत्र जागेश्वर मंदिर में पूजा पाठ के करने पहुंचे बरेली के जिलाधिकारी अविनाश सिंह अपने गनर के साथ हथियार लेकर मंदिर गर्भ ग्रह में प्रवेश किया साथ ही पंडित, पुरोहितों द्वारा विरोध भी किया गया। लाख मना करने के बाद भी अपनी पावर की हनक उन्होने दिखाई। उन्हें रोका गया। लेकिन वे नहीं माने। विशाल ने कहा कि बरेली जिलाधिकारी का यह व्यवहार हमारी संस्कृति, नियमों तथा मान्यताओं के खिलाफ है। इस घटना के बाद जनता में आक्रोश का माहौल है। वहीं पूर्व पार्षद प्रत्याशी अंजलि वर्मा ने कहा कि जहां एक ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं अन्य वीवीआईपी दर्शन करने आए प्रोटोकॉल का ध्यान रखते हुए पूजा अर्चना करते हैं वहीं, बरेली के जिला. धिकारी अविनाश सिंह ऐसे पूजा अर्चना कर रहे हैं मानो वो पीएम, सीएम से भी बड़े हो गए हैं। ऐसे अफ़सर के विरुद्ध कार्यवाही की जानी चाहिए। ताकि आइंदा कोई भी ऐसा व्यक्ति जिस पर अपनी पावर की सनक सवार हो ऐसा कृत्य करने से पहले कई बार सोचे। दोनों ने कहा कि वैसे भी भगवान के सामने तो इंसान को वैसे भी साधारण से साधारण होने का परिचय देना चाहिए। अविनाश सिंह ने लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत की हैं।

# कालाढूंगी में टी-20 लीग शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कालाढूंगी।** देवभूमि क्रिकेट प्रीमियर लीग 20-20 का उद्घाटन नैनीताल उधम सिंह नगर सांसद अजय भट्ट वह हल्द्वानी गजराज मेयर ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान सांसद अजय भट्ट, मेयर गजराज बिष्ट ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। प्रथम दिन पिथौरागढ़ व कोटाबाग की टीमों के बीच मैच खेला गया। दर्जा राज्य मंत्री सुरेन्द्र सिंह नामधारी, सुखदेव सिंह नाम धारी, पूर्व ब्लाक प्रमुख कोटाबाग दीपाली कन्याल, मंडल अध्यक्ष विक्रम जंतवाल, जिला पंचायत सदस्य पति अरविंद कुमार सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस दौरान मुख्य अतिथि सांसद अजय भट्ट ने कहा इस तरह की प्रतियोगिताएं होती रहनी चाहिए। इन प्रतियोगिताओं से क्षेत्र के युवाओं का प्रोत्साहन होता है वहीं युवा नशे दूर



रहता है आदि गलत कार्यो से दूरी बनाएं रखते हैं। उन्होंने कहा केंद्र सरकार खेल के प्रति गंभीर बनी हुई है। केंद्र सरकार उत्तराखंड में भी राज्य सरकार से मिलकर कई मिनी स्टेडियम का निर्माण कर चुकी है और आने वाले समय में भी कई खेल मैदान बनाई जाएंगे। वही हल्द्वानी के मेयर गजराज बिष्ट ने कहा पूर्व ब्लाक प्रमुख रवि कन्याल द्वारा कराया जा रहे क्रिकेट लिक से क्षेत्र के युवाओं को आगे बढ़ने का अवसर प्राप्त होगा उन्होंने कहा राज्य सरकार से मिलकर कालाढूंगी में रुके मिनी स्टेडियम का कार्य पूरा करवाया जाएगा। वहीं आयोजक रवि कन्याल ने बताया यह प्रतियोगिता स्वर्गीय पूर्व कोटाबाग ब्लॉक प्रमुख बलवंत सिंह कन्याल उर्फ मिंटू कन्याल की स्मृति पर कराई जा रही है जिसमें 20 टीमें भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता का मकसद है युवाओं को नशे से दूर रखना।

### तापमान बढ़ रहा है, पाचन तंत्र के लिए डॉक्टरी सलाह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** तापमान में बढ़ोतरी के साथ ही पाचन तंत्र से जुड़ी बीमारियों के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी के विशेषज्ञों ने इसे लेकर लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। मेडिकल कॉलेज के जनरल मेडिसिन विभागाध्यक्ष एवं गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट डा. सुभाष चंद्र जोशी ने बताया कि दूषित पानी, बासी भोजन और खान-पान में लापरवाही इन बीमारियों की मुख्य वजह बन रही है। गर्मी के मौसम में डायरिया, फूड पॉइजनिंग, उल्टी, पेट दर्द, एसिडिटी और डिहाइड्रेशन जैसी समस्याएं तेजी से सामने आ रही है। अधिक तापमान में बैक्टीरिया और वायरस तेजी से पनपते है, जिससे भोजन और पानी दूषित हो जाता है और आंतों में संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में लोगों को विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है। उन्होंने सलाह दी कि केवल ताजा और स्वच्छ भोजन का ही सेवन करें



तथा खुले और बासी खाने से बचें। पानी उबालकर या फिल्टर कर ही पिएं। उन्होंने हल्का और सुपाच्य भोजन जैसे दाल, चावल, हरी सब्जियां और मौसमी फल खाने की सलाह दी। यदि किसी व्यक्ति को लगातार दस्त, उल्टी, तेज पेट दर्द, बुखार या अत्यधिक कमजोरी महसूस हो तो इसे नजरअंदाज न करें और तुरंत डॉक्टर से परामर्श लें। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डा. जीएस तितियाल ने कहा कि गर्मियों में स्वच्छता, संतुलित आहार और पर्याप्त पानी के सेवन से इन बीमारियों से काफी हद तक बचाव संभव है।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# कांग्रेस के खिलाफ बंगाली समाज का विरोध प्रदर्शन जारी

**ट्रांजिट कैम्प में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल का जलाया गया पुतला**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** बंगाली समाज का आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। एक के बाद एक रुद्रपुर क्षेत्र में गणेश गोदियाल के विरोध में पुतले जलाने का काम किया जा रहा है। गुरुवार को एक बार फिर ट्रांजिट कैम्प क्षेत्र के गोलमड़ाईया वार्ड नंबर 3 क्षेत्र मे बंगाली महासभा के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार शाह के नेतृत्व में बंगाली समाज के लोगों द्वारा गणेश गोदियाल का पुतला जलाया गया।

इस दौरान बंगाली महासभा के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार शाह ने कहा गणेश गोदियाल वॉइस ऑफ उत्तराखंड कांग्रेस ने जिस प्रकार बंगाली समाज को घुसपैठियों और डेमोग्राफिक चेंज करने वाला बताया यह शर्मनाक और निंदनीय है। जब तक शर्मनाक कृत्य पर कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष माफी नहीं मांगेंगे हम शांत होने वाले नहीं है और लगातार इसी प्रकार विरोध प्रदर्शन जारी रहेंगे। बंगाली समाज ने अपने खून पसीने से इस तराई को सिचने का कार्य किया और अपने मेहनत मजदूरी करके स्वयं को खड़ा किया। जिस प्रकार से गणेश गोदियाल वॉइस ऑफ उत्तराखंड कांग्रेस द्वारा पोस्ट कर बंगाली समाज को ठेस पहुंचाई है, यह बर्दाश्त योग्य बिल्कुल नहीं है और जब तक वह इसके लिए माफी नहीं मांगेंगे हम विरोध प्रदर्शन इसी प्रकार जारी रखेंगे। इस दौरान अमलेन्द्र ढाली, शंकर विश्वास, विशाल शील, अपूर्व विश्वास, विजय डे, सुदीप डे, महेश राय, अनिल अधिकारी, संजय साना, जयप्रकाश ढाली, सपन साह, शंभू चक्रवर्ती, बर्मन, विजय विश्वास, तरुण मंडल, समीर सेन, मुकुल चक्रवर्ती, सुशांत मंडल, राकेश बाला, असित बहादुर, सपन ठाकुर, गोपी बेनर्जी, दीपक विश्वास, विकास गाइन, गोविन्द सरकार आदि लोग मौजूद रहे।

# मांगों को लेकर इंकलाबी मजदूर ने दिया धरना




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** पेशावर विद्रोह के नायक वीर चंद्र सिंह गढ़वाली को याद करते हुए दिल्ली एनसीआर से गिरफ्तार इंकलाबी मजदूर केंद्र व बिगुल मजदूर दस्ता के नेताओं और कार्यकर्ताओं समेत सभी मजदूरों को तत्काल रिहा किये जाने, न्यूनतम वेतन 24 हजार रुपये मासिक करने, ओवरटाइम का दोगुना भुगतान करने, महिला मजदूरों को समान काम का समान वेतन देने, सभी को स्थाई नौकरी की गारंटी आदि मांगों को लेकर पेशावर विद्रोह दिवस को संयुक्त संघर्ष समिति द्वारा रामनगर में धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया।

धरने पर वक्ताओं ने कहा कि आज भाजपा सरकार देश में तानाशाही कर मजदूर किसान व आम लोगों की आवाज का दमन कर रही है। देश में करोड़ों मजदूरों से बेहद कम वेतन पर 12-12 घंटे काम लिया जा रहा है और जनता के रोजी रोटी के सवालों को हल करने की जगह भाजपा सरकार अपना विभाजनकारी साम्प्रदायिक एजेंडा आगे बढ़ा रही है। ऐसे नाजुक वक्त में वीर चंद्र सिंह गढ़वाली के त्याग समर्पण और विचारों से देश की जनता को प्रेरणा लेने की जरूरत है।वक्ताओं ने कहा कि 23 अप्रैल 1930 को पेशावर में अंग्रेजी हुकूमत ने पठानों के आंदोलन को कुचलने के लिए गढ़वालध रेजीमेंट को ये सोचकर तैनात किया था कि हिंदू गढ़वाली सैनिक मुस्लिम पठानों का निर्ममता से दमन करेंगे लेकिन जब अंग्रेज कैप्टन रिकेट ने गढ़वाली रेजीमेंट के सैनिकों को पठानों पर गोलियां चलाने का आदेश दिया तो चंद्र सिंह ने कहा कि गढ़वाल रेजीमेंट के सैनिकों ने गोली चलाने से इंकार कर, देश की आजादी के आंदोलन में कौमी एकता की अद्भुत मिसाल कायम की। उन्होंने भारतवासियों पर गोलियां चलाने की जगह आजीवन कारावास व कोर्ट मार्शल को स्वीकार किया। इस दौरान समाजवादी लोक मंच के संयोजक मुनीष कुमार, प्रगतिशील महिला एकता केंद्र की तुलसी छिंबाल, उपपा नेता प्रभात ध्यानी, मौ आसिफ, कौशल्या चुनयाल, जगमोहन रावत, कैसर राना, ललित रावत, मौ. जसीम, भूवन चंद्र, ललित उप्रेती, इंकलाबी मजदूर केंद्र के रोहित रुहेला आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### स्मैक के साथ तस्कर दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** उधम सिंह नगर पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार के अंतर्गत खटीमा पुलिस ने एक युवक को स्मैक के साथ दबोचा है। पुलिस टीम ने कादरी कॉलोनी (अमाउं) निवासी मुकद्दर पुत्र मुसर्रफ (24 वर्ष) को 03.22 ग्राम अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार किया। बाजार चौकी प्रभारी जीवन सिंह चुफाल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने यह कार्रवाई की। अभियुक्त को कल माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा। पुलिस टीम में उप-निरीक्षक विजय बोरा, कांस्टेबल इशाक मोहम्मद और ललित सिंह कन्याल मौजूद रहे।

### विधायक ने किया विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** विधायक शिव अरोरा ने रुद्रपुर विधानसभा के अंतर्गत वार्ड नंबर 12 दूधिया नगर रेशम बाड़ी में 30 लाख की धनराशि से ऊपर के सीसी सड़क व सौंदर्यकरण कार्यों का लोकार्पण कर विकास कार्यों को जनता को समर्पित किया।




इस दौरान विधायक बोले उनके कार्यकाल में कोई भी क्षेत्र विकास कार्य से अछूता नहीं रहा। उन्हें समग्र रुद्रपुर क्षेत्र के विकास कार्यों को अपनी प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ने का कार्य किया, जिसमें वार्ड नंबर 12 दूधिया नगर रेशम बाड़ी में उनके द्वारा विभिन्न सड़कों के निर्माण व सौंदर्यकरण कार्य कराए गए, जिसमें रोशन लाल के घर से जरनेल सिंह घर तक इंद्रपाल के घर तक 7.41 लाख की लागत से सीसी सड़क निर्माण कार्य, ऐसी हीं वार्ड नं. 12 के अन्तर्गत गंगापुर रोड स्थित शैली भवन में 10 लाख की लागत से सौंदर्यीकरण कार्य, रेशमबाड़ी में सार्वजनिक स्थल पर पांच लाख की लागत से मिट्टी भरान का कार्य, पप्पू के घर से डॉक्टर राणा के घर तक 7 लाख की लागत से, वहीं 2 लाख की लागत से रामावतार घर से वेद प्रकाश के घर तक सीसी निर्माण कार्य किए गए। यहां पार्षद महेंद्री शर्मा, एसपी यादव, राधे श्रीवास्तव, छोटेलाल शर्मा, सुरेश शर्मा, सुशीला गंगवार, रविंद्र शर्मा, रवि कटारिया, महेश गंगवार, कृष्ण शर्मा, जसवंत गंगवार, सुभाष यादव, सुनील यादव, मयंक कक्कड़, मोहित चड्ढा, जरनेल सिंह, जोगा सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

### आरिफ उर्फ मलुआ हज यात्रा के लिए रवान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गदरपुर।** मजरा शीला निवासी आरिफ उर्फ मलुआ गुरुवार को सऊदी अरब हज यात्रा के लिए रवाना हो गए। पूरे माहौल में खुशी और भावुकता दोनों देखने को मिलीं, जहां एक ओर लोग उन्हें मुबारकबाद दे रहे थे, वहीं दूसरी ओर विदाई के पल सभी के लिए भावुक कर देने वाले रहे। परिवार और मोहल्ले के लोगों ने उन्हें गले लगाकर विदाई दी और उनके सुरक्षित व सफल हज की कामना की।

आरिफ उर्फ मलुआ के बड़े भाई मेहंदी हसन ने कहा कि यह उनके परिवार के लिए गर्व और खुशी का अवसर है। उन्होंने बताया कि हर मुसलमान की ख्वाहिश होती है कि वह जिंदगी में एक बार हज जरूर करे, और आज उनके भाई को यह मौका मिला है, जो पूरे परिवार के लिए बेहद खास है। भाई जाकिर ट्रेलर ने कहा कि आरिफ हमेशा से धार्मिक प्रवृत्ति के रहे हैं और हज पर जाना उनकी लंबे समय से इच्छा थी। उन्होंने उम्मीद जताई कि आरिफ वहां से सभी के लिए दुआएं करेंगे और सकुशल वापस लौटेंगे। शाकिर अली ने भी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि पूरे मोहल्ले के लिए यह गर्व की बात है। विदाई के दौरान लोगों ने आरिफ को फूलमालाएं पहनाईं और उनके उज्जवल व सुरक्षित सफर की दुआ की।

### विश्व पुस्तक दिवस और पृथ्वी दिवस का भव्य आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** जेके पब्लिक सत्रहमील स्कूल में बृहस्पतिवार को विश्व पुस्तक दिवस और पृथ्वी दिवस के उपलक्ष में एक भव्य और शिक्षाप्रद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौर उत्सव का मुख्य उद्देश्य छात्रों में पठन पाठन की संस्कृति को बढ़ावा देना और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना था।




कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय की प्रधानाचार्य द्वारा दीप प्रज्ज्वलित के साथ हुई। इस सप्ताह पर उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि पुस्तक हमारी सबसे अच्छी मित्र होती है और पृथ्वी हमारा एकमात्र घर है जिसकी रक्षा करना हम सब का परम कर्तव्य है। दिवस को खास मनाने के लिए स्कूल परिसर में विभिन्न प्रतियोगिताओं और गतिविधियों का आयोजन किया गया इस दौरान प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं में प्रतिभा किया विजेता छात्रों को स्कूल प्रबंधक अजय मौर्या द्वारा सम्मानित किया गया साथी पृथ्वी दिवस के उपलक्ष में छात्रों और शिक्षकों ने मिलकर पौधे लगाए ठाकुर ने शपथ ली की बिना केवल पौधे लगाएंगे बल्कि उनकी देखभाल भी करेंगे इस अवसर पर स्कूल प्रबंधक अजय मौर्या प्रधानाचार्य प्रकाश तिवारी डायरेक्टर सुनीता मौर्य कोऑर्डिनेटर प्रभा जोशी हनीफ सुमन ज्योति आदि मौजूद रहे।

### विधायक कापड़ी ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के धरने को दिया समर्थन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** ब्लॉक परिसर में अपनी विभिन्न मांगों को लेकर धरने पर बैठी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के बीच आज क्षेत्रीय विधायक भुवन चंद्र कापड़ी पहुंचे। उन्होंने कार्यकर्ताओं की मांगों को जायज ठहराते हुए प्रदेश की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला। कापड़ी ने कहा कि एक तरफ सरकार 'नारी सशक्तिकरण' और 'वंदन' के बड़े-बड़े दावे करती है, वहीं दूसरी तरफ धरातल पर काम करने वाली आंगनबाड़ी महिलाओं की घोर उपेक्षा की जा रही है।

विधायक ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बच्चों के पोषण, टीकाकरण, गर्भवती महिलाओं की देखभाल और सरकारी सर्वे जैसे महत्वपूर्ण कार्य पूरी निष्ठा से करती हैं। इसके बावजूद उन्हें मिलने वाला मानदेय बेहद कम है। उन्होंने इसे सरकार की कथनी और करनी में अंतर बताते हुए कहा कि काम और जिम्मेदारियां तो लगातार बढ़ाई जा रही हैं, लेकिन वेतन के नाम पर महज खानापूर्ति हो रही है, जो सीधा अन्याय है। विधायक कापड़ी ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जल्द ही इन कार्यकर्ताओं की सुध नहीं ली, तो कांग्रेस पार्टी इस लड़ाई को सड़क तक ले जाएगी और उग्र आंदोलन करेगी। इस दौरान उनके साथ पूर्व जिलाध्यक्ष युवा कांग्रेस नरेंद्र आर्य, जिलाध्यक्ष युवा कांग्रेस नीरज कन्याल, गोपाल चंद, प्रदीप कुमार, उमेश चंद, मुकेश कुमार, दीपक मुडेला और रेहान अंसारी सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नियमित कोर्ट लगाकर लम्बित वादों का त्वरित करें निस्तारण: डीएम

**मासिक स्टाफ बैठक लेते हुए जिलाधिकारी ने दिए कड़े दिशा-निर्देश**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने गुरुवार को जिला सभागार में मासिक स्टाफ बैठक लेते हुए उप जिलाधिकारियों, तहसीलदारों को नियमित कोर्ट लगाकर लम्बित वादों को त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि पुराने वादों को प्राथमिकता से निस्तारण किया जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि बकायदारो से कड़ाई से राजस्व वसूली की जाय व 10 बड़े बकायेदारों की सूची तहसीलों में लगाने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कानून व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कहा कि जनपद में कानून व्यवस्था और बेहतर बनाने के निर्देश दिए। उन्होने जनपद में गतिविधियों पर पैनी नजर रखने के निर्देश पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों को दिए। उन्होंने न्यायालयों में अभियोजन पक्ष द्वारा पैरवी प्रभावी तरीके से रखने के निर्देश दिए, ताकि पीड़ितों को समय से न्याय मिल सके। उन्होंने कहा कि विवेचना में जो कमियां रही हो उसकी चौक लिस्ट बनाकर अन्य पॉक्सो मामलो में विवेचना किया जाए।

उन्होंने कहा कि पुलिस व अभियोजन विभाग की कमी के कारण कोई अपराधी कोर्ट से दोसमुक्त न हो इसका ध्यान रखे। जिलाधिकारी ने कच्ची शराब व अवैध मदिरा बिक्री पर पूर्ण प्रतिबन्ध लगाने हेतु नियमित छापेमारी करने, वर्षाकाल से पूर्ण रिवर ड्रेजिंग, चैनेलाईज कार्य पूर्ण करने, सीएम हैल्पलाईन, सीएम जन समर्पण पोर्टल, आयोग के सन्दर्भो, रिट याचिका सन्दर्भो, आडित आपत्तियों, पेंशन प्रकरणों आदि की आख्या रिपोर्टिंग भेजने के निर्देश दिए

जिलाधिकारी ने कहा कि आगामी 25 अप्रैल शनिवार से 24 मई तक जनगणना अभियान चलाया जाएगा। बैठक में अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, कौस्तुभ मिश्र, उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट, ऋचा सिंह, तुषार सैनी, गौरव पाण्डेय, राहुल साह, सीओ प्रशान्त कुमार, संयुक्त निदेशक अभियोजन डीएस जंगपांगी, डीजीसी मनोज कुमार तिवारी, बरीत सिंह, एआरटीओ मोहित कोठारी, पूजा नयाल, जिला पूर्ति अधिकारी विनोद चन्द्र तिवारी, अभिहित अधिकारी एलएम पाण्डे सहित तहसीलदार व सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित थे।

# रंगोत्सव में भानु प्रताप स्कूल के विद्यार्थियों ने रचा इतिहास



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** शिक्षा के साथ-साथ कला के क्षेत्र में भी उत्कृष्टता की नई मिसाल कायम करते हुए भानु प्रताप स्कूल के विद्यार्थियों ने अंतरराष्ट्रीय कला प्रतियोगिता रंगोत्सव 2025-26 में अभूतपूर्व सफलता हासिल कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। इस प्रतिष्ठित मंच पर विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता, कल्पनाशीलता और कलात्मक कौशल का अद्भुत प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का परचम लहराया।

प्रतियोगिता में कक्षा 9 की होनहार छात्रा पलक चंद्रा ने राष्ट्रीय स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त कर सभी का ध्यान आकर्षित किया। वहीं कक्षा 5 की प्रतिभाशाली छात्रा अंशिका सैनी को उनके अनूठे और सृजनात्मक प्रदर्शन के लिए एक्सेंट्रिक परफॉर्मर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया, जो उनकी विशिष्ट कला शैली का प्रतीक है। इसके अतिरिक्त, कक्षा 5 की प्रतिष्ठा दास, कक्षा 3 की हृदया पाठक तथा कक्षा 6 की कृतिका पंत को उनके उत्कृष्ट कलात्मक प्रदर्शन के लिए आर्ट मेस्ट्रो अवॉर्ड प्रदान किया गया।

इन विद्यार्थियों ने रंगों के आकर्षक संयोजन और सृजनात्मक सोच से निर्णायकों को विशेष रूप से प्रभावित किया। कक्षा 7 के वरुण अग्रवाल और आयुष्मान खन्ना, कक्षा 9 की कृषि तिवारी, कक्षा 5 के रुद्र सिंह, कक्षा 3 के हृदय, तथा कक्षा 8 के आदित्य भट्ट को इंटरनेशनल मेडल से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही अन्य प्रतिभागियों को भी उनके सराहनीय प्रयासों के लिए प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किए गए। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य महेश चंद्रा ने विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा विद्यार्थियों की यह उपलब्धि उनके निरंतर अभ्यास, समर्पण और आत्मविश्वास का परिणाम है। यदि वे इसी प्रकार प्रयास करते रहेंगे, तो भविष्य में और भी बड़ी सफलताएं प्राप्त करेंगे।

# धूमधाम से मनाया भगवान परशुराम का जन्मोत्सव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा एवं गोकुलधाम खटीमा के सौजन्य से महाकालेश्वर मंदिर के प्रांगण में बड़ी धूमधाम से भगवान परशुराम का जन्मोत्सव मनाया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रमेश चंद्र जोशी अध्यक्ष नगर पालिका रहे। विशिष्ट अतिथि सुरेश चंद्र शर्मा प्रदेश अध्यक्ष ब्राह्मण महासभा एवं चंद्र प्रकाश द्विवेदी तथा अजीत बाबू रहें।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जोशी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अचल शर्मा ने की। कार्यक्रम का संचालन आचार्य गेंदालाल शर्मा निर्जन ने किया। कार्यकम में भानु प्रकाश ने सरस्वती वंदना की साथ ही पंडित नेतराम तिवारी ने परशुराम के जीवन पर प्रकाश डाला, अचल शर्मा ने बोलते हुए कहा कि भगवान परशुराम अद्वितीय बलशाली थे। इस समय ब्राह्मणों को एकत्रित होने की जरूरत है। मुख्य अतिथि जोशी ने कहा हम सब को ब्राह्मण समाज को एक साथ लाने की जरूरत है। आचार्य गेंदालाल शर्मा ने कहां ब्राह्मण समाज के साथ-साथ सभी सवर्णों को एक मंच पर आना चाहिए। इस अवसर पर डॉ. तुलसी राम, सरिता शर्मा, भानु प्रकाश तिवारी, रामेश्वर दयाल मिश्रा, महेश भट्ट, रवि शर्मा, ईश्वर देव प्रजापति, मेघनाथ प्रजापति, बिशन सिंह चौहान, सत्यदेव प्रजापति, पुष्पा, रेनू गहतोड़ी, महेश शर्मा, अभिषेक शर्मा, अशोक बंसल, राहुल शर्मा, ओमप्रकाश शर्मा, विमला शर्मा, सुभाषिनी एडवोकेट, प्रदीप शर्मा, ईश्वर दत्त तिवारी, ऋषि राज शर्मा, रमेश कुमार मिश्रा, राजेश पांडे, सारिका चौहान आदि मौजूद थे।

# दर्जा राज्य मंत्री मुकेश महराना का किया स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** दर्जा राज्य मंत्री मुकेश महराना का अपनी ग्राम पंचायत बिरगुल में भव्य स्वागत और अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रवासियों का उत्साह देखते ही बन रहा था। इस अवसर पर त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव व्यवस्था में पहली बार क्षेत्र पंचायत सदस्य रह चुकी जानकी देवी (पत्नी चंद्रशेखर जोशी 'गुरुजी') ने राज्य मंत्री मुकेश महराना एवं जिला पंचायत सदस्य निर्मला महराना को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। जानकी देवी ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि क्षेत्र पंचायत सदस्य से लेकर देहरादून सरकार में दर्जा राज्य मंत्री पद तक पहुंचना पूरे जनपद और बिरगुल के लिए गर्व की बात है।

# युवा दृष्टि मंच का हुआ आयोजन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** अखण्ड भारतीय संस्था की 16वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में युवा दृष्टि मंच आयोजित। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अजय मौर्या जिला पंचायत अध्यक्ष ऊधम सिंह नगर एवं रमेश चन्द्र जोशी अध्यक्ष नगर पालिका परिषद खटीमा तथा समाज के अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में पांच सौ से अधिक युवा छात्र-छात्राएं एवं सम्मानित समाज के लोग उपस्थित रहे। जिसमें छात्र- छात्राओं ने देश, समाज, राष्ट्र निर्माण हेतु अपने-अपने विचार प्रकट किये। कार्यकम में उपस्थित कवियों ने एवं बच्चों ने कविता द्वारा देश भक्ति के सुन्दर गीत व कविताएं प्रस्तुत की। अन्त में सुन्दर व्यक्तव्यों व गीत वाले बच्चों को संस्था की तरफ से प्रमाण पत्र व पुरस्कार देकर जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन काजल वर्मा ने किया। अखंड भारतीय संस्था अध्यक्ष अभिषेक गुप्ता ने कहा देश, समाज, राष्ट्रहित में अधिक से अधिक युवाओं को ऐसे कार्यक्रमों में प्रतिभाग करना चाहिये ताकि सुन्दर समाज की नीव पड़ सके। कार्यक्रम में संस्था के सचिव मनोज कुमार प्रजापति, अरविन्द शर्मा, प्रमोद वर्मा, अमन, निहाल, राज, सुमित यादव, रंदीप पोखरिया, राम रतन यादव, महेन्द्र प्रताप पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

# नगर पालिका ने शुरू किया वाटर कूलर मरम्मत कार्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** भीषण गर्मी के दस्तक देते ही नगर पालिका परिषद खटीमा ने जनहित में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। नगर के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों और मुख्य चौराहे पर लगे वाटर कूलर की मरम्मत का कार्य युद्ध स्तर पर शुरू कर दिया गया है।

गौरतलब है कि पिछले कुछ समय से नगर के कई वाटर कूलर तकनीकी खामियों या देख-रेख के अभाव में खराब पड़े थे जिससे राहगीरों और स्थानीय व्यापारियों को पीने के ठंडे पानी के लिए भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। तापमान में लगातार हो रही वृद्धि को देते हुए नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद जोशी ने कूलरों को चालू करने के दिशा निर्देश दिए और मौके पर पहुंचकर निरीक्षण कर कूलरों के कंप्रेसर फिल्टर और टोटियों की मरम्मत का कार्य चेक किया। इस दौरान सभासद आशीष श्रीवास्तव प्रदीप ठाकुर अर्पित कलोनी शुभम सुरेंद्र मौर्य आदि मौजूद रहे।

# कॉर्बेट में खतरा बने झुके पेड़ों पर एक्शन, आबादी के पास वन विभाग ने शुरू की कटाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** कॉर्बेट टाइगर रिजर्व और उसके आसपास के क्षेत्रों में जहां आबादी के पास खतरा बने झुके हुए पेड़ों को अब हटाया जा रहा है, ताकि आंधी-तूफान के दौरान किसी बड़े हादसे को रोका जा सके।

कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के बिजरानी रेंज के अंतर्गत आने वाले कोटद्वार रोड क्षेत्र में लंबे समय से झुके हुए पेड़ स्थानीय लोगों के लिए खतरा बने हुए थे। ये पेड़ जंगल से आबादी की ओर झुक गए थे, जिससे हर आंधी और तूफान के दौरान हादसे की आशंका बनी रहती थी।इस खतरे को देखते हुए अब पार्क प्रशासन ने कार्रवाई शुरू कर दी है। जिन पेड़ों का झुकाव आबादी की तरफ था, उन्हें चिन्हित कर उनकी कटाई और लॉपिंग का कार्य किया जा रहा है, ताकि समय रहते किसी दुर्घटना को टाला जा सके।स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों ने भी इस पहल का स्वागत किया है।भाजपा के पूर्व प्रदेश मंत्री राकेश नैनवाल,ज्येष्ठ उप प्रमुख संजय नेगी,भाजपा नेता मदन जोशी सहित अन्य लोगों ने भी पार्क प्रशासन से इन खतरनाक पेड़ों को हटाने की मांग की थी। उनका कहना है कि ये पेड़ कभी भी गिरकर बड़ा हादसा कर सकते थे, इसलिए इन पर कार्रवाई बेहद जरूरी थी।कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के निदेशक डॉ. साकेत बडोला के निर्देश के बाद अब यह काम तेजी से किया जा रहा है, जिससे स्थानीय लोगों को राहत मिली है।फिलहाल प्रशासन का यह कदम सुरक्षा के लिहाज से बेहद अहम माना जा रहा है। अब उम्मीद की जा रही है कि इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी, ताकि जंगल और आबादी के बीच संतुलन के साथ लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर के रसायन विज्ञान विभागीय परिषद् द्वारा पोस्टर एवं पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय की छात्र-छात्राओं द्वारा उत्साह पूर्वक प्रतिभाग किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों द्वारा माइक्रोप्लास्टिक, एंटीबायोटिक रेजिस्टेंस, फूड केमेस्ट्री, क्लाइमेट चेंज, वैक्सीन केमिस्ट्री एवं बैटरी टेक्नोलॉजी इत्यादि विषयों में पोस्टर और पावरप्वाइंट प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. एम.सी. पांडे ने विद्यार्थियों को माइक्रो प्लास्टिक और पर्यावरण में इनके दुष्प्रभावों के बारे में बताया।पोस्टर प्रतियोगिता में बी.एस-सी. द्वितीय सेम. की जसप्रीत कौर एवं रुचि को संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त हुआ।बी.एस-सी. षष्ठ सेम. की अपेक्षा बिष्ट ने द्वितीय एवं सोनाली ने तृतीय स्थान प्राप्त किया स पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन में बी. एस-सी. द्वितीय सेमेस्टर के शुभम द्वारा प्रथम, एम.एस-सी. चतुर्थ सेमेस्टर के अंकित पंत ने द्वितीय और अंकुल सिंह ने तृतीय स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता में निर्णायक डॉ. पवन टम्टा एवं डॉ. रागिनी गुप्ता रहे। कार्यक्रम का संचालन रसायन विज्ञान प्रभारी प्रो. जगमोहन सिंह नेगी ने किया। इस दौरान डॉ. रीमा प्रियदर्शी, डॉ. मनोज कुमार नैलवाल, डॉ. लवकुश, डॉ. सुभाष पोखरियाल, शिखा भोज, नंदन सिंह रौतेला,गोसिया खानम आदि मौजूद रहे।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मैंने अपने पुत्र विजय कुमार को गलत संगत में पड़ने व गलत व्यवहार करने के कारण मैंने अपनी चल- अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए थे। अब मेरे पुत्र विजय कुमार का मेरे व मेरे परिवार के प्रति आचरण अच्छा रखने और बात मानने के चलते पुन: परिवार में शामिल कर लिया है। अब मेरी समस्त सम्पत्ति में उसका हक होगा।

**प्रदीप कुमार पुत्र लक्ष्मण दास**
**निवासी- ग्राम अब्दुलानगर, पोस्ट-सुभाष नगर, बकैनिया, थाना-गदरपुर, जिला उधम सिंह नगर**

# खंड शिक्षा अधिकारी से अभद्र करने पर प्रधानाचार्य, शिक्षक आक्रोशित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सितारगंज।** लोगों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर कहा कि गोविंद वल्लभ पंत इंटर कॉलेज चकरपुर खटीमा में 22 अप्रैल को शिक्षक के विरुद्ध एक बालिका के साथ छेड़छाड़ एवं ब्लैकमेलिंग का गंभीर आरोप सामने आने पर उसकी जांच के लिए खंड शिक्षा अधिकारी विद्यालय पहुंचे थे।

दुर्भाग्यवश जांच के दौरान कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा खंड शिक्षा अधिकारी के साथ विद्यालय के कार्यालय में अभद्र व्यवहार किया गया।जो कि न केवल प्रशासनिक व्यवस्था पर प्रश्नचिह्न लगाता है, बल्कि शिक्षा विभाग की गरिमा को भी ठेस पहुंचा है।इस घटना से समस्त प्रधानाचार्य, शिक्षक एवं कर्मचारी संगठनों में भारी आक्रोश है। कहा कि ऐसी घटनाएं न केवल प्रशासनिक कार्यों में बाधा उत्पन्न करती हैं, बल्कि भविष्य में निष्पक्ष जांच एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने में भी गंभीर चुनौती प्रस्तुत करती हैं। उन्होंने घटना में संलिप्त असामाजिक तत्वों की तत्काल पहचान कर उनके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। भविष्य में ऐसे घटनाक्रमों की पुनरावृत्ति न हो इसके लिए विद्यालयों में जांच के दौरान पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराई जाए। संबंधित प्रकरण में बालिका के साथ छेड़छाड़ एवं ब्लैकमेलिंग की निष्पक्ष एवं शीघ्र जांच कर दोषी के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने चेताया कि यदि खण्ड शिक्षा अधिकारी खटीमा / सितारगंज के साथ दुर्व्यवहार में संलिप्त दोषियों के विरुद्ध 25 अप्रैल तक कार्रवाई नहीं की गई तो विकासखण्ड सितारगंज के सभी प्रधानाचार्य, शिक्षक एवं मिनिस्ट्रीयल कार्मिक संगठन वर्तमान में संचालित जनगणना ड्यूटी सहित अन्य शासकीय कार्यों का बहिष्कार किया जाएगा।

# 76.91 करोड़ की जिला योजना को मंजूरी

■ गांव-केंद्रित विकास से चंपावत को नई रफ्तार




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** जनपद में समग्र और संतुलित विकास की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए जिला योजना समिति ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 76.91 करोड़ की वार्षिक जिला योजना को सर्वसम्मति से मंजूरी दे दी है। प्रभारी मंत्री भरत सिंह चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में इस योजना को अंतिम रूप दिया गया, जिससे जिले के विकास कार्यों को नई गति मिलने की उम्मीद है।

बैठक से पहले प्रभारी मंत्री ने कलेक्ट्रेट परिसर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया और राष्ट्रीय ग्रामीण आजी. विका मिशन, उद्यान, पशुपालन, उद्योग, कृषि एवं पोषण पखवाड़ा से जुड़ी गतिविधियों की जानकारी ली। जिला सभागार में हुई बैठक में 36 विभागों के प्रस्तावों पर गहन चर्चा की गई। इस वर्ष का बजट पिछले साल के 68.57 करोड़ के मुकाबले ҕ8.34 करोड़ अधिक है, जो करीब 12 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। जिलाधिकारी मनीष कुमार ने गत वर्ष की उपलब्धियों और विभिन्न विभागों द्वारा किए गए कार्यों का विस्तृत ब्योरा प्रस्तुत किया। वहीं प्रभारी मंत्री ने जैविक खेती को बढ़ावा देने, सर्टिफिकेशन प्रक्रिया में तेजी लाने और स्थानीय उत्पादों को "हाउस ऑफ हिमालय" ब्रांड से जोड़ने के निर्देश दिए। उन्होंने लिंगड़ा, बुरांश जैसे स्थानीय उत्पादों की पहचान कर उनके उत्पादन और विपणन को बढ़ावा देने पर जोर दिया, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल सके। इसके अलावा शिक्षा, पेयजल, डेयरी और बाल विकास जैसे क्षेत्रों को भी शामिल कर समावेशी विकास पर जोर दिया गया है। बैठक में विधायक खुशाल सिंह अधिकारी, जिला पंचायत अध्यक्ष आनंद सिंह अधिकारी, दर्जा राज्य मंत्री श्याम नारायण पांडे, नगर पालिका अध्यक्ष प्रेमा पांडे सहित कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे। गांव-केंद्रित और रोजगार उन्मुख यह जिला योजना चंपावत के विकास का नया मॉडल प्रस्तुत करती है, जिसमें आधारभूत संरचना के साथ-साथ स्थानीय आजीविका को सशक्त बनाने पर खास ध्यान दिया गया है।

## एक नजर

### सड़क पर उड़ती धूल पर डीएम ने दिए पानी का छिड़काव कराने के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** जिलाधिकारी आशीष भटगांई को सूचना प्राप्त हुई कि बलुवाकोट से तवाघाट के मध्य सड़क पर निर्माण कार्य के चलते उठ रही धूल के कारण आमजन को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इस पर तत्काल संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।



निर्देशों के अनुपालन में प्रभावित स्थलों पर तत्काल पानी का छिड़काव कराया गया, जिससे धूल नियंत्रण में प्रभावी राहत मिली और आमजन को आवाजाही में सुविधा प्राप्त हुई। यह पहल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी सकारात्मक परिणाम दे रही है। इसके अतिरिक्त, बीआरओ एवं सभी संबंधित सड़क निर्माण एजेंसियों को निर्देशित किया गया है कि वे ऐसे संवे. दनशील स्थानों पर नियमित रूप से पानी का छिड़काव सुनिश्चित करें, ताकि धूल प्रदूषण पर निरंतर नियंत्रण बना रहे। उपजिलाधिकारी धारचूला को इस व्यवस्था की सतत निगरानी के निर्देश दिए गए हैं, जिससे सभी निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जा सके।

### नेपाल सीमा से सटे मडलक क्षेत्र में जंगली जानवरों का आतंक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

किसानों की मेहनत पर फिरा पानी

**लोहाघाट।** नेपाल सीमा से लगे मडलक क्षेत्र में जंगली जानवरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। सुअर और बंदरों के झुंड किसानों की मेहनत पर पानी फेर रहे हैं। खेतों में दिन-रात मेहनत कर तैयार की गई फसलें एक ही रात में पूरी तरह बर्बाद हो रही हैं, जिससे ग्रामीणों के सामने आजीविका का संकट खड़ा हो गया है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यहां की अधिकांश आबादी खेती पर निर्भर है। किसान कड़ी मेहनत से फसल तैयार करते हैं, लेकिन जंगली सुअर एक ही रात में पूरी फसल चट कर जाते हैं। हालात इतने खराब हो चुके हैं कि बचे हुए लोग भी अब पलायन का मन बना रहे हैं, जबकि हाल ही में रिवर्स पलायन कर लौटे लोगों का उत्साह भी टूटने लगा है। किसान परमानंद जोशी, भगवान सिंह, पुष्पा देवी, हयात सिंह, जानकी देवी, विमला देवी, निर्मला देवी टिकल देव, दीवान सिंह, रूक्मणी देवी और रुक्मिणी देवी ने बताया कि वे लंबे समय से सुनते आ रहे हैं कि सरकार किसानों की सुरक्षा के लिए तारबाड़ (फेंसिंग) लगा रही है, लेकिन उनके क्षेत्र में ऐसी कोई व्यवस्था नजर नहीं आ रही। उन्हें यह भी जानकारी नहीं है कि आखिर यह कार्य कहां और किस स्तर पर किया जा रहा है। ग्राम प्रधान महेश जोशी ने बताया कि इस समस्या को लेकर कई बार प्रस्ताव भेजे गए, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि अधिकारियों से मिलने के लिए लोहाघाट और चंपावत तक आने-जाने में ग्रामीणों की जेब खाली हो जाती है, लेकिन परिणाम शून्य ही रहता है। दिल्ली से सेवा. निवृत्त सेंट्रल सेक्रेटेरट के प्रकाश उपाध्याय, जो रिवर्स पलायन कर गांव लौटे हैं, ने कहा कि शहरों में रहने वाले लोग जब समस्याओं से घिरते हैं तो उन्हें पहाड़ की याद आती है। उन्होंने जिलाधिकारी मनीष कुमार की कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि उनके प्रयासों से वे गांव लौटने के लिए प्रेरित हुए, लेकिन जंगली जानवरों की समस्या ने यहां टिके रहना मुश्किल बना दिया है। उन्होंने मांग की कि जंगली जानवरों से बचाव के लिए जो तारबाड़ लगाई जा रही है, उसमें प्राथमिकता उन क्षेत्रों को दी जाए जहां नुकसान सबसे ज्यादा हो रहा है। साथ ही उन्होंने इस मुद्दे को जिलाधिकारी के संज्ञान में लाने की बात कही।

# डिजिटल मॉनिटरिंग की दिशा में चंपावत का बड़ा कदम

■ एमआईएस व टैली प्रशिक्षण शुरू ग्रामोत्थान परियोजना के तहत तीन दिवसीय प्रशिक्षण

■ 38 प्रतिभागियों को दिया जा रहा तकनीकी ज्ञान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** जनपद में डिजिटल मॉनिटरिंग को मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए ग्रामोत्थान परियोजना के अंतर्गत तीन दिवसीय एमआईएस (डऀ) एवं टैली प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। यह प्रशिक्षण 23 से 25 अप्रैल तक विकास भवन सभागार में आयोजित किया जा रहा है।

अंतरराष्ट्रीय कृषि विकास निधि (आईफैड) एवं उत्तराखण्ड ग्राम्य विकास समिति (यूजीवीएस) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम को मुख्य विकास अधिकारी डॉ. जीएस खाती के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में संचालित किया जा रहा है। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य विकासखंड स्तर की टीमों एवं सीएलएफ में कार्यरत लेखाकारों को प्रबंधन सूचना प्रणाली ( की गहन समझ प्रदान करना और डिजिटल मॉनिटरिंग प्रक्रिया को अधिक सरल एवं प्रभावी बनाना है। कार्यक्रम में मुख्य संदर्भ व्यक्ति हर्षमणि नौटियाल तथा प्रशिक्षक सचिन चंखवान और नीरज पंत द्वारा प्रतिभागियों को एमआईएस के प्रभावी उपयोग, डेटा एंट्री, डेटा संकलन, रिपोर्टिंग और मॉनिटरिंग की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही यूजीवीएस-रीप पोर्टल पर ऑनलाइन डेटा भरने का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी कराया गया। प्रथम दिवस की अध्यक्षता करते हुए जिला परियोजना प्रबंधक ममराज चौहान ने कहा कि परियोजना से जुड़ी सभी गतिविधियों का डेटा एमआईएस प्लेटफॉर्म पर लाने से कार्यों में पारदर्शिता और व्यवस्थित संचालन सुनिश्चित होगा। उन्होंने बताया कि इससे निगरानी प्रक्रिया आसान होगी और डेटा विश्लेषण के आधार पर प्रभावी निर्णय लेने में मदद मिलेगी। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में सहायक प्रबंधक (संस्थाएं) प्रकाश पाठक, सेल्स मैनेजर अतुल सिरस्वाल, आजीविका समन्वयक सुमित कुमार, वित्त प्रबंधक हिमांशु मेहता सहित समस्त ब्लॉक स्टाफ एवं सीएलएफ लेखाकार भाग ले रहे हैं। कुल 38 प्रतिभागी इस प्रशिक्षण में शामिल हैं।

# भटकी हुई मां को मिला घर

■ मित्र पुलिस की संवेदनशीलता ने लिखा इंसानियत का खूबसूरत अध्याय



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर/मनिहारगोठ।** बीते चार-पांच दिनों से क्षेत्र में बेसहारा हालत में भटक रही एक वृद्ध महिला के चेहरे पर आखिरकार सुकून लौट आया, जब मित्र पुलिस ने उसे सकुशल उसके घर पहुंचाने की पहल की। लगभग 60 से 70 वर्ष की उम्र की यह महिला न तो ठीक से अपना नाम बता पा रही थी और न ही घर का पताख़्रबस बेबस निगाहों से इधर-उधर भटक रही थी।

स्थानीय लोगों की नजर जब लगातार कई दिनों तक उस महिला पर पड़ी, तो दिल पसीज गया। सामाजिक कार्यकर्ता यामीन मासाब और शाहिद अहमद (चक्की वाले) ने इस मानवीय संकट को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ पत्रकार आबिद सिद्दीकी को सूचना दी। मामले की गंभीरता को समझते हुए पत्रकार आबिद सिद्दीकी ने तुरंत कोतवाल चेतन रावत को अवगत कराया और वृद्ध महिला को सुरक्षित उसके परिजनों तक पहुंचाने की अपील की।

कोतवाल चेतन रावत ने भी बिना देर किए इंसानियत का परिचय दिया और उपनिरीक्षक तेज कुमार को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके बाद तेज कुमार और उनकी टीम ने तत्परता दिखाते हुए महिला की पहचान और उसके घर का पता लगाने का प्रयास शुरू किया। आखिरकार उनकी मेहनत रंग लाई और महिला के परिजनों का पता चल गया। पुलिस ने बताया कि महिला का नाम नेमवती है और वह चंपावत निवासी है।

### इंसानियत की मिसाल बनी पुलिस

महिला को केवल ढूंढना ही नहीं, बल्कि उसे सम्मान और संवेदना देना भी पुलिस ने अपनी जिम्मेदारी समझी। मनिहारगोठ चौकी में महिला को सम्मानपूर्वक बैठाया गया, उसके लिए नाश्ते की व्यवस्था की गई और हर संभव देखभाल की गई। आज महिला का बेटा उमेश उसे लेने पहुंचाख़्रमां-बेटे के इस मिलन ने वहां मौजूद हर आंख को नम कर दिया।

### स्थानीय लोगों ने की सराहना

पुलिस की इस संवेदनशील कार्यशैली की क्षेत्र में जमकर सराहना हो रही है। लोगों का कहना है कि "यही है असली मित्र पुलिस", जो सिर्फ कानून ही नहीं, बल्कि इंसानियत की भी रक्षा करती है। यह घटना न केवल पुलिस की तत्परता को दर्शाती है, बल्कि यह भी साबित करती है कि अगर समाज और प्रशासन मिलकर काम करें, तो हर भटकी हुई जिंदगी को फिर से उसका ठिकाना मिल सकता है।

### कुलविंदर सिंह बने जिला उपाध्यक्ष, सचिन पूरी को मंडल अध्यक्ष बेरिया की जिम्मेदारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** विधानसभा क्षेत्र बेरिया में यूथ कांग्रेस जिला महासचिव हरभजन सिंह के आवास पर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में ब्लॉक प्रमुख जोरावर भुल्लर की उपस्थिति रही।



इस दौरान किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष नवदीप कंग ने संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से नई नियुक्तियों की घोषणा की। उन्होंने कुलविंदर सिंह को किसान कांग्रेस का जिला उपाध्यक्ष तथा सचिन पूरी को मंडल अध्यक्ष बेरिया नियुक्त किया। बैठक में मौजूद कार्यकर्ताओं ने नई जिम्मेदारियों के लिए दोनों नेताओं को बधाई दी और संगठन को और मजबूत बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर सेठ मेहता, गुरबख्श सिंह मेहता, अर्जुन सिंह मेहता, मनजीत सिंह गिल, रोशन सरना, मनोज कुमार, गुरविंदर सिंह, गोल्डी कंग, गुरविंदर सिंह लाडी, विक्की, गुरप्रीत सिंह, हैप्पी सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# आशीष ठाकुर समाज कल्याण योजनाएं अनुश्रवण समिति के सदस्य नामित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** क्षेत्र के युवा भाजपा नेता आशीष ठाकुर को समाज कल्याण विभाग की योजनाओं की अनुश्रवण समिति में सदस्य नामित किए जाने पर क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। उनके समर्थकों, भाजपा कार्यकर्ताओं एवं शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। आशीष ठाकुर लंबे समय से भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में सामाजिक एवं जनहित के कार्यों में जुड़े रहे हैं। समाज कल्याण योजनाएं अनुश्रवण समिति में सदस्य नामित होने के बाद आशीष ठाकुर ने कहा कि वे सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का पूरा प्रयास करेंगे तथा पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए पूरी ईमानदारी से कार्य करेंगे।

# नगर पालिका का अतिक्रमण व पॉलीथिन के खिलाफ अभियान

■ फुटपाथ खाली करने के निर्देश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर।** नगर पालिका परिषद टनकपुर द्वारा गुरुवार को नगर क्षेत्र में अतिक्रमण और प्रतिबंधित पॉलीथीन के खिलाफ सख्त अभियान चलाया गया। यह कार्रवाई अधिशासी अधिकारी ऋषभ उनियाल के नेतृत्व में की गई, जिसमें पालिका टीम ने मुख्य बाजार और सार्वजनिक स्थलों का निरीक्षण किया।

अभियान के दौरान टीम ने फुटपाथों पर अस्थायी रूप से अतिक्रमण कर फड़-ठेले लगाने वाले दुकानदारों को सख्त चेतावनी दी। अधिकारियों ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी फड़ विक्रेता 3 दिन के भीतर फुटपाथ पर चिन्हित लाल पटरी के पीछे ही अपने ठेले लगाएं, ताकि आम जनता और राहगीरों को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो। टीम ने चेतावनी दी कि निर्धारित समय सीमा के बाद भी अतिक्रमण जारी रहने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही नगर पालिका टीम ने प्रतिबंधित पॉलीथीन के खिलाफ भी छापेमारी अभियान चलाया।

निरीक्षण के दौरान तीन सब्जी विक्रेताओं को पॉलीथीन में सब्जी बेचते हुए पकड़ा गया। मौके पर ही उन्हें सख्त चेतावनी दी गई और प्रत्येक पर 100 रुपये का अर्थदंड लगाया गया। अधिकारियों ने सभी व्यापारियों को भविष्य में पॉलीथीन का उपयोग न करने और पर्यावरण संरक्षण में सहयोग करने की अपील की।

नगर पालिका प्रशासन ने साफ किया कि यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा, ताकि शहर को अतिक्रमण मुक्त और स्वच्छ बनाया जा सके। उन्होंने आम नागरिकों और व्यापारियों से नियमों का पालन करने और नगर को व्यवस्थित बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की।

अभियान के दौरान नगर पालिका के वरिष्ठ लिपिक बसन्त राज चन्द, पर्यावरण पर्यवेक्षक राकेश, रामरतन सहित पालिका कर्मी विशाल, प्रमोद और शकुन सक्सेना उपस्थित रहे।

### बाजपुर में किसानों का हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** जनजाति भूमि के मुद्दे को लेकर आक्रोशित किसानों ने क्षेत्रीय विधायक अरविंद पांडे के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए एसडीएम कार्यालय में जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान किसानों और एसडीएम डॉ. अमृता शर्मा के बीच तीखी झड़प भी हुई।



प्रदर्शन के दौरान किसानों ने कार्यालय में ताला लगाने की कोशिश की, जिससे मौके पर हंगामे की स्थिति बन गई। बढ़ते तनाव के बीच किसान धरने पर बैठ गए और अपनी मांगों को लेकर जोरदार नारेबाजी की। किसान नेता जीतू ने धरने को संबोधित करते हुए कहा कि जनजाति भूमि से जुड़े मुद्दों पर प्रशासन द्वारा लगातार अनदेखी की जा रही है, जिसे अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। बाद में एसडीएम डॉ. अमृता शर्मा द्वारा 72 घंटे के भीतर कार्रवाई का आश्वासन दिए जाने के बाद किसानों ने अपना धरना समाप्त कर दिया। प्रशासन ने किसानों को भरोसा दिलाया कि उनकी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा।

72 घंटे में कार्रवाई के आश्वासन पर समाप्त हुआ धरना

# पूर्णागिरि मेले में बढ़ने लगी श्रद्धालुओं की भीड़, व्यवस्थाओं से संतुष्ट दिखे तीर्थयात्री



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर/चम्पावत।** यहां आयोजित पूर्णागिरि मेले में अब धीरे-धीरे श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ने लगी है। उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों से लोग गेहूं की कटाई से निपटने के बाद माता के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। वहीं नेपाल से भी तीर्थ यात्रियों के आने का सिलसिला लगातार जारी है।

मेले की सुव्यवस्थित व्यवस्थाओं ने श्रद्धालुओं का मन जीत लिया है। मेला क्षेत्र में सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित हो रही हैं। तीर्थ यात्रियों के ठहरने, भोजन और सुरक्षा से जुड़े कर्मी उन्हें अतिथि की तरह स्वागत कर रहे हैं और किसी भी समस्या के समाधान के लिए तत्पर नजर आ रहे हैं।

मेला मजिस्ट्रेट डॉ. ललित मोहन तिवारी लगातार व्यवस्थाओं की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। वह पूरे मेला क्षेत्र का नियमित भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे हैं और संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों से समन्वय बनाए हुए हैं। इस दौरान वह तीर्थ यात्रियों से संवाद कर व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के लिए सुझाव भी ले रहे हैं। वहीं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस पूरी तरह सतर्क है। मेले में संदिग्ध व्यक्तियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है और सादी वर्दी में भी पुलिसकर्मी तैनात हैं, जो अपने दायित्वों का बखूबी निर्वहन कर रहे हैं।

# आरएमओ के निर्देश पर किसानों का गेहूं तोला गया, हंगामे के बाद मामला शांत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** मंडी स्थित आरएफसी के गेहूं तौल कांटे पर किसानों का गेहूं न तोले जाने को लेकर विवाद खड़ा हो गया, जिसके बाद आक्रोशित किसानों ने जमकर हंगामा किया। मामला बढ़ने पर कोतवाल नरेश चौहान की मध्यस्थता में किसानों और अधिकारियों के बीच वार्ता कराई गई। आरएमओ लता मिश्रा को मौके पर बुलाया गया, जहां उन्होंने किसानों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि तौल को लेकर कोई समस्या थी तो सीधे उनसे शिकायत की जानी चाहिए थी, लेकिन कर्मचारियों के साथ धक्का-मुक्की करना उचित नहीं है। वार्ता के दौरान किसानों के प्रतिनिधिमंडल और आरएमओ के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई। इसके बाद आरएमओ लता मिश्रा ने एसएमआई को निर्देश देकर किसानों का गेहूं तौल शुरू कराया।



गौरतलब है कि मंडी में स्थित आईएफसी के गेहूं तौल कांटे पर एक कर्मचारी द्वारा गेहूं तौलने से मना करने पर विवाद उत्पन्न हुआ था, जिसके चलते धक्का-मुक्की की स्थिति बन गई। इसके विरोध में किसानों ने शहीद भगत सिंह चौक पर धरना भी दिया था। बाद में कोतवाल नरेश चौहान के हस्तक्षेप से मामला शांत कराया गया। इस दौरान भाकियू प्रदेश अध्यक्ष करम सिंह पडडा, विक्की सिंह रंधावा, विजेंद्र सिंह डोगरा, प्रताप सिंह संधू, हरप्रीत सिंह निज्जर, विक्रम सिंह, परवशरण, प्रिंस, उपकर, दविंदर सिंह, मलकीत सिंह, सोनू, रंजीत सिंह, गगन सरना, बल्ली सिंह चीमा, गुरविंदर सिंह सहित कई किसान मौजूद रहे।

### 20वें दिन भी जारी रहा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का धरना, हनुमान पाठ कर सरकार को सद्बुद्धि की कामना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** जिला आंगनवाड़ी कार्यकर्ता/सेविका/मिनी कर्मचारी संगठन के बैनर तले आंगनबाड़ी कार्यकर्तियों का त्रिस्तरीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरना 20वें दिन भी जारी रहा।



धरना स्थल पर कार्यकर्तियों ने सरकार की निष्क्रियता के विरोध में भगवान हनुमान जी का पाठ कर सरकार को सद्बुद्धि देने की कामना की। कार्यकर्तियों का कहना है कि लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर आंदोलन. रत होने के बावजूद शासन-प्रशासन की ओर से कोई ठोस पहल नहीं की जा रही है। इस दौरान चंपावत ब्लॉक अध्यक्ष दीपा पांडे, प्रदेश सदस्य विमला पानेरू, ब्लॉक सदस्य लीलावती जोशी, उमा त्रिपाठी, शांति गोस्वामी, सुनीता पांडे सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# मनिहारगोठ में आग का कहर, मजदूर का आशियाना राख

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर।** मनिहारगोठ क्षेत्र में रहने वाले बसंत लाल पुत्र बनवारी लाल, जो पिछले तीन वर्षों से झोपड़ी बनाकर अपने परिवार के साथ रह रहे थे, के घर में अचानक लगी आग ने सब कुछ तबाह कर दिया। बसंत लाल मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करते थे। पीड़ित दंपति के दो बेटे और पांच बेटियां हैं।



आग लगने से झोपड़ी में रखा पूरा सामान जलकर राख हो गया। पीड़ित परिवार के अनुसार, घर में रखी करीब ҕ20,000 की नगदी भी आग की भेंट चढ़ गई। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक परिवार का सब कुछ जल चुका था। पीड़ित परिवार ने जिला प्रशासन से आर्थिक सहायता की मांग करते हुए मदद की गुहार लगाई है, ताकि वे दोबारा अपना जीवन शुरू कर सकें।

# जूनियर विंग में छात्राओं का नामांकन हुआ

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**रामनगर।** जीपीपी आर्य कन्या इण्टर कॉलेज रामनगर में 24 यू. के. बालिका वाहिनी अल्मोड़ा की जूनियर विंग में छात्राओं का नामांकन कार्य किया गया। जिसमें कक्षा 1 वीं और 8वीं के छात्राओं ने प्रतिभाग लिया। जिसमें विद्यालय की प्रिंसीपल सरिता, सीटीओ आशा कुमारी और 24 यू. के. बालिकी वाहिनी अल्मोड़ा से सुबेदार मेजर आनरेरी ले. दिपेंदर सिंह व हवलदार हेमचन्द्र की मौजूदगी में छात्राओं का शारीरिक परीक्षण व साक्षात्कार किया गया। जिसमें 41 छात्राओं ने बड़े जोश व उल्लास के साथ भाग लिया।

# नैनीझील में महाशीर के संवर्धन की पहल

## नाइट्रोजन को संतुलित कर ऑक्सीजन को बढ़ाएगी



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** आयुक्त कुमाऊं/सचिव मुख्यमंत्री दीपक रावत ने वीरवार को नैनीताल के तल्लीताल स्थित सैन्ट जोसेफ स्वीमिंग हाउस के एरियेशन हाउस के समीप जीवनदायिनी नैनी झील में स्थित मत्स्य केज में स्नोट्राउट मछली के संचय एवं संरक्षण हेतु आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। रावत ने अवगत कराया कि नैनी झील में 1990 के दशक से महाशीर मछली (ट्रोप्टिटोरा व स्नोट्राउट) विलुप्त हो चुकी थी। 2005 में प्रजाति ट्राउट मछली महाशीर के रिस्टॉक का संचय किया गया जो आज काफी अच्छी तरह विकसित हो चुकी है। दूसरी मछली की देशी प्रजाति स्नो ट्राउट भी विलुप्त हो चुकी थी जो प्रो. डीएस रावत (वाइस चांसलर कुमाऊं विश्व. विद्यालय नैनीताल) तथा रजिस्टार कुमाऊं विश्वविद्यालय डा. एमएस मंदरवाल, कुमाऊं विश्वविद्यालय के संरक्षण में जंतु विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो. एचसीएस बिष्ट के निर्देशन में नैनी झील में लगभग 35 साल बाद स्नो ट्राउट का पुन: संवर्धन एवं संचय किया जाना सुनिश्चित किया गया। बताया कि यह मछली नैनी झील में पनप रही काई का भक्षण कर जल में नाइट्रोजन की मात्रा को संतुलित करेगी और ऑक्सीजन की मात्रा को बढ़ाएगी। यह मछली नैनी झील में जल पारिस्थितिकी तंत्र को बायोला. जिकल ठीक करने में मिल का पत्थर साबित होगी। परियोजना अन्वेषण प्रो. एचसीएस बिष्ट के नेतृत्व में मछली के बीज का संचय ट्रीटमेंट प्लांट में पुन: उत्पादन करके इसकी अंगुलिकाओं को तैयार किया गया। इस अवसर पर नगर पालिकाध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल, कुमाऊं विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डा. एमएस मंद्रवाल, डीएसबी की प्रभारी निदेशक प्रो. चंद्रकला रावत समेत वनस्पति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी समेत प्रो. महेंद्र सिंह राणा, प्रो. मनोज कुमार, डा. हिमांशु लोहनी, डा. दीपिका गोस्वामी, डा. मनीषा त्रिपाठी, डा. नेत्रपाल शर्मा, डा. सीता देवली, प्रो. आशीष मेहता, डा. मुकेश सामंत, डा. दीपक आर्य सहित शोधार्थी व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# प्रशासन के दावों से इतर ज़मीनी हकीकत कुछ और

## पर्यटन सीज़न: व्यवस्थाओं के निरीक्षण में एसडीएम के सामने खामियां उजागर

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** पर्यटन सीजन को लेकर नैनीताल में प्रशासन जहां व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के दावे कर रहा है वहीं जमीनी हकीकत कुछ और ही तस्वीर बयां कर रही है। एसडीएम नवाजिश खलिक के निरीक्षण में रूसी बाइपास एंट्री प्वाइंट पर व्यवस्थाओं की पोल खुलकर सामने आ गई। वीरवार को एसडीएम व जिला पंचायत के अधिकारियों के निरीक्षण के दौरान सबसे पहले पेयजल व्यवस्था पूरी तरह फेल नजर आई। पर्यटकों के लिए पानी तक मुहैया नहीं था जबकि शौचालय के लिए रखे गए टैंक भी खाली मिले। वहीं शौचालयों में लगे नल टूटे हुए थे जिस पर एसडीएम ने नाराजगी जताते हुए संबंधित अधिकारियों को तत्काल सुधार के निर्देश दिए। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था भी सवालों के घेरे में दिखी। एंट्री प्वाइंट पर लगे सात में से तीन सीसीटीवी कैमरे बंद मिले जिससे निगरानी व्यवस्था कमजोर पाई गई। वहीं निगरानी कक्ष में कर्मचारियों के बैठने तक की समुचित व्यवस्था नहीं थी। कुर्सियों का अभाव तक देखने को मिला। एंट्री प्वाइंट पर व्यवस्थाएं अधूरी और लापरवाही से भरी नजर आईं। एसडीएम ने जिला पंचायत अधिकारियों को फटकार लगाते हुए पेयजल, शौचालय तथा लाइट और निगरानी व्यवस्था तत्काल दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि पर्यटन सीजन शुरू होने से पहले सभी व्यवस्थाएं चाक. चौबंद कर ली जाएंगी और इसके लिए जिम्मेदार कर्मियों की नियमित तैनाती भी सुनिश्चित की जाएगी। कहा कि व्यवस्थाएं सही नहीं होने पर ठेकेदार को भी नोटिस भेजा जाए। कहा कि पर्यटन सीजन के दौरान काई भी अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान जिला पंचायत की कार्यकारी अधिकारी ऋचा जोशी, कर अधिकारी विजय बिष्ट, दीपक उपाध्याय व चंद्रपाल सिंह व एसआई सतीश उपाध्याय मौजूद रहे।



### ब्लाक प्रमुख बिष्ट ने किया फूड वैन का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नैनीताल जिले के विकास खण्ड भीमताल के ज्योलीकोट में फूड वैन का शुभारंभ ब्लाक प्रमुख डा. हरीश सिंह बिष्ट द्वारा किया गया, जिसका उद्देश्य जरूरतमंदों को भोजन मुहैया कराना और स्थानीय आजीविका को बढ़ावा देना है। बता दें इन फूड वैन के संचालन से जहां स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा वहीं स्थानीय उत्पादों को भी एक बड़ा मंच मिलेगा जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था और पारंपरिक व्यंजनों को बढ़ावा मिलेगा। यह पहल स्थानीय स्तर पर आजीविका के अवसरों को बढ़ाने तथा उद्यमिता को सशक्त करने तथा समुदाय को सतत आय के स्रोतों से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। फूड वैन का संचालन महिला समूह के माध्यम से प्रत्यक्ष रूप से किया जाएगा जिससे महिलाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे। साथ ही इस पहल से अप्रत्यक्ष रूप जैसे ग्रामीण के स्थानीय उत्पाद जैसे ताज़ी सब्जियां, दाले तथा मसाले इत्यादि से ग्रामीण आजीविका को भी बढ़ावा मिलेगा। जनपद में अन्य स्थानों पर भविष्य में 9 फूड वैनों का शुभारंभ शीघ्र ही किया जाएगा।



### प्रशासन ने निगरानी व्यवस्था को किया मजबूत, वार्डवार किया गया 15 समितियों का गठन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** डीएम के कड़े निर्देशों के बाद अधिकारी अलर्ट मोड में आ गए हैं। होटल, रिजॉर्ट और होमस्टे संचालकों द्वारा ओवररेटिंग या पर्यटकों से अभद्रता की शिकायत मिलने पर अब सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी के निर्देश के बाद प्रशासन ने निगरानी व्यवस्था को और मजबूत करते हुए वार्डवार 15 समितियों का गठन किया है। एसडीएम नवाजिश खलिक ने बताया कि पर्यटन सीजन की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक में पर्यटकों से ओवररेटिंग और अभद्र व्यवहार की शिकायतें सामने आई थीं। इसी के मद्देनजर अब राजस्व विभागए नगर पालिका और जिला विकास प्राधिकरण के 45 कर्मियों को शामिल कर 15 समितियां बनाई गई हैं। ये टीमें अपने.अपने वार्डों में होटल, रिजॉर्ट, होमस्टे और गेस्टहाउस का नियमित निरीक्षण करेंगी। निरीक्षण के दौरान समितियां संचालकों का पंजीकरण, कर्मचारियों का विवरण और अन्य जरूरी जानकारियां एकत्र करेंगी। साथ ही किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर तत्काल रिपोर्ट तैयार कर तहसीलदार को सौंपी जाएगी। विशेष रूप से वीकेंड पर अभियान को और अधिक सक्रिय रखने के निर्देश दिए गए हैं। एसडीएम ने साफ कहा कि यदि किसी भी प्रतिष्ठान में गंभीर अनियमितता या ओवररेटिंग की पुष्टि होती है तो संबंधित संचालक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## एक नजर

### आशीर्वाद क्लब ने वितरित कीं ज़रूरी वस्तुएं

**नैनीताल।** नगर की प्रतिष्ठित आशीर्वाद क्लब ने वीरवार को अपने सामा. जिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए नैनीताल के समीपवर्ती ग्राम पंचायत मेहरोड़ा, सोनिया खान तथा पगूंट से लगभग लगभग 35 महिलाओं/बालिक. ाओं तथा बच्चों को एकत्रित कर साड़ी, सूट, टॉप, चादर,जींस, पैंट तथा साल व दुपट्टे तथा स्कूल बैग, मिल्टन के वाटर फिल्टर तथा पेंसिल बॉक्स वित. रित किए गए। क्लब के मुताबिक कार्यक्रम की व्यवस्था पूर्व ग्राम प्रधान प्रेमलता बुधलाकोटी तथा ग्राम प्रधान दिनेश बुधलाकोटी द्वारा की गई। मुख्य अतिथि कृष्ण परमहंस की माताजी उपस्थित रहीं। इससे पूर्व रेखा त्रिवेदी ने क्लब की उपलब्धियों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि आशीर्वाद क्लब हमेशा ही यह प्रयास करता है कि वह अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन कर ग्रामीण क्षेत्रों में निरंतर आगे बढ़ते रहे। क्लब की ओर से शोभा गुप्ता, रेखा कंसल, रेखा त्रिवेदी, मीनू शर्मा, वर्षांजलि श्रीवास्तव, मोनिका साह, निधि कंसल, मानसी गर्ग, नीलू एनहांस तथा मंजू बिष्ट उपस्थित रहीं।

### लेंसकार्ट के खिलाफ कमिश्नर को ज्ञापन सौंपा

**नैनीताल।** भारतीय जनता पार्टी नैनीताल मंडल द्वारा मंडल अध्यक्ष नितिन सिंह कार्की के नेतृत्व में वीरवार को कुमाऊँ आयुक्त दीपक रावत को लेंसकार्ट कंपनी में कथित धार्मिक भेदभाव के विरोध में एक ज्ञापन सौंपा गया। यह ज्ञापन मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को संबोधित करते हुए कुमाऊँ आयुक्त नैनीताल के माध्यम से प्रेषित किया गया। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि प्रदेश भर में संचालित लेंसकार्ट शोरूम्स की कार्यप्रणाली की गहन जांच कराई जाए तथा यदि किसी प्रकार की अनियमितता या धार्मिक भावनाओं को आहत करने जैसी गतिविधि पाई जाती हैं तो संबंधित शोरूमस पर सख्त कार्यवाही की जाए। इस अवसर पर मनोज जोशी (सलाहकार मंडी परिषद उत्तराखंड सरकार), मयंक पंत (मंडल अध्यक्ष किसान मोर्चा), दया किशन पोखरिया (जिला उपाध्यक्ष), भारत सिंह मेहरा (कार्यालय मंत्री), हेमंत बेदी (मंडल अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा), रितुल कुमार (मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा), युवराज सिंह करायत (महामंत्री युवा मोर्चा), कमल जोशी, मोहित लाल साह )उपाध्यक्ष) उपस्थित रहे।

### मेधावी छात्र शिवा को इनस्पायर मानक अवार्ड



**नैनीताल।** नगर के दुर्गापुर स्थित प्रतिष्ठित पीपीजे सरस्वती विहार के मेधावी छात्र शिवा ने विज्ञान के क्षेत्र में अपने उत्कृष्ट नवाचार के लिए प्रतिष्ठित इनस्पायर मानक अवार्ड प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। इनस्पायर मानक योजना भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा संचालित एक महत्वपूर्ण पहल है। इस योजना का उद्देश्य देशभर के विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, नवाचार और रचनात्मकता को प्रोत्साहित करना है, ताकि वे समाज के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकें। इस कामयाबी के तहत शिवा को अपने प्रोजेक्ट को आगे विकसित करने के लिए 10 हजार रुपए की अनुदान राशि भी प्रदान की गई है। यह राशि उनके नवाचार को और अधिक प्रभावी तथा व्यावहारिक रूप देने में सहायक सिद्ध होगी। विद्यालय के प्रधानाचार्य डा. सूर्य प्रकाश ने शिवा की इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह कामयाबी को उनकी कड़ी मेहनत, लगन और निरंतर प्रयास का परिणाम है।

### राज्य सरकार को 28 अप्रैल तक की मोहलत

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने पिछले वर्ष ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी भीमताल जिला नैनीताल में बीसीए दूसरे वर्ष की छात्रा लखनऊ निवासी वैश्वी तोमर की कमरे में हुई संदिग्ध मौत की जांच कराए जाने के मामले पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की कोर्ट ने सरकार से यह बताने को कहा कि क्यों परिजनों की शिकायत पर मुकदमा दर्ज नहीं हुआ जिसकी वजह से उन्हें लखनऊ में जीरो एफआईआर दर्ज करनी पड़ी। इस पर हर हाल में 28 अप्रैल तक जांच रिपोर्ट पेश करें।

### वन विकास निगम के एमडी को अवमानना नोटिस

**नैनीताल।** हाईकोर्ट ने वन विकास निगम के सेवानिवृत कर्मचारियों की अवमानना याचिका पर सुनवाई करते हुए पूर्व के आदेश का अनुपालन नहीं करने के मामले में वन विकास निगम की एमडी को अवमानना नोटिस जारी कर चार सप्ताह में जवाब दाखिल करने को कहा है। वन विकास निगम के स्केलर और चौकीदार पद से सेवानिवृत सात याचिकाकर्ताओं तारा आर्य और अन्य की ओर से दायर अवमानना याचिका पर वीरवार को न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की एकलपीठ में सुनवाई हुई।

### दो व्यक्तियों की दोषसिद्धि और सजा हाई कोर्ट में रद्द

**नैनीताल।** उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने गैंगस्टर एक्ट के एक पुराने मामले में महत्वपूर्ण निर्णय सुनाते हुए दो व्यक्तियों की दोषसिद्धि और सजा को रद्द कर दिया है। बता दें न्यायमूर्ति आशीष नैथानी की एकल पीठ ने नैनीताल जिले के हेमू पंत उर्फ हेमू कालू और मनीष उर्फ कंचू मटियानी द्वारा दायर आपरा. धिक अपील पर सुनवाई करते हुए यह आदेश पारित किया। न्यायालय ने पाया कि अभियोजन पक्ष आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की आवश्यक शर्तों को साबित करने में किल रहा है।

### प्रधान पति की मौत से शोक की लहर

**कालाढूंगी।** विकासखंड कोटाबाग के ग्राम पंचायत रतनपुर के प्रधान पति की मौत से क्षेत्र में शोक की लहर है। ग्राम प्रधान आशा मेहरा के पति की देर रात हृदय गति रुकने से अचानक मौत हो गई। घनश्याम मेहरा (48) प्रधान पति की मौत से परिवार में मातम छाया हुआ है।

# नम आंखों से हेमा को दी विदाई, ज्योली गांव में पसरा मातम

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** वन्यजीव हमले में जान गंवाने वाली हेमा पांडे का शव पोस्टमार्टम के बाद वीरवार को उनके घर लाया गयाए जहां पूरे गांव ने नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी। हिंदू रीति-रिवाज के साथ हुए अंतिम संस्कार में ऐसा कोई नहीं था जिसकी आंखें नम न हों। बता दें जैसे ही हेमा का शव घर पहुंचा, परिजनों का रो रोकर बुरा हाल हो गया। उनके बच्चों की चीख-पुकार ने माहौल को और अधिक गमगीन कर दिया। मां को अंतिम बार देख बिलखते बच्चों को संभालना ग्रामीणों के लिए भी मुश्किल हो गया। अंतिम विदाई के दौरान हर आंख आंसुओं से भर गई। ग्रामीणों ने भारी मन से उन्हें विदा किया और हर किसी के दिल से यही आवाज निकली कि ऐसी दर्दनाक मौत किसी को न मिले।

गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है। लोग अब भी इस घटना से उबर नहीं पाए हैं। हेमा की असमय मौत ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है, वहीं उनके परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि क्षेत्र में वन्यजीवों के बढ़ते खतरे को गंभीरता से लेते हुए ठोस कदम उठाए जाएं, ताकि भविष्य में किसी और परिवार को इस तरह का दर्द न झेलना पड़े। डीएफओ आकाश गंगवार ने बताया कि घटना के तुरंत बाद ही एक पिंजरा और चार ट्रैप कैमरे लगाए गए थे लेकिन रात भर उनमें किसी भी वन्यजीव की गतिविधि दर्ज नहीं हुई। इसके बाद विभाग ने अपनी रणनीति को और मजबूत करते हुए गुरुवार को पिंजरों की संख्या बढ़ाकर चार और ट्रैप कैमरों की संख्या 50 कर दी है। उन्होंने बताया कि संवे. दनशील रीवर वैली क्षेत्र में एक मचान भी तैयार किया जा रहा है।

# 4 और 5 मई को क्रमिक अनशन

## बिंदुखत्ता राजस्व गांव के लिए 6 मई को विशाल जनसभा का ऐलान

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**लालकुआं।** बिंदुखत्ता में राजस्व ग्राम का दर्जा दिलाने की मांग एक बार फिर जोर पकड़ने लगी है। वन अधिकार संगठन बिंदुखत्ता ने जन-जन की सरकार कब आएगी शीर्षक से आंदोलन की घोषणा करते हुए 4 व 5 मई 2026 को शहीद स्मारक पर क्रमिक अनशन और 6 मई को विशाल जनसभा आयोजित करने का ऐलान किया है। पत्रकार वार्ता में संगठन पदाधिकारियों ने कहा कि बिंदुखत्ता के निवासी पीढ़ियों से यहां निवास कर रहे हैं, इसके बावजूद आज तक उन्हें राजस्व ग्राम का दर्जा नहीं मिल पाया है। उनका कहना है कि क्षेत्र के लोग वन अधिकार अधि. नियम 2006 के तहत पात्रता पूरी करते हैं, लेकिन मामला लंबे समय से शासन स्तर पर लंबित पड़ा है। संगठन ने आरोप लगाया कि जिला स्तरीय समिति द्वारा प्रस्ताव शासन को भेजे जाने के बावजूद अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया। बाद में फाइल वापस कर पुन: परीक्षण के निर्देश दिए गए, जिससे प्रक्रिया और अधिक लंबित हो गई। वहीं, स्थानीय लोगों का यह भी कहना है कि जनप्रति. निधियों की ओर से इस मुद्दे पर कोई स्पष्ट पहल नहीं दिखाई दे रही है। इसी के विरोध में ग्रामीणों ने चरणबद्ध आंदोलन का निर्णय लिया है। 4 और 5 मई को क्रमिक अनशन के साथ सरकार और प्रशासन से संवाद किया जाएगा, जबकि 6 मई की जनसभा में बड़ी संख्या में लोगों के जुटने की संभावना है। इस दौरान बिंदुखत्ता को राजस्व ग्राम घोषित करने की मांग को जोरदार तरीके से उठाया जाएगा। इस अवसर पर वनाधिकार समिति के अध्यक्ष अर्जुन नाथ गोस्वामी, वनाधिकार संगठन के अध्यक्ष उमेश भट्ट, भरत नेगी, दीपक जोशी, बसंत पांडे, इंद्र सिंह पनेरी और बलवंत सिंह बिष्ट समेत कई पदा. धिकारी मौजूद रहे।



### एरीज क्षेत्र के जंगल में लगी आग

**नैनीताल।** एरीज क्षेत्र में बुधवार देर रात अराजक तत्वों द्वारा आगजनी की घटना सामने आई है। सूचना के बाद विभागीय टीम ने देर रात ही आग पर काबू पा लिया। बता दें बुधवार की देर रात एरीज के समीप जंगल में लगाई गई आग ने कुछ देर के लिए अफरातफरी का माहौल बना दिया। ग्रामीणों ने जैसे ही आग की लपटें एरीज व आवासीय क्षेत्र की ओर बढ़ती देखीं तुरंत वन विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही विभाग की टीम रात में ही मौके पर पहुंच गई। खड़ी पहाड़ी और कठिन भू-भाग के बावजूद वन कर्मियों और फायर वाचरों ने कड़ी मशक्कत कर करीब एक घंटे के भीतर आग पर काबू पा लिया। समय रहते आग बुझा लिए जाने से बड़ा हादसा टल गया और आग को जंगल के अंदर और रिहायशी क्षेत्र में फैलने से रोक लिया गया। डीएफओ आक. ाश गंगवार ने बताया कि स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है और आग को बुझा दिया गया है। साथ हीए आग लगाने वाले अराजक तत्वों की तलाश के लिए जांच भी शुरू कर दी गई है। इस घटना के बाद क्षेत्र में सतर्कता बढ़ा दी गई है। लोगों से भी अपील की है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत दें ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

#### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपनी चेली राहत रानी उर्फ सन्जू किन्नर पुत्र श्री सीमा गुरु को मेरे व अन्य साथियों के साथ गलत व्यवहार करने तथा गलत संगत में पड़ जाने के कारण सौंपे गए मांगने खाने वाले क्षेत्रों तथा अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके किसी भी कृत्य का मुझसे कोई वास्ता नहीं होगा।

सीमा गुरु, पुत्र श्री अजीजन
निवासी-साताताल, चौराहा महरा
गांव, जिला नैनीताल

# बाइक व स्कूटी रेंटल कारोबारी प्रशासन के रवैये से गुस्से में

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नैनीताल शहर में चल रहे बाइक और स्कूटी रेंटल कारोबार से जुड़े संचालकों ने प्रशासन के प्रति नाराजगी जाहिर की है। संगठन का कहना है कि यातायात व व्यवस्था को लेकर होने वाली बैठकों में उन्हें कभी शामिल नहीं किया जाता जबकि उनका संगठन अधिकृत रूप से पंजीकृत है और शहर में बड़ी संख्या में स्थानीय युवाओं को रोजगार दे रहा है। बाइक रेंटल संगठन के अध्यक्ष संजय सिरोही के अनुसार चालान की कार्रवाई में भी प्रशासन और पुलिस पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाए हुए हैं। उनका कहना है कि जब भी आरटीओ और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई होती है तो अधिकांश चालान सिर्फ स्कूटी और बाइकों के ही काटे जाते हैं। जबकि हाई कोर्ट के आदेश के अनुसार पंजीकृत किसी भी प्रकार का वाहन चाहे बाइक हो या कार निजी हो या व्यावसायिक माल रोड पर प्रतिबंधित है। इसके बावजूद कार्रवाई का दायरा केवल टू-व्हीलर तक ही सीमित कर दिया गया है। संगठन ने यह भी कहा कि अधिकांश बाइक और स्कूटी स्थानीय बेरोजगार युवाओं को मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के तहत मुहैया कराई गई थीं ऐसे में लगातार चालान और एकतरफा कार्रवाई से उनके रोजगार पर सीधा असर पड़ रहा है। संचालकों का कहना है कि वे नियमों के खिलाफ नहीं हैं लेकिन लागू किए गए नियम सभी पर समान रूप से लागू होने चाहिए।अध्यक्ष संजय सिरोही ने चेता. वनी दी है कि यदि आने वाले दिनों में बाइक स्कूटी ऑपरेटरों के साथ यह व्यवहार जारी रहा तो संगठन विरोध की राह अपनाने के लिए मजबूर होगा। उन्होंने कहा कि आवश्यकता पड़ी तो हड़ताल तथा धरना और आमरण अनशन जैसे कदम भी उठाए जा सकते हैं।



### सड़क हादसे में युवक की मौत

**कालाढूंगी।** बृहस्पतिवार सुबह कमोला के पास हुए सड़क हादसे में एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार लालकुआं के रावत नगर बिंदुखत्ता निवासी 35 वर्षीय पुष्कर सिंह कार्की पुत्र दीवान सिंह कार्की अपनी बाइक संख्या यूके04 एए8578 से रामनगर की ओर से हल्द्वानी जा रहे थे। बताया जा रहा है कि कमोला स्थित गुरुणी नाले के पास आगे चल रही बस संख्या यूए 01,7175 को ओवरटेक करने के दौरान उनकी बाइक बस के पीछे टकरा गई, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। राहगीरों की सूचना पर 108 एंबुलेंस और कालाढूंगी पुलिस मौके पर पहुंची तथा शव को अस्पताल पहुंचाया गया। सूचना मिलते ही अस्पताल पहुंचे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

# सेंट जेवियर्स में मनाया अर्थ-डे

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नगर की प्रतिष्ठित समा. जसेवी व भाजपा महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष कविता गंगोला ने कहा कि धरा को हरा-भरा रखना हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस पुनीत कार्य में हमारे युवा अपनी अहम भूमिका निभा सकते हैं। गंगोला ने यह विचार नगर के प्रतिष्ठित सेंट जेवियर्स स्कूल में पृथ्वी दिवस के मौके पर स्कूल प्रबंधन की ओर से आयोजित विशेष कार्यक्रम के दौरान बतौर मुखय अतिथि व्यकत किए। गंगोला ने छात्रों को पर्यावरण संरक्षण हेतु पौधों की महत्ता पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि बच्चों को हर रोज ऐसे कार्यो को प्राथमिकता देनी चाहिए जिससे हमारा पर्यावरण प्रदूषित होने से बच सके। उन्होंने धरा को हरा-भरा रखने के लिए पौधरोपण किए जाने पर बल दिया। उन्होंने अपने संबोधन के बाद स्कूल परिसर में पौधरोपण किया। इससे पूर्व कालेज के प्रधानाचार्य नईम अली खान ने मुख्य अतिथि समेत सभी का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि पृथ्वी केवल हमारा घर नहीं है बल्कि यह आने वाली पीढ़ियों की अमानत है। इससे पूर्व कालेज प्रांगण में स्कूली बच्चों की ओर से विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से पर्यावरण की रक्षा के लिए पौधरोपण किया गया। इस मौके पर कक्षा 1 से पांच तक के बच्चों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता, 6 से 8 तक के बच्चों हेतु सीड बॉल की गतिविधियां आयोजित की गयी वहीं 9 से 12 तक के बच्चों ने स्टोन पेटिंग आयोजित की गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीमा ढैला व संचालन नेहा चंद्र ने किया।



# कैंसर से बचाव के बारे में सचेत किया

## आशा फाउंडेशन ने जीजीआईसी खुर्पाताल में किया विशेष कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** सामाजिक सरोकारों से लिए समर्पित आशा फाउंडेशन द्वारा वीरवार को राजकीय बालिका इंटर कालेज खुर्पाताल में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जिसके अंतर्गत बालिकाओं को माहवारी के समय में होने वाली परेशानियों से अवगत कराते हुए उनको कैंसर के प्रति सचेत किया गया।

फाउंडेशन की अध्यक्ष आशा शर्मा ने कहा कि किसी भी मुहिम का उद्देश्य युवाओं के बिना अधूरा है। हमें युवाओं को जागरूक करने की ज्यादा जरूरत है। क्योंकि कैंसर जैसी महामारी आजकल युवाओं में भी बहुत देखने को मिल रही है। इसीलिए आशा फाउंडेशन के द्वारा लगातार गांव गांव में यह कार्य किया जा रहा है परंतु स्कूल और कालेज उनके लिए बहुत अहम है। उन्होंने बाजार में मिलने वाली पैड्स से होने वाले पर्यावरण को हानि से अवगत कराते हुए उसके दुष्प्रभाव से भी अवगत करवाया। वैसे भी जागरूकता के अभाव की वजह से लोग इन कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों की गिरफ्त में आ जाते हैं। कहा कि वर्तमान दौर में स्तन कैंसर और बच्चेदानी का कैंसर बहुत उग्र रूप से फैल रहा है। फाउंडेशन के द्वारा अब तक उत्तराखंड के लगभग 15 गांवों में यह मुहिम पहुंच चुकी है और लगभग 6500 महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक किया जा चुका है जिसके अंतर्गत फाउंडेशन द्वारा पैड्स जो कि कपड़े की बनी हुई होती है। उनको लगभग दो साल तक इस्तेमाल किया जा सकता हैं। इन पैड्स को आसानी से धोकर अच्छी धूप में सुखाकर इस्तेमाल किया जा सकता है। कार्यक्रम में 100 बालिकाओं व शिक्षिकाओं को रियूसिएबल पैड्स वितरित किए। शर्मा ने अंत में प्रभारी प्रधानाचार्य गीता पांडे और शिक्षिकाओं का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर फाउंडेशन की तरफ से बच्ची सिंह नेगी, वीरू, रश्मि सारेला, वैशाली, भगवत सिंह रावत, स्कूल अध्यापिका सुमिता आर्य, प्रभा जोशी, आशा जोशी, कृष्णा आर्य, बीना तथा जयललिता आदि मौजूद थे। बालिक. ाओं के चेहरों पर मुस्कान देखकर सभी लोग बहुत खुश थे। बालिकाओं का कहना था कि पहली बार इतनी खुलकर बातचीत हुई है।




### आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का धरना प्रदर्शन

**कालाढूंगी।** आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने मानदेय बढ़ाने और अन्य कई मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन शुरू किया है। गुरुवार को कालाढूंगी के दीन दयाल पार्क में बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकत्री धरने पर बैठी। आक्रोशित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का कहना है कि उन्हें मात्र 9 हजार 300 रुपया मानदेय दिया जाता है जो बहुत कम है। उन्होंने 24 हजार रुपए वेतन के रूप में दिए जाने की मांग की। कहा कि उनके द्वारा कई तरह का फील्ड का काम भी किया जाता है, इसलिए बायोमेट्रिक मशीन की उपयोगिता को खत्म किया जाए। सेवानिवृत्ति पर 10 लाख रुपए के शासनादेश होने के बाद ही 300 रुपए की कटौती की जाए। आंगनबाड़ी कार्यकत्री सेविका मिनी कर्मचारी संगठन का कहना है कि उनकी मांगों को नहीं माना जाता है तो धरना प्रदर्शन को उग्र रूप दिया जाएगा। इस दौरान अध्यक्ष गीता मोमी, रमा पांडे, गंगा बिष्ट, शबनम परवीन थीं।

# चुनाव के लिए भाजपाइयों का मंथन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नैनीताल ग्रामीण मंडल भाजपा द्वारा वीरवार को शक्ति केंद्र संयोजक बूथ अध्यक्ष तथा समस्त भाजपा कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों के संगठन की बैठक की हुई। बैठक में वर्ष 2027 में होने जा रहे विधान सभा चुनाव को लेकर व्यापक चर्चा की गयी। बैठक में सबने एकजुट होकर धामी तथा मोदी के कामों को जन जन पहुंचाने का संकल्प लिया तथा तय किया एक जुट होकर 2027 भारतीय जनता पार्टी की सरकार लाने वास्ते प्रत्येक बूथ अध्यक्ष को अपने बूथ में जाकर प्रचार प्रसार करेंगे। बैठक में भाजपा के जिला कार्यकारिणी सदस्य डा.भुवन चंद्र आर्य ने सभी का आह्वान किया कि अब चुनाव में काफी कम समय रह गया है इसलिए सभी को एकजुटता से डबल इंजन सरकार की कामयाबियों को जनता तक पहुंचाकर उनका उनसे अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील करनी होगी। बैठक में नैनीताल ग्रामीण मंडल अध्यक्ष भाजपा सुरेश उप्रेती, मंडल प्रभारी आनंद सिंह बिष्ट, शक्ति केंद्र संयोजक हीरा सिंह, प्रधान एवं मंडल उपाध्यक्ष हेमचंद बहुखंडी, किसान मोर्चा जिला मंत्री कुंदन सिंह, बूथ अध्यक्ष केसी पंत, महेंद्र सिंह, विक्रम सिंह, सुरेश सिंह, हीरा सिंह अधिकारी, पंकज, गणेश मेहरा तथा प्रकाश आर्य आदि मौजूद थे।



# भाई आईपीएल हीरो बना, उम्मीद है गांव में सड़क बनेगी

### गुजरात टाइटंस के स्पीड़ स्टार अशोक शर्मा ने पिता को गिफ्ट की स्कूटी



**नई दिल्ली, वार्ता।** आईपीएल के इस सीजन में गुजरात टाइटंस की ओर से खेल रहे तेज गेंदबाज अशोक शर्मा सुर्खियों में हैं। वजह है- रफ्तार। अशोक नियमित तौर पर 150 किलोमीटर प्रति घंटा से भी ज्यादा तेज गेंदें फेंक रहे हैं। अशोक की इस कामयाबी ने उनके परिवार के लोगों को आस-पास के इलाके में मशहूर कर दिया है।अशोक के बड़े भाई अक्षय बताते हैं- भाई ने गांव का नाम रोशन कर दिया है।

जहां भी जाता हूं लोग रोक कर अशोक के बारे में पूछते हैं। उम्मीद है कि अशोक की सफलता का फायदा अब हमारे गांव को भी मिलेगा। हमारा गांव जयपुर से महज 35 किलोमीटर दूर है लेकिन हाईवे तक जाने के लिए अच्छी सड़क नहीं है। उम्मीद है यह सड़क जल्द बनेगी और गांव वालों की जिंदगी की रफ्तार भी बढ़ जाएगी। गांव बुलाने में झिझक, पर जड़ों से गहरा लगाव। अक्षय ने कहा- हमें लोगों को यहां बुलाने में शर्म आती है, क्योंकि यहां कोई ढंग का रास्ता ही नहीं है।' दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे से उतरने के बाद गांव तक पहुंचने के लिए कोई पक्की सड़क नहीं है। इन मुश्किलों के बावजूद, शर्मा परिवार को अपनी जड़ों और गांव से बेहद प्यार है। अक्षय बताते हैं कि करोड़ों रुपए की लीग का हिस्सा बनने के बाद भी अशोक सादगी पसंद करते हैं। वह अक्सर कहते हैं, 'कुछ भी हो जाए, अपना गांव नहीं छोड़ेंगे।' वे सुबह 5 बजे उठते हैं, मैदान पर दौड़ने जाते हैं, ट्रेनिंग करते हैं और घर का बना सादा खाना और छाछ उनकी डाइट का मुख्य हिस्सा है। अशोक के पिता नाथूलाल शर्मा आज भी खेतों में काम करते हैं। वे फटे हुए कपड़ों और मिटी से सने पैंट में ही अपने छोटे बेटे द्वारा गिफ्ट किए गए इलेक्ट्रिक स्कूटर से खेत से लौटते हैं।

अशोक की मां लाली देवी मुस्कुराकर बताती हैं कि अशोक बचपन में बहुत शरारती था। वह घर का खूब सामान तोड़ता था, जिसकी वजह से अक्सर बड़े भाई अक्षय को मार खानी पड़ती थी। परिवार के सबसे चहेते अशोक ने पिछले साल केकेआर टीम में रहते हुए अपने जन्मदिन पर जिद करके 'थार' गाड़ी मांगी थी। अब यह एसयूवी गांव के बच्चों के लिए आकर्षण का केंद्र है और गांव के रास्तों को देखते हुए यह एक सही चुनाव भी साबित हुई है।

तेज गेंदबाजी का शौक दोनों भाइयों को बचपन से था। अक्षय बताते हैं कि उन्हें अपनी रफ्तार से बल्लेबाजों को डराने में मजा आता था। इस जुनून के पीछे उनके चाचा रामदयाल शर्मा की प्रेरणा है, जो अपने समय में गांव के खूंखार तेज गेंदबाज माने जाते थे और एमएस धोनी की तरह लंबे बाल रखते थे। पिछले साल गुजरात टाइटंस ने अशोक को 90 लाख रुपए में खरीदा और इस साल उन्होंने अपना डेब्यू किया। परिवार उन्हें पहली बार लाइव खेलते देखने के लिए 450 किलोमीटर दूर चंडीगढ़ गया। इसके बाद अहमदाबाद में अगले मैच के लिए अशोक ने परिवार को बुलाया, तो उन्होंने फ्लाइट की जगह जयपुर से 10 घंटे की ट्रेन यात्रा चुनी। जब अशोक के पिता नाथूलाल से पूछा गया कि क्या उन्होंने कभी फ्लाइट में सफर किया है, तो उन्होंने धीरे से सिर हिलाते हुए कहा, 'नहीं।' इस पर बड़े भाई अक्षय ने चुटकी लेते हुए कहा कि पापा को प्लेन में बैठने से डर लगता है। पास ही चुपचाप बैठीं मां लाली देवी ने बातचीत में शामिल होते हुए बड़े भरोसे के साथ कहा कि एक दिन हम प्लेन में जरूर जाएंगे। वहीं, भाई अक्षय को उम्मीद है कि अशोक की इस शानदार सफलता की चमक से शायद अब रामपुरा गांव के नसीब में एक पक्की सड़क जरूर आ जाएगी।

## तेज गेंदबाज मुकेश चौधरी पर टूटा दुखों का पहाड़, मां का हुआ निधन

**चेन्नई, वार्ता।** आईपीएल 2026 में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के तेज गेंदबाज मुक.ेश चौधरी पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। मुकेश की मां का निधन हो गया है।

सीएसके ने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर गुरुवार को मुकेश चौधरी की मां के निधन की जानकारी दी। रिपोर्ट के मुताबिक मुकेश चौधरी की मां प्रेम देवी लगभग एक साल से गंभीर बीमारी से जूझ रही थीं। उनका इलाज मुंबई के एक अस्पताल में चल रहा था। रिपोर्ट के मुताबिक मुकेश चौधरी फिलहाल सीएसके टीम के साथ नहीं हैं और गुरुवार को मुंबई इंडियंस के खिलाफ होने वाले मैच में उनके खेलने की संभावना नहीं है। सीएसके ने पोस्ट किया, सीएसके परिवार मुकेश चौधरी की मां के निधन पर दुख जता रहा है। हम मुकेश और उनके परिवार के साथ हैं। इस बेहद मुश्किल समय में उन्हें अपनी दुआओं में रखते हैं। मुकेश चौधरी 2022 से ही सीएसके के साथ रहे हैं।

2022 में उनका आईपीएल डेब्यू हुआ था। उस सीजन 13 मैचों में 16 विकेट लेकर उन्होंने सुर्खियां बटोरी थीं। उस सीजन के बाद से इंजरी और दूसरे खिलाड़ियों की उपलब्धता की वजह से उन्हें ज्यादा खेलने का मौका नहीं मिला है। 2022 के बाद वह केवल चार मैच खेल पाए हैं। आईपीएल 2026 में चौधरी सिर्फ एक मैच खेल पाए हैं जिसमें उन्होंने दो विकेट लिए हैं। सीएसके खिलाड़ियों की चोट से जूझ रही है। तेज गेंदबाज खलील अहमद चोट की वजह से सीजन से बाहर हो चुके हैं।

## 19 साल के जोडर की रैंकिंग में टॉप-50 में एंट्री



**मैड्रिड, वार्ता।** स्पेनिश टेनिस की दुनिया में वर्तमान में कार्लोस अल्कारेज का दबदबा है, लेकिन अब 19 वर्षीय राफेल जोडर कमाचो एक नई सनसनी बनकर उभरे हैं। स्पेनिश होने और 'राफेल' नाम होने के कारण उनकी तुलना दिग्गज राफेल नडाल से होना स्वाभाविक है, लेकिन जोडर ने बड़ी सादगी से इस समानता को स्पष्ट किया है।

जोडर ने बताया, 'नडाल मेरे आदर्श हैं, लेकिन मेरा नाम उनके नाम पर नहीं रखा गया है। मेरे पिता, दादा और परदादा, तीनों का नाम राफेल था।' यह नाम उनकी पारिवारिक परंपरा का हिस्सा है, लेकिन कोर्ट पर उनके प्रदर्शन ने नडाल जैसे सुनहरे भविष्य की उम्मीदें जगा दी हैं। राफेल जोडर की यात्रा किसी चमत्कार से कम नहीं है।

एक साल पहले जोडर रैंकिंग में शीर्ष 600 से भी बाहर थे। मार्च 2024 में उन्होंने पहली बार शीर्ष-100 में प्रवेश किया। अब वे सीधे 42वें नंबर पर पहुंच गए हैं। मैड्रिड ओपन में डेब्यू से ठीक पहले शीर्ष-50 में जगह बनाना उनकी कड़ी मेहनत का प्रमाण है। इस महीने मोरक्को में अपना पहला टूर-लेवल खिताब जीतने के बाद, उन्होंने बार्सिलोना ओपन के सेमीफाइनल तक का सफर तय किया।

### ओलिंपिक 2028 में क्रिकेट मुकाबले पोमोना में खेले जाएंगे

**नई दिल्ली, वार्ता।** साल 2028 में होने वाले लास एंजिल्स ओलिंपिक के लिए क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण आधिकारिक तौर पर शुरू हो गया है। कैलिफोर्निया के पोमोना में बुधवार को हुए भूमि पूजन के साथ ही क्रिकेट की 128 साल बाद ओलिंपिक में वापसी की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया गया है। सभी मुकाबले लास एंजिल्स से लगभग 50 किलोमीटर दूर पोमोना स्थित फेयरग्राउंड्स मैदान पर खेले जाएंगे। ओलिंपिक में क्रिकेट मैच 12 जुलाई से 29 जुलाई 2028 तक आयोजित होंगे। साल 1900 में पेरिस ओलिंपिक में क्रिकेट को शामिल किया गया था। इसके बाद क्रिकेट को ओलंपिक्स में नहीं लिया गया। पेरिस ओलंपिक्स के क्रिकेट इवेंट में सिर्फ दो टीमों इंग्लैंड और फ्रांस ने हिस्सा लिया था।

## राजस्थान के नांद्रे बर्गर पर जुर्माना

**नई दिल्ली, वार्ता।** आईपीएल 2026 के 32वें मुकाबले में राजस्थान रायल्स (आरआर) के तेज गेंदबाज नांद्रे बर्गर को आईपीएल कोड ऑफ कंडक्ट तोड़ने का दोषी पाया गया है। इकाना स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ मैच में उनके व्यवहार पर मैच रेफरी ने 10: मैच फीस का जुर्माना लगाया है।

साथ ही उनके रिकॉर्ड में एक डिमेरिट पाइंट जोड़ा गया है। हालांकि किस खिलाड़ी के साथ गलत व्यवहार हुआ, इसका बीसीसीआई ने उल्लेख नहीं किया है। माना जा रहा है कि मिचेल मार्श को आउट किया तब शायद उन्होंने मार्श को आउट करने के बाद कुछ बोला या इशारा किया। जिसे फील्ड अंपायरों ने गलत माना। साउथ अफ्रीकी गेंदबाज नांद्रे बर्गर को आईपीएल आचार संहिता के लेवल-1 अपराध का दोषी माना गया है। उन पर आर्टिकल 2.5 के तहत कार्रवाई की गई है। यह आर्टिकल ऐसे मामलों में लागू होता है, जब खिलाड़ी मैदान पर भाषा, एक्शन या इशारों से दूसरे खिलाड़ी का अपमान करे या उसे उकसाए। सुनवाई में नांद्रे बर्गर ने गलती स्वीकार की और सजा मंजूर की।


**विधान सभा सचिवालय उत्तराखण्ड**
(संसदीय अनुभाग)

विधान सभा सचिवालय उत्तराखण्ड

संख्या : 51/वि0स0/03/संसदीय/2022 देहरादून, दिनांक: 23 अप्रैल, 2026

**विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण की सूचनार्थ यह अधिसूचित किया जाता है कि एतद्द्वारा उत्तराखण्ड राज्य की पंचम विधान सभा के वर्ष, 2026 का विशेष चर्चा हेतु ''विशेष सत्र'' दिनांक 28 अप्रैल, 2026 को 11:00 बजे पूर्वाह्न से सभा-मण्डप, विधान सभा भवन, देहरादून में प्रारम्भ होंगे।

यह अधिसूचना उत्तराखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली, 2005 के नियम 4(2) के परन्तुक के अधीन उत्तराखण्ड विधान सभा के माननीय सदस्यों की सूचनार्थ एतद्द्वारा प्रकाशित की जा रही है।

आज्ञा से,
(हेम चन्द्र पन्त)
उप सचिव (लेखा),
कृते सचिव,
विधान सभा, उत्तराखण्ड।


## वैभव के सबसे तेज 500 रन, IPL के 32 वें मैच में रचा इतिहास



### जडेजा 17वीं बार प्लेयर ऑफ द मैच, जोफ्रा राजस्थान के हाईएस्ट विकेट टेकर

**लखनऊ, वार्ता।** राजस्थान रायल्स ने आईपीएल 2026 के 32वें मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स को 40 रन से हरा दिया। इकाना स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में वैभव सूर्यवंशी ने सबसे तेज 500 आईपीएल रन पूरे करने का कारनामा किया। रवींद्र जडेजा ने 17वीं बार प्लेयर ऑफ द मैच अवार्ड जीत लिया। वहीं गेंदबाजी में जोफ्र आर्चर राजस्थान के लिए आईपीएल में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए। वैभव सूर्यवंशी ने अपने आईपीएल करियर में 500 रन पूरे कर लिए हैं।

वे लीग में सबसे कम गेंदों में यह मुकाम हासिल करने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने लखनऊ के खिलाफ मैच में पहली ही गेंद पर चौका लगाकर यह उपलब्धि हासिल की। वैभव ने सिर्फ 227 गेंदों पर 500 रन बनाए हैं।

उन्होंने ग्लेन मैक्सवेल का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 260 गेंदों में अपने पहले 500 रन पूरे किए थे। हालांकि, इस मैच में वैभव 11 गेंदों पर सिर्फ 8 रन ही बना सके। रवींद्र जडेजा ने आईपीएल में 17वीं बार प्लेयर ऑफ द मैच अवार्ड अपने नाम किया। खास बात यह है कि 75 मैचों के बाद पहली बार उन्होंने **CSK** के अलावा किसी दूसरी टीम के लिए यह अवार्ड जीता। इससे पहले उनके 16 पीओटीएम अवार्ड चेन्नई के लिए आए थे। भारतीय खिलाड़ियों में उनसे आगे सिर्फ रोहित शर्मा (21), विराट कोहली (19) और एमएस धोनी (18) हैं।

### मैच से पहले कार्टून देखते हैं वैभव सूर्यवंशी

**पटना, वार्ता।** भारतीय क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी हर बार मैच खेलने से पहले कार्टून देखते हैं। इस बात का खुलासा उन्होंने खुद किया है। बुधवार को राजस्थान रायल्स और लखनऊ सुपरजाइंट्स के बीच मुकाबला खेला गया था,

जिसमें वैभव की टीम त्त ने जीत हासिल की। इस दौरान जब उनसे सवाल किया गया तो उन्होंने भोजपुरी में जवाब देते हुए कहा कि, श्सबके प्लान ईहे बा कि अगला मैच में अच्छा करे के बा, जीत के 2 पाइंट ली, प्लेऑफ के तरफ बढ़ी। वैभव ने इस मैच में रिकॉर्ड भी बनाए हैं। उन्होंने अपने आईपीएल करियर में 500 रन पूरे कर लिए हैं। वे लीग में सबसे कम गेंदों में यह मुकाम हासिल करने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। मैच के बाद जब उनसे भोजपुरी में सवाल किया गया कि जिस उम्र में सब कार्टून देखते हैं, उस उम्र में आप गेंदबाज के गेंद को कार्टून बनाते हैं। आपके दिमाग में क्या चलते रहता है? इस पर वैभव ने जवाब दिया कि, 'मेरे दिमाग में कुछ नहीं चलता है। आज भी मैं हर दिन मैच से पहले कार्टून देखता हूं, क्योंकि मेरी आदत है देखने की। मगर फोकस गेम पर है।' वैभवन ने बताया कि, 'अगले मैच में हमारा यही प्लान है कि अच्छा करना है। जीत का 2 पाइंट लेना है और आगे प्लेऑफ की तरफ बढ़ना है।' लीग में सबसे कम गेंदों में यह मुकाम हासिल करने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। वैभव सूर्यवंशी ने अपने आईपीएल करियर में 500 रन पूरे कर लिए हैं।


**कार्यालय ग्रामीण निर्माण विभाग, उत्तराखण्ड देहरादून**

पत्रांक : 86/ ग्रा.नि.वि./कार्य-विविध/2025-26 दिनांक 22.04.2020

उपरोक्त विषयक मुख्य अभियन्ता (स्तर-1), ग्रामीण निर्माण विभाग, उत्तराखण्ड देहरादून, के कार्यालय पंत्राक 2092 दिनांक 26.10.2023 व पत्रांक 2421 दिनांक 12.12.2023 के द्वारा के द्वारा दिये गये निर्देशानुसार आपके स्तर से निम्न कार्यों की धनराशि हस्तान्तरित की जानी है। धनराशि उपलब्ध न होने के कारण बीजक भुगतान हेतु इस कार्यालय में लम्बित है, विवरण निम्नानुसार है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | स्वीकृत धनराशि रू. | अवमुक्त धनराशि रू. | (लाख में) अवशेष धनराशि रू. |
|---|---|---|---|---|
| 1 | विकासखण्ड पाटी में बी०पी०एच०यू० भवन में आंतरिक विद्युतीकरण कार्य। | 3.93 | 0.00 | 3.93 |
| 2 | रा०प्रा०वि० सेरान में आन्तरिक विद्युतीकरण का कार्य। | 1.62 | 0.00 | 1.62 |
| 3 | रा०प्रा०वि० व जूनियर हाईस्कूल फागपुर में आन्तरिक विद्युतीकरण का कार्य। | 5.90 | 0.00 | 5.90 |
| 4 | रा०उ०मा०वि० गोली के विज्ञान प्रयोगशाला एवं कम्प्यूटर कक्ष में आन्तरिक विद्युतीकरण का कार्य। | 1.68 | 0.00 | 1.68 |
| 5 | रा०प्रा०वि० देवीधुरा में आन्तरिक विद्युतीकरण का कार्य। | 1.32 | 0.00 | 1.32 |
| 6 | जिला आबकारी कार्यालय भवन चम्पावत में आन्तरिक विद्युतीकरण कार्य। | 5.81 | 0.00 | 5.81 |
| 7 | रा.इ.का. डांडाककनई के एक कम्प्यूटर कक्ष एवं एक कक्षा-कक्ष में विद्युतीकरण का कार्य। | 1.31 | 0.00 | 1.31 |
| 8 | रा.इ.का. लोहाघाट के मुख्य भवन में आन्तरिक विद्युत मरम्मत का कार्य। | 1.33 | 0.00 | 1.33 |
| 9 | रा.प्रा.वि. चौड़ा में आन्तरिक विद्युतीकरण कार्य। | 1.30 | 0.00 | 1.30 |
| 10 | मा० मुख्यमंत्री घो०सं० 253/2023 के अन्तर्गत लोहाघाट रामलीला मैदान के समीप एवं सांस्कृतिक मंच में विद्युतीकरण कार्य। | 3.71 | 1.00 | 2.71 |

अत: कृपया उक्त वर्णित कार्य की धनराशि शीघ्र इस कार्यालय को हस्तान्तरित करने का कष्ट करें, ताकि सम्बन्धित देयक का भुगतान ससमय किया जा सके।।

**अधिशासी अभियंता**
**(वि0 / यॉ.) ग्रामीण निर्माण विभाग, उत्तराखण्ड देहरादून।**

# कैबिनेट मंत्री ने किया नारसन बार्डर का निरीक्षण

## परिवहन मंत्री प्रदीप बत्रा ने चारधाम यात्रा की व्यवस्थाएं परखीं, सुरक्षा यात्रा किट बांटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नारसन।** चारधाम यात्रा को लेकर परिवहन मंत्री प्रदीप बत्रा ने नारसन बॉर्डर पर निरीक्षण कर यात्रियों को यात्रा सुरक्षा किट बांटी है। इस दौरान उन्होंने यात्रा मार्ग पर सुरक्षा, यातायात प्रबंधन एवं श्रद्धालुओं की सुविधाओं का जायजा लिया।

चारधाम यात्रा की तैयारियों को लेकर उत्तराखंड सरकार पूरी तरह सक्रिय नजर आ रही है। इसी क्रम में माननीय परिवहन मंत्री प्रदीप बत्रा ने नारसन बॉर्डर पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने यात्रा मार्ग पर सुरक्षा, यातायात प्रबंधन एवं श्रद्धालुओं की सुविधाओं का जायजा लिया।



निरीक्षण के दौरान मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि चारधाम यात्रा के दौरान आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने विशेष रूप से यातायात व्यवस्था, चिकित्सा सुविधाओं, स्वच्छता और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने पर जोर दिया। इस अवसर पर मंत्री प्रदीप बत्रा ने यात्रियों और ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों को यात्रा सुरक्षा किट भी वितरित की। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य चारधाम यात्रा को सुरक्षित, सुगम और सुव्यवस्थित बनाना है, ताकि देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालु बेहतर अनुभव के साथ अपनी यात्रा पूरी कर सकें। स्थानीय प्रशासन और परिवहन विभाग के अधिकारियों ने मंत्री को तैयारियों की विस्तृत जानकारी दी और यात्रा को सफल बनाने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने का भरोसा दिलाया।

# दो नशा तस्कर गिरफ्तार 11.42 ग्राम स्मैक बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** कोतवाली पुलिस ने नशा तस्करों पर प्रहार करते हुए दो अलग-अलग जगह से दो नशा तस्करों को दबोचकर उनके कब्जे से 11. 42 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की है। दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर में पेश किया जहां में जेल भेज दिया।

जानकारी के अनुसार पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाये जा रहे ऑपरेशन प्रहार के तहत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार के निर्देशन में कोतवाली भगवानपुर पुलिस ने दिनांक 22/04/2026 को अलग ख्रअलग स्थानो पर दौराने चौकिंग अनीश नामक युवक को साथ ग्राम सिकन्दरपुर से सिरचन्दी जाने वाले रास्ते से 7.37 ग्राम स्मैक के साथ व मुन्तजीर को 04.06 ग्राम



स्मैक के साथ दारूल कुरान के पास ग्राम छापुर शेर अफगानपुर से पकड़ा। पकड़े गए दोनो आरोपियों के विरुद्ध बरामदगी के आधार पर एनडीपीएस एक्ट में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। विवरण आरोपी-अनीश पुत्र महमूद निवासी ग्राम सिरचन्दी थाना भगवानपुर-मुन्तजीर पुत्र जमील निवासी ग्रांम छापुर शेर अफगानपुर भगवानपुर हरिद्वार है। पुलिस टीम-उ0नि0 अशीष नेगी, उ0नि0 नीरज रावत, हे0का0 गीतम, का0 संजीव यादव, का0 संजय नेगी, का0 विनय थपलियाल आदि शामिल रहे।

# नहर में नहाते समय युवक डूबकर लापता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** क्षेत्र में एक हादसा सामने आया है जहां गंगनहर में नहाते समय एक युवक डूबकर लापता हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और गोताखोरों व जल पुलिस की टीम के साथ युवक की तलाश शुरू कर दी गई है।

जानकारी के अनुसार बॉबी (20 वर्ष) पुत्र राकेश निवासी सम्राट कॉलोनी भगवानपुर अपने दोस्तों प्रिंस और गौरव निवासी मानकमऊ पुलिया सहारनपुर हाल निवासी भगवानपुर के साथ पिरान कलियर घूमने आया था। तीनों दोस्त गंगनहर में नहाने चले गए। इसी दौरान बॉबी नहाते-नहाते गहराई की ओर चला गया और अचानक डूबकर लापता हो गया।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवक के साथी मौके पर वीडियो बना रहे थे तभी यह हादसा हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस नेबतत्काल रेस्क्यू अभियान शुरू किया लेकिन समाचार लिखे जाने तक युवक का कोई सुराग नहीं लग पाया था।कलियर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कमल मोहन भंडारी ने बताया कि जल पुलिस और गोताखोरों की मदद से तलाश जारी

# बड़े किसानों की बल्ले-बल्ले 600 रुपये कुंतल तक पहुंचा दाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** कस्बा व आस पास ग्रामीण क्षेत्र में गन्ना पेराई के लिए चल रहे गन्ना कोल्हुओं मे सत्र के आखिरी समय में गन्ने की आवक कम होने के कारण गन्ना दाम 600 प्रति कुंतल के भी पार हो गया है। लेकिन इस बढ़े हुए गन्ना दाम का लाभ चँद बड़े किसानों को ही मिलने तक सीमित होकर रह गया है। इस बार वर्तमान गन्ना पेराई सत्र गन्ने की कमी के कारण अप्रैल माह में ही समाप्त हो रहा है। इससे पूर्व मई माह के आखिरी सप्ताह तक गन्ना कोलहु संचालित होते रहे हैं। कस्बा झबरेड़ा के अलावा ग्राम भक्तों वाली तथा ग्राम कोटवाल आलमपुर में लगभग 55 गन्ना कोलहु संचालित होते हैं । इस बार अप्रैल माह में ही गन्ना कोलहूओ मे गन्ने की कमी के कारण आधे से अधिक गन्ना कोलहु बंद हो चुके हैं। इस समय जो गन्ना कोलहु चल रहे हैं गन्ना आवक काफी कम हो जाने के कारण गन्ना दाम आसमान छू रहे हैं।इस समय गन्ना कोलहुओ मे गन्ना दाम छ सौ तीस रुपए प्रति कुंतल तक किसानों द्वारा बेचा जा रहा है। किसान राजपाल सिंह दिनेश कुमार राम कुमार अरविंद कुमार बिट्टू सिंह सलमान अहमद सत्तार अहमद आदि का कहना है कि बढे हुए गन्ना दाम का लाभ चँद बड़े किसानों को ही मिल पा रहा है। मध्य व छोटे किसानों के खेतों से गन्ना 20 दिन पूर्व ही समाप्त हो चुका है।गन्ना कोलहु संचालक मांगेराम बालू अहमद अकरम मुकर्रम जुल्फान जुल्फिकार अली का कहना है कि गन्ना आवक काफी कम होने के कारण तथा गन्ना कोलहु संचालको मैं आपसी मतभेद के कारण गन्ने के दाम काफी ऊंचे पहुंच गए हैं।

# महमूदपुर में शादी में डीजे बजाने को लेकर दो पक्षों में जमकर पथराव एहतियातन पुलिस बल तैनात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** थाना क्षेत्र के महमूदपुर में शादी समारोह के दौरान डीजे बजाने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि जमकर पथराव हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने हालात को नियंत्रित कर लिया है। एहतियातन गांव में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

पिरान कलियर के महमूदपुर में बुधवार रात को एक परिवार में शादी समारोह आयोजित था जहां कुछ युवक देर रात तक डीजे की धुन पर डांस कर रहे थे। इसी बीच गांव के ही एक व्यक्ति ने देर रात डीजे बजने की शिकायत पुलिस से की। मौके पर पहुंची पुलिस ने डीजे बंद करा दिया। इसके बाद से ही दोनों पक्षों के बीच तनाव की स्थिति बनी हुई थी।हालात को देखते हुए पुलिस ने ब्रस्पतिवार सुबह दोनों पक्षों के जिम्मेदार लोगों को थाने बुलाकर वार्ता शुरू कराई थी। बताया जा रहा है कि वार्ता के दौरान ही गांव में दानिश और तनवीर पक्ष के लोगों के बीच फिर से विवाद हो गया। देखते ही देखते दोनों पक्षों में ईंट-पत्थर चलने लगे। पथराव में एक पक्ष की कार क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कमल मोहन भंडारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को संभाला। पुलिस के आने की सूचना मिलने पर आरोपी मौका फरार हो गए।घटना में किसी के गंभीर रूप से घायल होने की सूचना नही है। बताया जा रहा है कि नगर पंचायत चुनाव के दौरान भी दोनों पक्षों के बीच विवाद हो चुका है, जिसके चलते पहले से रंजिश चली आ रही है।कोतवाली प्रभारी कमल मोहन भंडारी ने बताया कि डीजे बजाने को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हुआ था। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित कर लिया है। क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात किया गया है। झगड़ा करने वाले आरोपियों को तलाश कर उनका शन्तिभंग के चालान किया जाएगा।साथ ही पुलिस की और से आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## पंचायत राज दिवस के साथ आज ग्राम पंचायत

# किशनपुर पहली बार मनाएगी अपना स्थापना दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** 24 अप्रैल शुक्रवार को पंचायत राज दिवस है, इस अवसर पर ग्राम पंचायत ग्राम किशनपुर जमालपुर में पंचायत राज दिवस के साथ-साथ ग्राम पंचायत पहली बार अपना स्थापना दिवस मनाने जा रही है। स्थापना दिवस अवसर पर ग्राम पंचायत में तीन दिवसीय प्रदर्शन/मेला भी आयोजित होगा, जिसमें सरकारी व गैर सरकारी इंस्टॉल लगाकर ग्राम वासियों को सरकारी योजनाओं की जानकारी, मेडिकल कैंप के जरिए ग्राम व क्षेत्रवासियों के इलाज के अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रम के जरिए मनोरंजन का भरपूर इंतजाम किया गया है। स्थापना दिवस पर कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए ग्राम प्रधान परवीन बानो के प्रतिनिधि मोहम्मद तहसीन ने बताया की पहली बार मनाए जारहे स्थापना दिवस पर ग्राम पंचायत में तीन दिवसीय प्रदर्शनी/मेला लगाया जाएगा, जिसका उद्घाटन राज्य के कैबिनेट मंत्री पंचायत राज मंत्री श्री मदन कौशिक जी शाम 7 बजे करेंगे। उन्होंने बताया कि पंचायत राज मंत्री मदन कौशिक जी ग्राम पंचायत द्वारा अध्रसोर्स से अपने स्तर से उपलब्ध कराई गई एक एंबुलेंस का उद्घाटन करने के अलावा भव्वे राष्ट्रीय ध्वज का अनावरण व एक डिजिटल बोर्ड का उद्घाटन करेंगे। उन्होंने बताया कि एम्बुलेंस, राष्ट्रीय ध्वज, डिजिटल



बोर्ड ग्राम पंचायत की पहचान बनेंगे। उन्होंने बताया कि प्रदर्शनी/मेले में सरकारी व गैर सरकारी इंस्टॉल लगेंगे, जिसके माध्यम से सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी ग्रामवासियों व क्षेत्र वासियों को उपलब्ध होगी। गैर सरकारी स्टॉल खानपान की दुकान आकर्षक झूले आदि लगाए जाएंगे, उन्होंने बताया कि सांस्कृतिक कार्यक्रम में सिंगर दीपा साहनी भाग लेंगी जो कार्यक्रम पहुंचे अतिथियों व ग्रामवासियों

**❖ग्राम पंचायत में तीन दिवसीय प्रदर्शनी, सरकारी योजनाओं की जानकारी, मेडिकल कैंप व सांस्कृतिक कार्यक्रम : परवीन बाना**

का मनोरंजन करेंगी। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मौ तहसीन ने बताया कि ग्राम पंचायत की करीब 400 विधवा महिलाओं व बुजुर्गों को सम्मानित किए जाने का प्रोग्राम है। उन्होंने बताया कि 26 अप्रैल को प्रदर्शनी/ मेला कार्यक्रम का समापन होगा, प्रेसवार्ता में ग्राफिक एरा अस्पताल से कुलदीप बिष्ट, मंथन मीडिया से रवीश पूरी, हाफिज मुमताज अहमद आदि मौजूद रहे।

# विद्युत कटौती पर भाजपा नेता ने एमडी से की सुधार की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** झगड़ा क्षेत्र में लगातार अनाधिकृत रोस्टिंग होने से क्षेत्र के किसान व आवाम के परेशान होने पर भाजपा नेता हितेश शर्मा ने अपने साथियों के साथ पावर कारपोरेशन के एमडी से मिलकर इस समस्या का तुरंत समाधान करने की मांग की है।

भाजपा नेता हितेश शर्मा ने बताया कि झबरेड़ा क्षेत्र में इन दिनों अनाधिकृत विद्युत कटौती की जा रही है, प्रतिदिन लगभग 7 से 8 घंटे की रोस्टिंग की जा रही है, जिससे आम जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो रहा है। विशेष रूप से सुबह 4:00 बजे से 6 बजे तक बिजली कटौती होने के कारण विद्यार्थियों को विद्यालय जाने से पहले आवश्यक तैयारियों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे समय पर पानी की व्यवस्था भी बाधित हो जाती है, जिससे नहाने-धोने तथा भोजन बनाने में भी परेशानी उठानी पड़ती है। इसके अतिरिक्त दिनभर में अलग-अलग समय पर 2 से 2-5 घंटे की बार-बार कटौती से व्यापार प्रभावित और घरेलू कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। भाजपा नेता हितेष शर्मा ने पावर कारपोरेशन के एमडी से जबरेड़ा क्षेत्र में हो रही इस अनाधिकृत विद्युत कटौती पर तत्काल संज्ञान लेते हुए रोस्टिंग को पूर्ण रूप से बंद किया जाए तथा विद्युत आपूर्ति को सुचारु रूप से सुनिश्चित किया जाए।

# जेएम व सीओ ने किया शस्त्र दुकानों का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** ज्वाइंट मजिस्ट्रेट रुड़की, क्षेत्राधिकारी मंगलौर व प्रभारी निरीक्षक कोतवाली रुड़की की टीम ने किया शस्त्र की दुकानों का निरीक्षण दिए आवश्यक दिशा निर्देश। जिलाधिकारी / वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय के आदेश के क्रम में थाना क्षेत्र अंतर्गत ज्वाइंट मजिस्ट्रेट महोदय, क्षेत्राधिकारी मंगलौर व प्रभारी निरीक्षक कोतवाली रुड़की की संयुक्त टीम के द्वारा शस्त्र विक्रेताओं की दुकानों पर जाकर निरीक्षण किया गया जिसमें सभी शस्त्र विक्रेताओं को अपने रजिस्टर मेंटेन कर ऑनलाइन करने व सुरक्षा संबंधी आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट में सीओ मंगलौर ने शास्त्र विक्रेताओं की दुकानों पर व्यवस्थाओं को बारी की से बरखा वह सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के साथ दुकानदारों को साफ विधायक दी कि वह अपने रजिस्टर पूरी तरह ईमानदारी से मेंटेन रखकर ऑनलाइन करें और दुकानों पर संदिग्ध तौर पर आने वाले खरीदारों की तुरंत सूचना पुलिस को दी जाए।

## मंगलौर नगर पालिका की बोर्ड बैठक में 64 करोड़ का बजट पास

# सबको साथ लेकर करेंगें कस्बे का विकास : चेयरमैन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** मंगलौर नगर पालिका परिषद की बृहस्पतिवार को हुई बोर्ड बैठक शहर के विकास की दृष्टि से बेहद अहम रही। बैठक में वर्ष 2026-27 के लिए 64 करोड़ रुपये के बजट को सर्वसम्मति से मंजूरी दे दी गई। इस बजट का मुख्य फोकस शहर के इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने और नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने पर रखा गया है। बैठक में स्थानीय जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए वार्ड नंबर 1 का नाम बदलकर 'सैनीपुरा' करने का प्रस्ताव भी पास किया गया। इसके साथ ही शहर की जर्जर और कच्ची सड़कों के कायाकल्प का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। अधिशासी अधिकारी उत्तम सिंह नेगी ने कहा कि आने वाले महीनों में मंगलौर की सड़कों की सूरत बदलती नजर आएगी। जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान के लिए लालवाड़ा और गोला तालाब क्षेत्रों में अंडरग्राउंड पाइपलाइन का कार्य पूरा हो चुका



है। अब इसी तर्ज पर चोड़ी मोहल्ले में भी पाइपलाइन बिछाने की तैयारी की जा रही है, जिससे बरसात के मौसम में लोगों को राहत मिल सके। बैठक में शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने, सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन शुरू करने तथा मच्छरों के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए फॉगिंग और स्प्रे अभियान तेज करने का निर्णय भी लिया गया। नगर पालिका अध्यक्ष मोहिउद्दीन अंसारी ने कहा, "हमारा लक्ष्य स्पष्ट है मंगलौर को एक मॉडल, ग्रीन और क्लीन सिटी बनाना। इसके लिए हर स्तर पर तेजी से कार्य किया जा रहा है और बजट में जनता की जरूरतों का पूरा ध्यान रखा गया है। बैठक में मौजूद सभासदों ने भी विकास कार्यों पर सहमति जताते हुए सभी योजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा कराने पर जोर दिया।

# दुष्कर्म में फरार आरोपी दबोचा

**मंगलौर।** ऑपरेशन प्रहार पर पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाई में दुष्कर्म से मामले में फरार आरोपी को पुलिस ने धर दबोच है।

प्रभारी निरीक्षक कोतवाली मंगलौर द्वारा अलग-अलग टीमो का गठन किया गया था एक टीम को वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु लगाया गया। दिनांक 19.3.26 कोतवाली मंगलौर पर मंगलौर निवासी व्यक्ति द्वारा स्वयं की नाबालिक पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के संबंध में अंतर्गत ठछै तथा पोक्सो अभियोग पंजीकृत कराया गया था अभियोग से संबंधित फरार आरोपी की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम द्वारा ऑपरेशन प्रहार के तहत कार्यवाही करते हुऐ आरोपी को पकड़ा गया। नाम पता आरोपी-अनस पुत्र मुनव्वर निवासी ग्राम सड़क दुधली थाना जनकपुरी जिला सहारनपुर उत्तर प्रदेश है।

## एसएसपी नवनीत सिंह के नेतृत्व में लगातार सघन चेकिंग के आ रहे बेहतर परिणाम

# अपराधियों की साजिश नाकाम, अवैध असलहों सहित तीन गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** जनपद पुलिस को एसपी के हर स्तर पर सघन चेकिंग अभियान के बेहतर परिणाम आ रहे हैं लगातार जनपद पुलिस चेकिंग के दौरान नशा तस्करों ,वाहन चोरों व शातिर बदमाशों को दबोचने में कामयाब हो रही है इसी के तहत लक्सर कोतवाली पुलिस ने एक बड़ी साजिश को नाकाम करते हुए असलाह सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर हत्या की साजिश को नाकाम कर आरोपियों को जेल भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार द्वारा जनपद में अपराध नियंत्रण हेतु दिए गए सख्त निर्देशों के क्रम में पुलिस अधीक्षक देहात के पर्यवेक्षण में कोतवाली लक्सर पुलिस द्वारा प्रभावी कार्रवाई करते हुए एक गंभीर आपराधिक साजिश को समय रहते विफल कर दिया गया। पुलिस टीम की सक्रियता से 03 संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है।

घटना का विवरण-दिनांक 19-04-2026 को वादी प्रवीण कुमार पुत्र हरपाल, निवासी ग्राम हबीबपुर कुड़ी, लक्सर हरिद्वार द्वारा प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया गया कि अज्ञात मोबाइल नंबर से उनसे 10 लाख की फिरौती की मांग की गई तथा रकम न देने पर जान से मारने की धमकी दी गई। कुछ लोग काफी दिन से उसके आस पास घूम रहे थे। प्राप्त तहरीर के आधार पर कोतवाली लक्सर पर मुकदमा अपराध संख्या 364/26, धारा 308(5) ठछै बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया।



विवेचना चौकी प्रभारी रायसी उपनिरीक्षक अजय कुमार को सौंपी गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए लक्सर पुलिस द्वारा क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इसी दौरान रायसी क्षेत्र में एक संदिग्ध मोटरसाइकिल पर सवार तीन व्यक्तियों को आते देखा गया। पुलिस द्वारा रुकने का इशारा करने पर चालक ने भागने का प्रयास किया,। पुलिस टीम द्वारा तत्परता दिखाते हुए घेराबंदी कर तीनों संदिग्धों को अवैध असलहों सहित मौके पर दबोच लिया गया। गिरफ्तार आरोपी विकास

**❖ दस लाख की फिरौती की थी मांग, न देने पर जान से मारने की तैयारी से जा रहे थे आरोपी**

**❖ किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें : कप्तान**

उर्फ ठाकुर ने पूछताछ में बताया कि उसने अपने साथी आशिफ के माध्यम से वादी प्रवीण से घ10 लाख की फिरौती की मांग करवाई थी। फिरौती न मिलने पर तीनों आरोपी मिलकर वादी की हत्या करने की योजना बनाकर क्षेत्र में पहुंचे थे, लेकिन पुलिस की सतर्कता से पहले ही पकड़ लिए गए। तीनों आरोपी मुकदमा संख्या 364/26 से संबंधित पाए गए हैं। मामले में आर्म्स एक्ट की धाराओं की बढ़ोत्तरी करते हुए आरोपियों के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। नाम पता आरोपित-विकास उर्फ ठाकुर पुत्र मदन निवासी ग्राम हबीबपुर कुड़ी, रायसी लक्सर, हरिद्वार, आशिफ पुत्र नजाकत निवासी समीपुर, जिला बिजनौर (उ.प्र.), मुराद अली पुत्र मोनिस अहमद निवासी ग्राम हबीबपुर कुड़ी, रायसी लक्सर, हरिद्वार है।

# लापता नाबालिग बच्चे को पुलिस ने उ.प्र. से ढूंढकर परिजनों को सौंपा

**मंगलौर।** डेढ़ माह से लापता नाबालिग बच्चे को पुलिस टीम द्वारा मुजफ्फरनगर उ0प्र0 से ढूंढकर परिजनों से मिला दिया है। बच्चे को सकुशल पाकर परिजनों ने पुलिस का आभार जताया है।

जानकारी के अनुसार कोतवाली मंगलौर पर वादी सतीश कुमार निवासी ग्राम निजामपुर द्वारा अपने नाबालिक पुत्र उम्र 16 वर्ष का बिना बताए कहीं चले जाने के संबंध में दिये गये प्रार्थना पत्र के आधार पर अभियोग पंजीकृत किया गया। जिसमें वादी द्वारा यह भी बताया कि मेरा लड़के की दिमागी हालत ठीक नहीं है। अभियोग पंजीकरण के दिन से ही लगातार मंगलौर पुलिस टीम नाबालिक की तलाश हेतु अनेकों जनपद, उत्तर प्रदेश, दिल्ली,आदि में लगातार सर्च कर रही थी तथा लोकल में भी स्थानीय सोशल मीडिया ग्रुप के माध्यम से गुमशुदा की फोटो प्रसारित कर सूचना थाने को देने का अनुरोध के साथ प्रचार प्रसार किया जा रहा था। हुलिये के अनुसार गुमशुदा के पापलेट आदि के माध्यम से प्रसारण किया गया जिसके फल स्वरुप बच्चे को मुजफ्फरनगर उ0प्र0 से सकुशल बरामद किया गया अपने बच्चे को सकुशल पाकर परिजनों के आंखों में आंसू छलक गए।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

शुक्रवार, 24 अप्रैल 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# हिंसा के साथ मतदान

पश्चिम बंगाल में पहले चरण का मतदान हो गया, जो 152 सीट पर हुआ। इसके साथ ही तमिलनाडु का चुनाव भी संपन्न हो गया। नतीजे 4 मई को आने हैं। जिस तरह के समाचार आ रहे हैं, वह यह तो बताते हैं कि अब अपने मतदाधिकारों को लेकर मतदाताओं में जागरूकता बढ़ी है। आंकड़े भी इस बात की गवाही दे रहे हैं। पश्चिमी बंगाल से 92 प्रतिशत मतदान होने की खबर आ रही है, तो वहीं तमिलनाडु राज्य से भी अब तक जो रुझान आया है वह 84 प्रतिशत से अधिक का ही है। सही आंकड़े तभी सामने आएंगे, जब चुनाव आयोग अपनी तरफ से अधिकृत जानकारी देगा, लेकिन जाहिर है प्रतिशत में ज्यादा अंतर नहीं आएगा, लेकिन यह हमारे लोकतंत्र के लिए अच्छी बात है कि अब अपने मताधिकार के प्रति लोग जागरूक हुए हैं और उसकी प्रशंसा स्वयं मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने भी की है और कहा है कि लोगों ने जिस तरह बढ़-चढ़कर अपने मतदान का प्रयोग किया, वह बधाई के पात्र हैं, लेकिन साथ-साथ एक दुखद खबर भी है, जिस तरह की हिंसा की खबरें तमिलनाडु से प्राप्त हो रही हैं वह हमें सोचने पर विवश करती है। हालांकि यह तर्क दिया जा रहा है कि चुनाव में हिंसा होती है और पश्चिम बंगाल जैसे राज्य तो चुनावी हिंसा के लिए विशेष रूप से जाना जाता है। पहले चरण का विधानसभा सीटों के लिए चुनाव भी अछूता नहीं रहा और कई जगहों से हिंसा की खबरें आ रही हैं, पार्टी के उम्मीदवार तक को पीटा गया है। यह लक्षण सुखद नहीं हैं। इस पर चुनाव आयुक्त को सोचना होगा कि हिंसारहित चुनाव कैसे कराए जाएं। यूं तो किसी भी राज्य में चुनाव होना एक सामान्य प्रक्रिया है और वह बिना किसी विशेष हंगामे के हो भी जाते हैं, लेकिन कुछ राज्य राजनीतिक दलों के लिए प्रतिष्ठा का सवाल बन जाते हैं और उन्हीं के हिसाब से चर्चा भी होती है। कहने को तो चार राज्यों और एक केंद्रशासित प्रदेश में चुनाव हो रहे हैं, केरल, पुड्डुचेरी और असम में चुनाव हो चुके हैं। तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में पहले चरण का चुनाव हो गया है, यहां यह भी बता दें कि तमिलनाडु का चुनाव एक ही चरण में होना है, पश्चिमी बंगाल ही वह राज्य है जिसका चुनाव दो चरणों में होना है, नतीजे जरूर सभी के एक तारीख 4 मई को आएंगे। अब यह कहना तो मुश्किल है कि यह जो वोट प्रतिशत पड़ा है, यह किसके पक्ष में जाएगा, सत्तारूढ़ या विपक्ष के लिए, लेकिन यहां यह कहना जरूरी है कि पश्चिम बंगाल वह राज्य है जहां सत्ता पक्ष व विपक्ष अपनी पूरी शक्ति के साथ चुनावी मैदान में डटे हुए हैं। प्रधानमंत्री सहित तमाम भाजपा का लाव-लश्कर पश्चिम बंगाल में डेरा डाले हुए है। गुरुवार को भी प्रधानमंत्री ने पश्चिम बंगाल में रोड शो किया है। इसलिए चकाचौंध में यह कहना मुश्किल है कि बाजी किसके हाथ लगेगी।

## चौथी बार सरकार बनने का रास्ता साफ



पश्चिम बंगाल में भारी मतदान सत्ता बदलने के लिए नहीं, बल्कि टीएमसी सरकार के भारी समर्थन और भाजपा के कड़े विरोध में हुआ है, मतदान का बढ़ता हुआ प्रतिशत सीधे तौर पर सत्ताधारी पार्टी के पक्ष में गया है, पहले चरण में जिन 152 सीटों पर चुनाव हुए हैं, उनमें से टीएमसी कम से कम 125 सीटें जीतने जा रही है और यह आंकड़ा 134 तक भी जा सकता है, बंगाल की जनता ने पहले ही चरण में भाजपा की कमर तोड़ दी है और टीएमसी की लगातार चौथी बार सरकार बनने का रास्ता साफ कर दिया है। नंदीग्राम जैसी हाई-प्रोफाइल सीट पर भी टीएमसी ने की बड़ी जीत होगी, ज्यादा वोटिंग का मतलब हमेशा सरकार बदलना नहीं होता है, टीएमसी नेताओं का सबसे ज्यादा जोर इस बात पर रहा है कि राज्य की महिलाओं ने भारी संख्या में घर से बाहर निकलकर वोट डालें, महिलाओं का यह भारी मतदान ममता बनर्जी पर उनके भरोसे और राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का सीधा असर है।

**-ममता बनर्जी, मुख्यमंत्री पश्चिम बंगाल**

# सीबीआई अधिकारियों को सजा संस्थागत भ्रष्टाचार पर सवाल





रजनीश कपूर

दिल्ली के तीस हजारी कोर्ट में गत 18 अप्रैल को एक ऐतिहासिक फैसला सुनाया गया। न्यायमूर्ति शशांक नंदन भट्ट ने सीबीआई के वर्तमान संयुक्त निदेशक रमनीश और सेवानिवृत्त सहायक पुलिस आयुक्त वीके पांडे को धारा 323, 427, 448 तथा 34 आईपीसी के तहत दोषी ठहराया। यह घटना वर्ष 2000 की है, जब रमनीश सीबीआई में डिप्टी सुपरिंटेंडेंट ऑफ पुलिस के पद पर थे। यह फैसला सीबीआई की विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल उठाता है। सीबीआई खुद को देश की प्रमुख जांच एजेंसी बताती है, जो भ्रष्टाचार और दुरुपयोग के खिलाफ लड़ती है, लेकिन जब उसके अपने वरिष्ठ अधिकारी ही 'मालाफाइड रेड', मारपीट और साजिश में शामिल हों, तो सवाल उठता है कि तब सीबीआई अपने भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं करती?

शिकायतकर्ता अशोक कुमार अग्रवाल, 1985 बैच के आईआरएस अधिकारी, उस समय दिल्ली जोन में डिप्टी डायरेक्टर (इनफोर्समेंट) थे। अदालत ने पाया कि 19 अक्टूबर 2000 को सीबीआई टीम द्वारा उनके घर पर की गई प्रातः कालीन रेड और गिरफ्तारी पूरी तरह 'मालाफाइड' (दुराभिसंधि से) थी। इसका एकमात्र उद्देश्य सेंट्रल एडमिनिस्ट्रेटिव ट्रिब्यूनल (सीएटी) के 28 सितंबर 2000 के आदेश को निष्प्रभावी बनाना था, जिसमें अग्रवाल के निलंबन की समीक्षा चार सप्ताह में करने का निर्देश दिया गया था।

अदालत ने माना कि रेड और गिरफ्तारी कानून द्वारा प्रदत्त शक्तियों का घोर उल्लंघन थी। आरोपी अधिकारियों के कार्य 'आधिकारिक कर्तव्य के निर्वहन' की परिभाषा में नहीं आते, इसलिए उन्हें धारा 197 सीआरपीसी या दिल्ली पुलिस एक्ट की धारा 140 के संरक्षण का लाभ नहीं मिल सकता। इसके साथ ही अदालत ने इस मामले में साजिश भी स्थापित की, क्योंकि कानून के मुताबिक तत्कालीन डीएसपी रमनीश को केस दर्ज करने का अधिकार ही नहीं था। अदालत ने कहा कि आरोपियों की पूरी कार्रवाई कानून का उल्लंघन थी और सीएटी के आदेश के तहत शिकायतकर्ता को वंचित करने का जानबूझकर प्रयास था। सबूत बियॉन्ड रीजनेबल डाउट के स्तर पर शिकायतकर्ता के पक्ष में थे। विभागीय जांच में यह भी देखना होगा कि डीएसपी रमनीश किसके इशारे पर ऐसा कर रहे थे? दिल्ली हाईकोर्ट ने 2016 में और सुप्रीम कोर्ट ने मार्च 2023 में पहले ही धारा 197 सीआरपीसी के तहत संरक्षण को अस्वीकार कर दिया था। ट्रायल कोर्ट ने स्वतंत्र रूप से पुष्टि की कि 'मालाफाइड' इरादे से किए गए कार्य आधिकारिक कर्तव्य नहीं माने जा सकते। रमनीश आज भी सीबीआई में संयुक्त निदेशक के पद पर हैं। दोषसिद्धि के बाद भी क्या विभागीय कार्रवाई हुई? क्या सस्पेंशन या बर्खास्तगी का प्रस्ताव है? अतीत में कई मामलों में सीबीआई अधिकारियों पर भ्रष्टाचार, फर्जी मुठभेड़, सबूत गढ़ने या राजनीतिक दबाव के आरोप लगे, लेकिन आंतरिक कार्रवाई अक्सर कमजोर या लंबित रहती है। क्या यह संस्थागत संरक्षण का मामला नहीं है? क्या सीबीआई में 'अपने लोगों' को बचाने की संस्कृति है, जो उसकी निष्पक्षता को कमजोर करती है? अगर एजेंसी खुद कानून तोड़ती है तो आम नागरिक उस पर भरोसा कैसे करे? यह घटना 2000 की है, लेकिन आज भी रमनीश जैसे अधिकारी उच्च पद पर हैं, जो कि चिंताजनक है।

यहां आर्टिकल 311 और रूल 19 का उल्लेख जरूरी है। भारतीय संविधान का अनुच्छेद 311 सरकारी कर्मचारियों (सिविल सेवा में नियुक्त व्यक्तियों) की रक्षा करता है। यह कहता है कि किसी कर्मचारी को बिना जांच के, बर्खास्तगी, हटाया जाना या रैंक में कमी नहीं की जा सकती। ऐसे में आरोपी को उस पर लगे आरोप बताए जाएं और सुनवाई का अवसर दिया जाए। लेकिन दूसरे प्रावधान (दूसरा प्रोविजो) में अपवाद हैं। खंड a स्पष्ट है, अगर कर्मचारी का आचरण आपराधिक मुकदमे में दोषसिद्धि का आधार बना है, तो पूर्ण जांच की जरूरत नहीं। दोषसिद्धि के आधार पर सीधे बर्खास्तगी या अन्य सजा दी जा सकती है। सीसीएस (सीसीए) रूल्स 1965 के रूल 19(i) इसी सिद्धांत पर आधारित है। इसमें कहा गया है कि आपराधिक दोषसिद्धि वाले आचरण के आधार पर दंड लगाने के लिए विशेष प्रक्रिया अपनाई जा सकती है। दोषसिद्धि के बाद विभागीय अधिकारी शो-कॉज नोटिस जारी कर कर्मचारी को सजा के प्रस्ताव पर अपना पक्ष रखने का अवसर देता है, लेकिन पूर्ण अनुशासनिक जांच की जरूरत नहीं पड़ती।

रूल 19 का उद्देश्य है कि दोषसिद्धि के बाद अनावश्यक देरी न हो और दोषी को सेवा में बनाए रखने का जोखिम न लिया जाए। अदालत की दोषसिद्धि को विभागीय रूप से स्वीकार किया जाता है, हालांकि कर्मचारी अपील में राहत मांग सकता है, लेकिन अपील या सजा पर स्टे होने से दोषसिद्धि स्वतः रद्द नहीं होती। इस मामले में रमनीश और पांडे की दोषसिद्धि के बाद सीबीआई और संबंधित विभाग को अनुच्छेद 311(2) के प्रोविजो a और रूल 19 के तहत त्वरित कार्रवाई करनी चाहिए।

अगर ऐसा नहीं होता तो यह सवाल और मजबूत हो जाएगा कि सीबीआई अपने अधिकारियों के खिलाफ क्यों नरम रवैया अपनाती है? कानून के जानकार इस फैसले को न्याय की जीत मानते है, लेकिन फैसला आने में बहुत देरी हुई। 26 साल बाद न्याय मिला। यह दर्शाता है कि शक्तिशाली लोगों के खिलाफ लड़ाई कितनी लंबी और कठिन हो सकती है। सीबीआई को आत्मचिंतन करना चाहिए। अपनी छवि सुधारने के लिए उसे आंतरिक जवाबदेही मजबूत करनी होगी। भ्रष्टाचार विरोधी एजेंसी अगर खुद भ्रष्टाचार या दुरूपयोग से मुक्त नहीं होती, तो लोकतंत्र में उस पर जानता का विश्वास घटता है। अशोक कुमार अग्रवाल जैसे निडर लोगों की हिम्मत सराहनीय है। ऐसे लोग दबाव, धमकियों और लंबी कानूनी लड़ाई के बावजूद न्याय की राह नहीं छोड़ते। यह मामला याद दिलाता है कि कानून सबके लिए बराबर होना चाहिए। चाहे आरोपी कोई भी हो। सीबीआई जैसे संस्थानों को इस सबक को गंभीरता से लेना चाहिए, वरना 'सीबीआई बनाम सीबीआई' जैसी स्थितियां बार-बार उभरेंगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# क्यों भारत के भविष्य का नेतृत्व महिलाओं को करना चाहिए

**भारत भर में लाखों महिलाओं के लिए, सार्वजनिक जीवन में भागीदारी अभी भी सुरक्षा, भेदभाव और असमान पहुंच की चिंताओं से प्रभावित है। चाहे खेल हो, शिक्षा हो या कार्यस्थल, ये समस्याएं हमारे समाज में गहराई से जड़ें जमा चुकी हैं। संसद में अधिक महिलाओं का मतलब है कि कानून और नीतियां महज समझ से नहीं, बल्कि वास्तविक जीवन की हकीकत से आकार लेती हैं। प्रवर्तन के लिए मजबूत वकालत, सहायता प्रणालियों के लिए संसाधनों का बेहतर आवंटन और एक न्याय ढांचा, जो उत्तरदाई और सुलभ हो।**



पी.टी. ऊषा

मैं ने अपना पूरा जीवन भागदौड़ में ही बिताया है, पहले केरल की कच्ची सड़कों पर, फिर वैश्विक मंचों पर और अब सार्वजनिक जीवन के गलियारों में। हर कदम पर मुझे कई मुश्किलो का सामना करना पड़ा है, कुछ प्रत्यक्ष और कुछ अनकही बाधाओं का भी, जिन्होंने महिलाओं को यह बताया कि उनका यहां कोई स्थान नहीं है। मैंने यह भी देखा है कि जब ए बाधाएं टूटने लगती हैं तो क्या होता है। अवसर परिणामों को बदल देता है और इससे भी जरूरी बात यह है कि यह लोगों की सोच को बदल देता है।

यही कारण है कि संविधान (एक सौ अटठाइसवां संशोधन) विधेयक, 2023 नारी शक्ति वंदन अधिनियम केवल एक विधाई उपलब्धि नहीं है। यह एक लंबे समय से प्रतीक्षित संरचनात्मक सुधार है। लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में एक तिहाई सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित करना न तो कोई रियायत है और न ही दिखावा। यह अधिक प्रतिनिधि और प्रभावी लोकतंत्र की दिशा में एक जरूरी कदम है।

**खेलों ने हमें क्या सिखाया है**

जब मैंने 1984 के लॉस एंजिल्स ओलंपिक में हिस्सा लिया और कुछ ही सेकंड के अंतर से पदक से चूक गई, तब बहुत कम भारतीय लड़कियां थीं, जो वैश्विक मंच पर खुद को देख पाती थीं। लेकिन पिछले कई दशकों में यह स्थिति बदली है। प्रशिक्षण, बुनियादी ढांचे और पहचान तक पहुंच में सुधार के साथ, भारतीय महिलाएं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रमुखता हासिल करने लगीं है। पीवी सिंधु, मीराबाई चानू, विनेश फोगाट और मैरी कॉम जैसी एथलीटें अकेले नहीं उभरीं। वे एक ऐसी व्यवस्था का परिणाम हैं, जिसने धीरे-धीरे ही सही, पहुंच को व्यापक बनाना शुरू किया। प्रतिनिधित्व आकांक्षाएं पैदा करता है और आकांक्षा, जब समर्थित होती है, तो उपलब्धि दिलाती है। सबक साफ है। जब महिलाओं को स्थान दिया जाता है, तो वे व्यवस्था में केवल भाग नहीं लेतीं, वे शानदार प्रदर्शन भी कर दिखाती हैं।

**हर भारतीय के लिए बेहतर शासन**

भारत में जमीनी स्तर पर महिलाओं के नेतृत्व का प्रभाव पहले ही देखा जा चुका है। 73वें संवैधानिक संशोधन द्वारा पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं के लिए आरक्षण लागू किए जाने के बाद से, विभिन्न राज्यों में किए गए कई अध्ययनों से पता चला है कि महिला प्रतिनिधियों के नेतृत्व वाले क्षेत्रों में पेयजल, स्वच्छता, शिक्षा और प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल तक पहुंच में सुधार हुआ है।

यह महज महिलाओं के मुद्दे नहीं हैं, बल्कि यह राष्ट्रीय प्राथमिकताएं हैं। महिला नेता अक्सर सुरक्षित सार्वजनिक स्थान, सुचारू रूप से चलने वाले स्कूल, पोषण और स्वास्थ्य सेवाओं जैसी शासन से जुड़ी उन रोजमर्रा की चुनौतियों पर ध्यान केंद्रित करती हैं, जो परिवारों और समुदायों को सीधे तौर पर प्रभावित करती हैं। इस प्रतिनिधित्व को राज्य विधानसभाओं और संसद तक विस्तारित करना केवल निष्पक्षता की बात नहीं है। यह शासन की गुणवत्ता में सुधार से जुड़ा है।

**प्रतिनिधित्व का आर्थिक महत्व**

भारत में महिला श्रम बल की भागीदारी विश्व में सबसे कम है, जो लगभग 25 प्रतिशत के आसपास है। यह केवल एक सामाजिक चिंता नहीं, बल्कि एक आर्थिक समस्या भी है। विधानसभाओं में महिलाओं का अधिक प्रतिनिधित्व उन नीतियों को प्राथमिकता देने में मदद कर सकता है, जो इस अप्रयुक्त क्षमता को उजागर करती हैं, जैसे किफायती बाल देखभाल, सुरक्षित कार्यस्थल, ऋण तक पहुंच और महिला उद्यमियों के लिए समर्थन। मैकिन्से ग्लोबल इंस्टीट्यूट का अनुमान है कि लैंगिक समानता को बढ़ावा देने से भारत की जीडीपी में 700 बिलियन डॉलर तक की वृद्धि हो सकती है। अधिक समावेशी संसद न केवल एक लोकतांत्रिक आवश्यकता है, बल्कि एक आर्थिक अनिवार्यता भी है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# क्या मछली और झलमुड़े की राजनीति से समाज का भला होगा





रोहित कौशिक

पश्चिम बंगाल में एक तरफ अनुराग ठाकुर द्वारा मंगलवार को मछली खाने का वीडियो वायरल हो गया तो दूसरी तरफ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पश्चिम बंगाल के झारग्राम में एक दुकान से झालमुड़ी खरीदने का वीडियो भी वायरल हो गया। इस समय देश की राजनीति इन दोनों घटनाओं के इर्द-गिर्द घूम रही है। सोशल मीडिया पर इन दोनों घटनाओं पर लोग तरह तरह की टिप्पणियां कर रहे हैं। इलेक्टानिक चौनलों का एक वर्ग तो झालपुड़ी पत्रकारिता में ही लगा हुआ है और मोदी जी की झालपुड़ी खरीदने वाली घटना को नमक-मिर्च लगाकर बेचा रहा है। पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के दौरान तरह-तरह की तस्वीरें और घटनाएं सामने आ रही हैं। प्रचार के लिए कोलकाता पहुंचे भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर का एक वीडियो वारयल हो रहा है। इस वीडियो में अनुराग ठाकुर मछली खाते हुए दिखाई दे रहे हैं। अनुराग ठाकुर के माथे पर तिलक लगा है। गले में भगवा पटका है और वे मछली खा रहे हैं। लोग यह सवाल उठा रहे हैं कि सनातन धर्म और संस्कृति की बात करने वाली भाजपा के सांसद मंगलवार को मछली खा रहे हैं। अक्सर सनातन धर्म को मानने लोग मांस, मदिरा और प्याज का सेवन नहीं करते हैं। दरअसल यदि अनुराग ठाकुर की जगह अखिलेश यादव या राहुल गांधी मंगलवार को मछली खा रहे होते तो भाजपा वाले धर्म और संस्कृति की दुहाई देकर अखिलेश यादव और राहुल गांधी को सनातन धर्म विरोधी साबित कर देते। इस घटना पर अखिलेश यादव ने लिखा कि कथनी और करनी के बीच के अंतर ने भाजपा समर्थकों की पोल खोल दी है। आम आदमी पार्टी के नेता सौरभ भारद्वाज ने अनुराग ठाकुर का वीडियो शेयर करते हुए सोशल मीडिया पर लिखा कि मंगलवार को माथे पर तिलक लगाकार मांसाहारी भोजन, वोट पाने के लिए हुनमान जी का अपमान करने को भी तैयार। दरअसल एक स्वस्थ लोकतंत्र में हर इंसान को यह स्वतंत्रता होनी चाहिए कि वह क्या खाए या क्या न खाए। भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर पर सवाल इसलिए उठ रहा कि धर्म और संस्कृति की बात करने वाली भाजपा के कुछ लोग मांस-मछली खाने से रोकते हैं और मारपीट करते हैं। ऐसे लोग कई जगह मंगलवार को चिकन-मछली की दुकान भी बंद करा देते हैं। दरअसल जब कोई दूसरा इस तरह का काम करता है तो हिन्दू भावनाएं आहत हो जाती हैं लेकिन अब अनुराग ठाकुर मंगलवार को तिलक लगाकर मछली खाते हैं तो हिन्दू भावनाएं आहत नहीं होती हैं। दूसरों के साथ धर्म संस्कृति के नाम पर मारपीट की जाती है लेकिन जब भाजपा के कुछ लोग धर्म और संस्कृति को दरकिनार कर देते हैं तो वे तब भी संस्कारी बने रहते हैं। कांवड़ यात्रा के दौरान मांस-मछली की दुकानें बंद कराने वाले हिन्दू संगठन और भाजपा को मानने वाले कुछ लोग अनुराग ठाकुर के मंगलवार को तिलक लगाकर मछली खाने वाली घटना पर चुप्पी साध लेते हैं। दूसरी तरफ पश्चिम बंगाल के झारग्राम में प्रधानमंत्री जी द्वारा झालपुड़ी खरीदने की घटना पर भी विवाद हो गया। विपक्षी दल यह आरोप लगा रहे हैं कि प्रधानमंत्री जी द्वारा झालपुड़ी खरीदने की घटना स्वाभाविक नहीं थी। इस घटना को इस तरह प्रदर्शित किया गया कि जैसे प्रधानमंत्री जी स्वाभाविक रूप से आम दुकानदार से मिलकर दस रुपये में खाने की सामग्री खरीद रहे हैं। विपक्षी पार्टियों का आरोप है कि यह पहले से तय कार्यक्रम के तहत ही हो पाया। क्योंकि झालमुड़ी की दुकान में कैमरे लगे थे। यानी यह सारी कवायद प्रधानमंत्री जी का एक चुनावी हथकडा था। रही सही कसर कुछ इलेक्टानिक चैनलों ने पूरी कर दी। कुछ इलेक्टानिक चौनलों ने प्रधानमंत्री के झालमुड़ी खरीदने को ऐसे प्रदर्शित किया कि जैसे आज तक किसी प्रधानमंत्री ने इतनी मानवता और इंसानियत का काम नहीं किया। झालमुड़ी पत्रकारिता ने भी पत्रकारिता की नैतिकता पर कई सवाल उठा दिए। इसके साथ ही तृणमूल कांग्रेस ने आरोप लगाया कि झालग्राम में झालमुड़ी खाने के लिए समय बढ़ाने के कारण सुरक्षा कारणों से हेमंत सोरेन की लैंडिंग की अनुमति नहीं मिली जिसके कारण रैली रद्द करन पड़ी। दरअसल चुनावी हथकंडा अपनाना बुरी बात नहीं है। चुनाव है तो चुनावी हथकंडे अपनाए भी जाएंगे। अक्सर सभी राजनेता चुनावी हथकंडे अपनाते ही है। लेकिन चुनावी हथकंडे अपनाते समय स्वयं को ईमानदार दिखाने की कोशिश कई सवाल खड़े करती है। इसलिए एक तरफ अनुराग ठाकुर का मंगलवार के दिन मछली खाना तो दूसरी तरफ प्रधानमंत्री जी का झालपूड़ी खरीदना विवाद का विषय बन गया। राजनीति में ऐसे विवाद अक्सर होते रहते हैं। लेकिन इस दौर में विवादों को राजनीति का मूल मंत्र बना दिया गया है। इस दौर की राजनीति में जिस तरह से खोखला आदर्शवाद पनप रहा है वह कई सवाल खड़े कर रहा है। राजनीति में स्वयं को ईमानदार और दूसरों को पापी साबित करने की प्रवृत्ति बढ़ रही है। यह प्रवृत्ति राजनीति के मूल चरित्र को कठघरे में खड़ा कर रही है। राजनीति में मुद्दों पर बात होनी चाहिए, लेकिन इस दौर में मुद्दों पर बात कम हो गई है और व्यक्तिगत बातों पर ज्यादा ध्यान केन्द्रित किया जा रहा है। इस सारी प्रक्रिया में सबसे दुखद यह है कि धीरे-धीरे राजनीति में नफरत की भावना बढ़ती जा रही है। राजनीति में नफरत की यह भावना स्वयं नहीं बढ़ी है बल्कि जानबूझकर पैदा की गई है। साम्प्रदायिक राजनीति को ही असली राजनीति समझ लिया गया है। यही कारण है कि धर्म के नाम पर राजनीति में इंसानियत खत्म हो जा रही है। राजनीति के इस नकारात्मक भाव के लिए आम जनता में भी कोई हलचल या गुस्सा नहीं है। आम जनता से ही इसे ही अपनी नियति समझ लिया है। बल्कि कई बार तो आम जनता राजनीति की बदलती धारा में स्वयं ही शामिल हो जाती है। आम जनता को भी हिन्दू-मुस्लिम की राजनीति भाने लगती है। यही कारण है कि इस दौर में मूल समस्याओं के लिए होने वाले आन्दोलन कमजोर हो गए हैं। कुछ कुटिल राजनेता और समाज के कुछ ठेकेदार मिलकर एक ऐसा वातावरण बना रहे हैं, जिससे समाज के विभिन्न वर्गों और धर्मों के लोगो के बीच आपसी विश्वास कम हुआ है। सवाल यह है कि राजनीति की यह बदलती प्रवृत्ति क्या भविष्य में हमें अंधकार की तरफ धकेल रही है ? ऐसे ही अनेक प्रश्नों पर गंभीरता के साथ चिंतन का समय अब आ गया है। राजनीति से समाज में कुछ सकारात्मक बदलाव होने चाहिए लेकिन दुखद यह है इस दौर की राजनीति से समाज में सकारात्मक बदलाव नहीं हो पा रहे हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)



तमिलनाडू। विधानसभा चुनाव में अपना वोट डालने के लिए चेन्नई के मतदान केंद्र पर पहुंचे अभिनेता रजनीकांत।

## होर्मुज में विदेशी जहाजों पर सवार भारतीय नागरिक सुरक्षितः सरकार

**नई दिल्ली।** सरकार ने आश्वस्त किया है कि पश्चिम एशिया के होर्मुज जलडमरूमध्य में जिन दो विदेशी जहाजों पर हमला किया गया है उन पर सवार सभी भारतीय नाविक सुरक्षित हैं और सरकार स्थिति पर नजर बनाए हुए है। दूसरी ओर रसोई गैस की कालाबाजारी और जमाखोरी के खिलाफ देश भर में अभियान जारी है और अब तक 1.5 लाख से अधिक छापे मारे गये हैं और 66000 से अधिक सिलेंडर जब्त किए गए हैं। पश्चिम एशिया संकट के कारण उपजी स्थिति की जानकारी देने के लिए गुरुवार को यहां आयोजित संवाददाता सम्मेलन में विभिन्न मंत्रालयों के वरिष्ठ अधिकारियों ने कहा कि पश्चिम एशिया की स्थिति के कारण देश में कच्चे तेल और एलपीजी की आपूर्ति प्रभावित है।

## राजनाथ सिंह ने पनडुब्बी बनाने वाले संयंत्र का दौरा किया

**बर्लिन।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अपने आधिकारिक दौरे के दौरान जर्मनी के कील शहर में टीकेएमएस के पनडुब्बी बनाने वाले संयंत्र का दौरा किया। वहां उन्हें नौसेना की आधुनिक तकनीकों और क्षमताओं के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरे में उनके साथ जर्मनी के रक्षा मंत्री बोरिस पिस्टोरियस भी मौजूद थे। यह सुविधा आधुनिक और उन्नत पनडुब्बियां बनाने के लिए जानी जाती है। रक्षा मंत्री ने बुधवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए इस दौरे को काफी जानकारी देने वालाश बताया। उन्होंने कहा कि यहां दिखाई गई तकनीक और संचालन क्षमता काफी प्रभावशाली है। उन्होंने यह भी कहा कि इस दौरे से उन्हें आधुनिक पनडुब्बी निर्माण और समुद्री क्षेत्र में हो रहे नए विकास को करीब से समझने का मौका मिला, जो आज के समय में वैश्विक सुरक्षा के लिए बहुत अहम है।

# दोस्तों को गिफ्ट-दुश्मनों को मिलेगी सजा

## ट्रम्प का नहीं दिया था साथ, व्हाइट हाउस बना रहा नाटो देशों की सूची

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प प्रशासन ने नाटो (नाटो) देशों की एक खास सूची तैयार की है। इस सूची को शरारती और अच्छे सहयोगियों का नाम दिया गया है। कथित तौर पर इस सूची के जरिए उन देशों की पहचान की गई है जिन्होंने ईरान के साथ चल रहे युद्ध में अमेरिका का साथ दिया है।

इसे एक ऐसे कदम के तौर पर देखा जा रहा है, जिसका मकसद, अमेरिका के साथ खड़े देशों को इनाम मिलेगा और पीछे हट गए देशों को सजा भुगतनी पड़ सकती है। बताया जा रहा यह सूची नाटो के महासचिव मार्क रुटे की इसी महीने हुई वाशिंगटन यात्रा से पहले तैयार की गई थी। रिपोर्ट के मुताबिक, इस विचार की शुरुआत दिसम्बर में अमेरिकी युद्ध सचिव पीट हेगसेथ ने की थी। उन्होंने एक रक्षा मंच पर कहा था कि जो देश आदर्श सहयोगी की तरह व्यवहार करेंगे, अमेरिका उन्हें विशेष सुविधाएं देगा। वहीं, जो देश अपनी सामूहिक रक्षा की जिम्मेदारी पूरी नहीं करेंगे, उन्हें इसके गंभीर नतीजे झेलने होंगे। अमेरिका इस सूची के हिसाब से नाटों के कुछ सदस्यों देशों को सजा देने के लिए कदम उठा सकता है। इसमें उन



■ अमेरिका इस सूची के हिसाब से नाटों के कुछ सदस्यों देशों को दंड देने के मूड में


देशों से अमेरिकी सैनिकों को हटाकर दूसरी जगह तैनात करना या उन्हें आधुनिक अमेरिकी सैन्य तकनीक बेचने पर रोक लगाना शामिल हो सकता है। हालांकि, कुछ जानकारों का मानना है कि सैनिकों को हटाना खुद अमेरिका के लिए भी नुकसानदेह हो सकता है। उनका कहना है कि अमेरिका के पास सहयोगियों को सजा देने के लिए कोई ठोस योजना नहीं दिखती। व्हाइट हाउस ने अभी तक आधिकारिक तौर पर इस सूची के बारे में कुछ नहीं कहा है। लेकिन माना जा रहा है कि पोलैंड और रोमानिया जैसे देशों को अच्छे देशों की श्रेणी में रखा जाएगा। पोलैंड अपनी रक्षा पर बहुत ज्यादा पैसा खर्च कर रहा है, जिसकी अमेरिका ने तारीफ की है। वहीं, रोमानिया ने ईरान युद्ध से जुड़े ऑपरेशनों के लिए अमेरिका को अपने एयरबेस इस्तेमाल करने की इजाजत दी है। इसके उलट, नाटो के ज्यादातर देशों ने खाड़ी के युद्ध में शामिल होने से साफ मना कर दिया है। राष्ट्रपति ट्रम्प इस बात से काफी नाराज हैं। ट्रम्प ने हाल ही में एरिजोना में एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि नाटो देशों ने होर्मुज जलडमरूमध्य को दोबारा खुलवाने में बहुत देर से मदद की पेशकश की। उन्होंने कहा, मैंने उनसे कह दिया कि मुझे दो महीने पहले आपकी मदद चाहिए थी, अब मुझे आपकी मदद की कोई जरूरत नहीं है। जब हमें आपकी सबसे ज्यादा जरूरत थी, तब आप बिल्कुल बेकार साबित हुए। ट्रम्प ने यह भी दावा किया कि अमेरिका को कभी उनकी जरूरत नहीं थी, बल्कि उन्हें अमेरिका की जरूरत है। उन्होंने कहा कि अब अमेरिका को आत्मनिर्भर बनने की जरूरत है। ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर भी अपनी भड़ास निकाली।

## अमेरिका में केमिकल लीक होने से दो की मौत, 19 बीमार

**वर्जीनिया।** अमेरिका के वेस्ट वर्जीनिया में एक केमिकल प्लांट में बड़ा हादसा हो गया। यहां एक फैक्ट्री में जहरीली गैस के लीक होने से दो लोगों की मौत हो गई, जबकि 19 लोग बीमार हो गए हैं, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह हादसा इंस्टीटयूट इलाके में स्थित कैटेलिस्ट रिफाइनर्स नाम के प्लांट में हुआ। बताया जा रहा है कि जब कर्मचारी फैक्ट्री के एक हिस्से को बंद करने की तैयारी कर रहे थे, तभी अचानक केमिकल रिएक्शन हो गया। अधिकारियों के मुताबिक, नाइट्रिक एसिड और किसी अन्य पदार्थ के बीच तेज प्रतिक्रिया हुई, जिससे जहरीली गैस निकलने लगी। इस घटना में राहत और बचाव के लिए पहुंचे एम्बुलेंस कर्मी भी प्रभावित हुए, जिनमें सात लोग शामिल हैं। कई घायलों को निजी गाड़ियों से अस्पताल ले जाया गया, यहां तक कि एक व्यक्ति को कचरा ढोने वाली गाड़ी से अस्पताल पहुंचाना पड़ा। इस हादसे के बाद आसपास के इलाके में कुछ घंटों के लिए लोगों को घरों में ही रहने का आदेश दिया गया। बाद में हालात सामान्य होने पर यह आदेश हटा लिया गया। अधिकारियों ने बताया कि सभी मौतें और घायल लोग फैक्ट्री परिसर के अंदर ही थे।

# फारस की खाड़ी-होर्मुज में तेल रिसाव का खतरा

## कई बड़े तिल रिसाव अंतरिक्ष से दिखाई दिए, उपग्रह तस्वीरों में लावान द्वीप से कुवैत तट तक असर दिखा





■ एक सैटेलाइट तस्वीर में ईरान के केश्म द्वीप के पास होर्मुज जलडमरूमध्य में पांच मील से अधिक क्षेत्र में फैला तेल देखा गया
■ शिदवर द्वीप फारस की खाड़ी में स्थित एक कोरल द्वीप है

**दुबई।** अमेरिका और ईरान से जुड़े सैन्य हमलों के बाद फारस की खाड़ी और होर्मुज जलडमरूमध्य में कई बड़े तेल रिसाव अंतरिक्ष से दिखाई दिए हैं। उपग्रह तस्वीरों में ईरान के केश्म द्वीप, लावान द्वीप और कुवैत तट के पास समुद्र में फैला तेल साफ नजर आ रहा है।

विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि यदि स्थिति पर जल्द नियंत्रण नहीं पाया गया तो यह क्षेत्र समुद्री जैव विविधता, तटीय आबादी और पेयजल आपूर्ति के लिए बड़े पर्यावरणीय संकट में बदल सकता है। सीएनएन के अनुसार उपग्रह चित्रों ने न केवल तेल सुविधाओं और जहाजों पर हमलों से हुई क्षति को उजागर किया है बल्कि फारस की खाड़ी के नाजुक पारिस्थितिकी तंत्र पर मंडरा रहे खतरे को भी सामने रखा है। इस क्षेत्र में फैला तेल तटीय समुदायों की आजीविका, मछली पालन, समुद्री जीवों और समुद्री जल को मीठा बनाने वाले संयंत्रों तक को प्रभावित कर सकता है। एक सैटेलाइट तस्वीर में ईरान के केश्म द्वीप के पास होर्मुज जलडमरूमध्य में पांच मील से अधिक क्षेत्र में फैला तेल देखा गया। शिदवर द्वीप फारस की खाड़ी में स्थित एक कोरल द्वीप है। यह कछुओं, समुद्री पक्षियों और अन्य वन्यजीवों के लिए महत्वपूर्ण आवास माना जाता है। विशेषज्ञों का कहना है कि तेल रिसाव ऐसे क्षेत्रों में पहुंचने पर समुद्री जीवों के प्रजनन, भोजन श्रृंखला और पूरे पारिस्थितिकी तंत्र पर दीर्घकालिक असर डाल सकता है। छह अप्रैल को कुछ उपग्रह तस्वीरों में कुवैत के तट के पास भी तेल फैला दिखाई दिया। ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कार्प्स ने कहा था कि उसने उसी दिन खाड़ी देशों की ईंधन और पेट्रोकेमिकल सुविधाओं को निशाना बनाया। डच शांति संगठन पैक्स के परियोजना प्रमुख विम ज्वाइनेनबर्ग ने चेतावनी दी कि इन तेल रिसावों का असर लाखों लोगों पर पड़ सकता है, खासकर ईरान के तटीय इलाकों में रहने वाले लोगों पर। मछलियों के प्रदूषित होने से मछुआरों की आय और खाद्य सुरक्षा दोनों प्रभावित हो सकती हैं। यह तेल समुद्री कछुओं, डाल्फिन और व्हेल जैसे जीवों के लिए भी गंभीर खतरा है। ये जीव या तो तेल निगल सकते हैं या उसमें फंस सकते हैं। इसके अलावा समुद्री जल को साफ कर पीने योग्य बनाने वाले डिसैलिनेशन प्लांट्स भी प्रभावित हो सकते हैं।

## अमेरिका ने रूसी तेल खरीद पर छूट बढ़ाई, 10 से अधिक देशों को राहत



**वाशिंगटन।** अमेरिकी वित्त मंत्री स्काट बेसेंट ने कहा कि उन्होंने रूसी तेल की बिक्री की अनुमति देने वाली प्रतिबंध छूट को आगे बढ़ाया है। यह फैसला दुनिया के 10 से अधिक 'सबसे कमजोर और सबसे गरीब' देशों के ऊर्जा जरूरतों को देखते हुए लिया गया। उन्होंने बताया कि यह अनुरोध पिछले हफ्ते अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और विश्व बैंक की बैठक के दौरान सामने आया था। बेसेंट ने सीनेट की विनियोग समिति के सामने यह बयान दिया। उन्होंने कहा कि पहले उनका विचार था कि यह छूट आगे नहीं बढ़ाई जाएगी। लेकिन बाद में ऊर्जा संकट से जूझ रहे 10 से अधिक देशों ने अमेरिका से इसे बढ़ाने की अपील की। इसके बाद केवल 30 दिनों के लिए प्रतिबंधों पर यह छूट दी गई। पिछले हफ्ते अमेरिकी वित्त मंत्रालय ने घोषणा की थी कि रूसी या ईरानी तेल की बिक्री के लिए दी गई छूट आगे नहीं बढ़ाई जाएगी। लेकिन शुक्रवार रात को मंत्रालय ने अचानक प्रतिबंधों पर छूट को 30 दिन के लिए बढ़ा दिया। बेसेंट ने कहा, इस हफ्ते विश्व बैंक और आईएमएफ की बैठक थी। मेरा मानना था कि हम इसे आगे नहीं बढ़ाएंगे। लेकिन दस से अधिक कमजोर और गरीब देशों ने हमसे अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि ऊर्जा संकट के कारण इसे आगे बढ़ाया जाए। इसलिए हमने केवल 30 दिनों के लिए छूट दी। इससे पहले अमेरिका ने भारत को रूसी तेल खरीदने के लिए 5 मार्च से एक महीने के लिए प्रतिबंधों पर छूट दी थी। कुछ दिनों बाद इसी तरह की छूट कई अन्य देशों को भी दी गई थी, जो 11 अप्रैल को समाप्त हो गई थी।

## ईरान में युद्ध के बाद शिक्षा बहाली तेज

■ शिक्षा व्यवस्था को पटरी पर लाने के प्रयास आगे बढ़े, 1300 में से 775 स्कूलों की मरम्मत पूरी

**तेहरान।** अमेरिका-इजरायल एयर स्ट्राइक के बाद 40 दिन तक चले संघर्ष में ईरान के कई स्कूल और बुनियादी ढांचे क्षतिग्रस्त हो गए। इस बीच शिक्षा व्यवस्था को पटरी पर लाने के प्रयास तेज कर दिए गए हैं। शिक्षा मंत्री अलीरेजा काजेमी ने बताया कि प्रभावित 1,300 स्कूलों में से 775 की मरम्मत पूरी हो चुकी है।

आईआरएनए के अनुसार, करीब 20 स्कूल पूरी तरह नष्ट हो गए, जबकि तेहरान, केर्मानशाह, इस्फहान और होर्मोजगान प्रांत सबसे ज्यादा प्रभावित रहे। गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त स्कूलों की मरम्मत अक्टूबर तक पूरी होने की उम्मीद है। हमलों के बावजूद पढ़ाई जारी रखने के लिए कुछ जगहों पर ऑफलाइन और अन्य स्थानों पर ऑनलाइन कक्षाएं चलाई गईं, जिसमें ईरानियन टेलीविजन स्कूल ने अहम भूमिका निभाई। छात्रों और शिक्षकों के मानसिक स्वास्थ्य के लिए काउंसलिंग सेवाएं भी उपलब्ध कराई गईं। मिनाब के शजराह तैयबा प्राइमरी स्कूल पर मिसाइल हमले में मारे गए 170 लोगों की याद में स्कूलों में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस हमले में अधिकांश छात्राएं और शिक्षक शामिल थे। सरकार का कहना है कि शिक्षा व्यवस्था को सामान्य बनाए रखना उसकी प्राथमिकता है, ताकि छात्रों की पढ़ाई प्रभावित न हो।

## मेरे अनुरोध पर ईरान में आठ महिलाओं की फांसी पर लगी रोक, चार की रिहाई होगी: ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया कि ईरान में आठ महिलाओं को अब फांसी नहीं दी जाएगी। इनमें से चार महिलाओं को तुरंत रिहा किया जाएगा और शेष चार को एक महीने की जेल की सजा दी जाएगी। ट्रम्प ने कहा कि वह इस फैसले का स्वागत करते हैं। अपने प्लेटफार्म 'ट्रुथ सोशल' पर एक पोस्ट में ट्रम्प ने लिखा कि बहुत अच्छी खबर है। मुझे अभी-अभी सूचना मिली है कि ईरान में आज रात जिन महिला प्रदर्शनकारियों को फांसी दी जानी थी, उन्हें अब फांसी नहीं दी जाएगी। चार को तुरंत रिहा किया जाएगा और चार को एक महीने की जेल की सजा दी जाएगी।

# भारत के साथ व्यापारिक मुद्दों पर सहमति बनाना आसान नहीं

■ व्यापार समझौते पर बोले अमेरिकी प्रतिनिधि

**वाशिंगटन।** भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर जारी वार्ता के बीच अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जैमीसन ग्रीर ने भारत को लेकर बड़ा बयान दिया है।

उन्होंने कहा कि भारत एक 'टफ नट टू क्रैक' है, यानी भारत के साथ व्यापारिक मुद्दों पर सहमति बनाना आसान नहीं है। ग्रीर ने यह टिप्पणी अमेरिकी कांग्रेस की समिति के सामने की। उन्होंने कहा कि भारत लंबे समय से अपने कृषि बाजारों की सुरक्षा करता आया है और मौजूदा व्यापार वार्ता में भी वह कई क्षेत्रों को संरक्षित रखना चाहता है। उन्होंने कहा कि भारत अपने घरेलू हितों को प्राथमिकता देता है, खासकर कृषि क्षेत्र में, इसलिए बातचीत आसान नहीं है। हालांकि उन्होंने यह भी माना कि कुछ क्षेत्रों में दोनों देशों के बीच सहमति बनने की संभावना है। वाणिज्य विभाग के अतिरिक्त सचिव दर्पण जैन के नेतृत्व में 12 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने दक्षिण और मध्य एशिया के लिए सहायक अमेरिकी विदेश मंत्री ब्रेंडन लिंच के नेतृत्व वाली अमेरिकी टीम के साथ व्यापार समझौते के बारीक बिंदुओं पर बातचीत की। तीन दिवसीय वार्ता बुधवार को समाप्त हुई। ग्रीर ने बुधवार को अमेरिकी कांग्रेस की कमेटी आन वेज एंड मीन्स को बताया कि भारत एक कठिन चुनौती है.उन्होंने बहुत लंबे समय से अपने कृषि बाजारों की रक्षा की है। उन्होंने कहा कि इस समझौते के तहत वे इनमें से कई चीजों की रक्षा करना चाहते हैं। हालांकि, कुछ ऐसे मुद्दे हैं जिन पर मुझे लगता है कि हम आपसी सहमति बना सकते हैं। डीडीजी (डिस्टिलर्स ड्राइड ग्रेन्स) इसका एक अच्छा उदाहरण है। ग्रीर सांसदों द्वारा डीडीजी के निर्यात पर पूछे गए सवालों का जवाब दे रहे थे, जिनका उपयोग उच्च प्रोटीन वाले पशुधन चारे, सोयाबीन मील और इथेनाल के रूप में किया जाता है।

## अमेरिका के साथ व्यापार समझौते की बातचीत रचनात्मकः भारत

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि भारत और अमेरिका ने प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर वार्ता तेज कर दी है। यह 'रचनात्मक' बातचीत वाशिंगटन में हो रही है जिसका उद्देश्य संतुलित और भविष्य पर आधारित समझौता करना है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि वार्ता का ध्यान पारस्परिक चिंताओं और प्राथमिकताओं का समाधान निकालने पर है, साथ ही 2030 तक 500 अरब डॉलर के द्विपक्षीय व्यापार लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में भी काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत से एक टीम द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर वार्ता के लिए वाशिंगटन गई है।

# अमेरिकी नौसेना सचिव जान फेलन ने अचानक छोड़ा पद

## हंग काओ बने कार्यवाहक सचिव

**वाशिंगटन।** पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच पेंटागन ने बुधवार को अचानक घोषणा की कि नौसेना सचिव जान फेलन अपना पद छोड़ रहे हैं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के दूसरे कार्यकाल में किसी सैन्य सेवा के प्रमुख का यह पहला इस्तीफा है।

हालांकि, रक्षा विभाग में पिछले कुछ समय से कई बड़े अधिकारियों को हटाया जा रहा है। फेलन के अचानक हटने का कोई कारण नहीं बताया गया है। यह फैसला ऐसे समय आया है जब अमेरिकी नौसेना ने ईरानी बंदरगाहों की घेराबंदी कर रखी है और दुनिया भर में तेहरान से जुड़े जहाजों को निशाना बना रही है। अब ट्रम्प के करीबी और अंडरसेक्रेटरी हंग काओ नौसेना के कार्यवाहक सचिव की जिम्मेदारी

■ यह फैसला ऐसे समय आया है जब अमेरिकी नौसेना ने ईरानी बंदरगाहों की घेराबंदी कर रखी है



संभालेंगे। काओ नौसेना में 25 साल तक रहे हैं और उनके पास युद्ध का अनुभव भी हैं। फेलन का पद से हटना पेंटागन के शीर्ष नेतृत्व में फेरबदल की एक लंबी कड़ी का हिस्सा हो सकता है। कुछ हफ्ते पहले ही रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने सेना के शीर्ष अधिकारी जनरल रैंडी जार्ज को पद से हटा दिया था। हेगसेथ ने पिछले साल पद संभालने के बाद से कई जनरलों और एडमिरलों को हटाया है। इनमें एडमिरल लीसा फेंचेती और जनरल जिम स्लाइफ भी शामिल हैं। ट्रम्प ने जनरल चार्ल्स सीक्यू ब्राउन जूनियर को भी उनके पद से हटा दिया है। फेलन का इस्तीफा बहुत चौंकाने वाला है। उन्होंने मंगलवार को ही वाशिंगटन में नौसेना के एक सम्मेलन में हिस्सा लिया था। वहां उन्होंने पत्रकारों से अपने एजेंडे पर बात की थी। उन्होंने सांसदों के साथ बजट और नए जहाज बनाने की कोशिशों पर भी चर्चा की थी। हालांकि, पेंटागन के प्रवक्ता शान पार्नेल ने बताया कि फेलन तुरंत अपना पद छोड़ रहे हैं।

# लश्कर-जैश पर नकेल कसे पाक

## पहलगाम हमले की बरसी पर अमेरिकी सांसदों ने एक सुर में उठाई मांग

■ वाशिंगटन में भारतीय दूतावास ने आतंकवाद की मानवीय कीमत विषय पर एक प्रदर्शनी लगाई थी
■ शर्मन ने 2025 के पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों को याद किया

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सांसद ब्रैड शर्मन ने पाकिस्तान से लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए- मोहम्मद जैसे आतंकी संगठनों पर सख्त कार्रवाई करने को कहा। वाशिंगटन में भारतीय दूतावास ने आतंकवाद की मानवीय कीमत विषय पर एक प्रदर्शनी लगाई थी। इस दौरान शर्मन ने 2025 के पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों को याद किया।

इस हमले में 26 निर्दोष लोग मारे गए थे। शर्मन ने कहा कि पहलगाम हमले के पीछे द रेजिस्टेंस फ्रंट का हाथ था, जिसका संबंध लश्कर-ए-तैयबा से है। खबरों के मुताबिक, इन समूहों को पाकिस्तान में पनाह मिलती है। डेमोक्रेट नेता शर्मन ने मांग की कि पाकिस्तानी सरकार को इन आतंकी गुटों पर नकेल कसने की मांग की। यह प्रदर्शनी ऐसे समय में हुई जब पाकिस्तान खुद को शांतिदूत के रूप में पेश कर रहा है और अमेरिका-ईरान युद्ध को रोकने के लिए मध्यस्थता की कोशिश कर रहा है। इस डिजिटल प्रदर्शनी में 1993 के मुंबई बम धमाकों, 2008 के मुंबई हमलों और पहलगाम हमले की तस्वीरें दिखाई गईं। इसमें उन आतंकी संगठनों और लोगों की पहचान भी उजागर की गई जो पाकिस्तान से अपनी गतिविध्यिां चलाते हैं। अमेरिका में भारत के राजदूत विनय मोहन क्वात्रा ने कहा कि आतंकवाद मानवता को नष्ट करना चाहता है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस संकल्प को दोहराया जिसमें भारत आतंकवाद को हराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। प्रदर्शनी में रिपब्लिकन और डेमोक्रेटिक दोनों पार्टियों के कई बड़े सांसद शामिल हुए। इस दौरान सांसद लिसा मैक्लेन ने कहा कि आतंकवाद से लड़ने के लिए खुफिया जानकारी साझा करना और मिलकर काम करना ही सही रास्ता है। वहीं, सांसद रो खन्ना ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की याद दिलाई। उन्होंने कहा कि वाजपेयी ने 1990 के दशक में ही इस खतरे की चेतावनी दी थी, लेकिन तब कम ही लोगों ने इसे गंभीरता से लिया था। इस दौरान 7 मई 2025 को भारत के ऑपरेशन सिंदूर का भी जिक्र किया गया।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

देश/विदेश से एम.बी.बी.एस, एवं स्टडी वीजा के लिए सम्पर्क करें
• रशिया
• जॉर्जिया
• कजाखस्तान
• किर्गिज़स्तान
• उज्बेकिस्तान
• बांग्लादेश
• नेपाल
• चाईना
• ईरान
• इजिप्ट
• यू.के.
• कनाडा
• यू.एस.ए.
और भी देशों से
Since 2010
अन्जुम कलीम (एम.डी.) 8384872313 9457439020
M.B.B.S./M.D.
BDS, BAMS, BUMS, BEMS
Abroad Admission & Counselling For India
• Top Govt. Universities.
• MCI, WHO Approved Universities.
• Indian Hostel & Mess Available.
• Lowest Price Packages.
• Boys/Girls Hostels Are Separates Available.
अपना एम.बी.बी.एस. 25 से 27 लाख में पूरा करें
जिसमें ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस, खाना 3 टाईम (वेज/नॉनवेज), वीजा एक्सटेंशन, इंश्योरेंस, मेडिकल, ट्रांसपोर्टेशन, लॉन्डरी, एफ.एम.जी. ई. कॉचिंग, 15 इंडियन बेस्ट फैकल्टी के द्वारा दी जा रही है
471 बच्चें जनवरी एफ.एम.जी.ई. एक्जाम में पास हुऐ (अन्य कोई खर्चा नहीं)
www.mbbsbijnor.com
ADD : MBBS ABROAD CONSULTANCY, MOIN KA CHAURAHA, CHAHSHIREEN JAMA MASJID, B-21, BIJNOR (U.P)